ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित



कंगारू बल्लेबाजों के आगे पाकिस्तान... पेज 10 पर


www.rastriyanaveenmail.com • रांची • मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष 03 • विक्रम संवत 2080 • शुक्रवार, 15 दिसंबर 2023 • वर्ष-24 • अंक- 309 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00

# सुरक्षा चूक पर संसद में हंगामा, 14 सांसदों किए गए सस्पेंड

**एजेंसी । नई दिल्ली**

देश की नई संसद में शीतकालीन सत्र चल रहा है, बुधवार को लोकसभा में सुरक्षा चूक के सवाल पर गुरुवार को संसद के दोनों सदनों में जमकर हंगामा हुआ। इसके बाद दोनों सदनों के कुल 14 सांसदों को निलंबित कर दिया गया है। इनमें 13 सांसद लोकसभा से हैं और 1 सांसद राज्यसभा से। पहले 15 सांसदों के निलंबन की बात कही गई थी लेकिन बाद में बताया गया कि लोकसभा द्रमुक सांसद एस आर पार्थिबन को गलती से निलंबित कर दिया गया था, जिसे बाद में वापस ले लिया गया। दरअसल वह सदन में थे ही नहीं। सांसदों के निलंबन के बाद दिनभर के लिए संसद की कार्यवाही स्थगित कर दी गई।

मालूम हो कि 13 दिसंबर को लोकसभा में दर्शक दीर्धा में बैठे दो युवक अचानक सदन में कूद गए थे। सांसदों ने दोनों को पकड़ सुरक्षाकर्मियों के हवाले किया इससे पहले ही एक युवक ने जूते में छिपाकर रखे टियर स्मोग से रंगीन धुआं छोड़ सभी को आतंकित कर दिया था। हालांकि इसमें किसी को कोई चोट नहीं आई लेकिन इसने संसद की सुरक्षा पर कई सवाल खड़े कर दिया। इन सवालों पर गुरुवार को विपक्षी सांसदों ने खूब हंगामा किया। संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि संसद की संपूर्ण सुरक्षा पर नये सिरे से विचार किया जा रहा है साथ ही बुधवार की घटना की उच्च स्तरीय जांच भी की जा रही है। इधर लोकसभा में डीएमके नेता कनीमोझी ने पास जारी करने वाले सांसद प्रताप सिम्हा के खिलाफ महुआ मोइत्रा के तर्ज वा कार्रवाई करने की मांग की। जदयू सांसद राजीव रंजन सिंह ने कहा कि सांसदों को निलंबित करके सरकार अपना फेलियर छिपाना चाहती है। उन्होंने कहा यदि कल संसद में एंट्री करने वाले दो शख्स मुस्लिम होते या किसी कांग्रेस सांसद ने पास जारी किया होता तो सोचें क्या होता। विपक्षी सांसद प्रधानमंत्री या गृह मंत्री अमित शाह के बयान की मांग कर रहे थे। निलंबित होने वालों में टीएमसी के राज्यसभा सांसद डेरेक ओ'ब्रायन भी शामिल है। उन्हें संसद के पूरे सत्र के लिए निलंबित कर दिया गया है। इस मामले पर बात करते हुए संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि, इस मामले को हमें जाति और धर्म से ऊपर उठकर देखना होगा।



सांसद एसआर पार्थिबन को गलती से निलंबित कर दिया गया था, निलंबन वापस लिया गया

### लोस के निलंबित सांसद

बेनी बेहानन, वीके श्रीकंदन, मोहम्मद जावेद, पीआर नटराजन, कनिमोझी करुणानिधि, के सुब्रमण्यम, एस वेंकटेशन, मनिकम टैगोर, टीएन प्रतापन, हिबी ईडन, एस जोथिमणि, राम्या हरिदास और डीन कुरियाकोस शामिल हैं।

### सात दिन की पुलिस हिरासत में भेजे गए संसद के घुसपैठिए

सुरक्षा उल्लंघन के बाद बुधवार को संसद व संसद के बाहर से गिरफ्तार किए गए चार लोगों को पूछताछ के लिए सात दिनों की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस ने तर्क दिया है कि लोकसभा के अंदर पकड़े गए सागर शर्मा और डी मनोरंजन, और संसद के बाहर गिरफ्तार किए गए नीलम देवी और अमोल शिंदे से विस्तार से पूछताछ की जानी है। इससे पहले दिल्ली पुलिस ने संसद के भीतर और बाहर हंगामा करने के आरोप में गिरफ्तार किए गए चार आरोपियों को गुरुवार को यहां की एक विशेष अदालत में पेश किया और इन्हें 15 दिन की पुलिस हिरासत में भेजने का अनुरोध किया। हालांकि कोर्ट ने 7 दिन की रिमांड दी है। दिल्ली पुलिस ने अदालत से कहा कि यह एक सुनियोजित हमला है।

### 13 सांसद शेष कार्यवाही से निलंबित

संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि जब सदन का कामकाज नई संसद भवन में स्थानांतरित हो गया था, तो स्पीकर ने बिजनेस एडवाइजरी कमेटी की बैठक में प्रस्ताव दिया था कि सदस्यों को सदन में तख्तियां नहीं दिखाने के नए संकल्प के साथ काम करना होगा। उस दौरान किसी ने इसका विरोध नहीं किया था। उन्होंने कहा, 13 सांसदों ने बिजनेस एडवाइजरी कमेटी की बैठक में लिए गए फैसले का उल्लंघन किया है। सदन में तख्तियां लेकर आए, इसलिए उन्हें शीतकालीन सत्र की शेष कार्यवाही के लिए निलंबित कर दिया गया है। वहीं राज्यसभा से टीएमसी सांसद डेरेक ओ' ब्रायन को पूरे सत्र से निलंबित कर दिया गया है।

## एक नजर

### पीएम कल सूचना-शिक्षा-संचार वैन को करेंगे रवाना

**भोपाल।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आगामी 16 को विकसित भारत संकल्प यात्रा की पांच राज्यों- मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना, राजस्थान और मिजोरम में सूचना-शिक्षा-संचार वैन को वर्चुअल रवाना करेंगे। यह जानकारी गुरुवार को जनसम्पर्क अधिकारी अवनीश सोमकुवर ने दी। उन्होंने बताया कि सभी राज्य प्रभारियों को अपने-अपने राज्यों में उपयुक्त स्थान चयन करने और प्रधानमंत्री कार्यालय को सूचित करने के निर्देश दिये गये हैं। इसके लिए टू-वे-लिंक उपलब्ध कराया जाएगा।

### राजस्थान के नये सीएम व डिपटी सीएम का शपथ ग्रहण आज

**जयपुर।** राजस्थान के मनोनीत मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और दो उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी व प्रेमचंद बैरवा शुक्रवार को सुबह 11 बजे शपथ लेंगे। शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा शामिल होंगे। कार्यक्रम को लेकर भाजपा के प्रदेश पदाधिकारियों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। अल्बर्ट हॉल (रामनिवास बाग) के बाहर होने वाले इस समारोह को भव्य बनाने के लिए तैयारियां की जा रही हैं।

### ड्रॉप आउट रेट कम करने के लिए होगा 3 से 18 वर्ष के बच्चों का सर्वे

**रांची।** राज्य के सरकारी शिक्षक स्कूलों में मौजूद शिशु पंजी को अपडेट करने के लिए स्कूल क्षेत्र में पड़ने वाले इलाकों में तीन से 18 वर्ष के बच्चों का सर्वे करेंगे। टोले-मुहल्ले में कितने बच्चे हैं। इनमें किस आयु वर्ग के कितने बच्चे स्कूलों में पढ़ रहे हैं, कितने बच्चे ड्रॉप आउट हैं और कितने बच्चों का एडमिशन स्कूल में नहीं है, इसे नोट किया जाएगा। हर साल नामांकन की स्थिति और ड्रॉप आउट दर की स्थिति से अवगत होने के लिए शिशु पंजी को अपडेट किया जाता है, ताकि स्कूल से बाहर रहने वाले बच्चों की पहचान हो सके और ड्रॉप आउट के कारणों का पता चले सके।

### आवासीय परिसर में आयोजित संवाद कार्यक्रम में बोले सीएम

# अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना उद्देश्य

### 2024 के चुनावों में भी अखंडता-एकजुटता का देना है परिचय

### संकल्प के साथ वापस अपने पंचायत व गांव जाएं कार्यकर्ता

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य के अंतिम पायदान के पर बैठे व्यक्ति को सशक्त करना हमारा उद्देश्य है। सरकार इसी उद्देश्य से अपनी नीति और योजनाएं बना कर लागू कर रही है। उक्त बातें मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गुरुवार को अपने आवासीय परिसर में आयोजित संवाद कार्यक्रम में खूंटी, रामगढ़, हजारीबाग, गुमला, रांची, सिमडेगा तथा लोहरदगा जिले से पहुंचे झामुमो के पंचायत स्तर से लेकर केंद्रीय स्तर तक के कार्यकर्ताओं से कही। सीएम ने कहा कि राज्य सरकार 24 नवंबर से 26 दिसंबर तक पूरे राज्य में आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन कर रही है। इस कार्यक्रम के तहत राज्य के सभी जिले, प्रखंड एवं पंचायत स्तर पर शिविर लगाकर लोगों को राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाओं से जोड़ा जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले वैसे लोग जो प्रखंड कार्यालय या जिला कार्यालय के विषय में ठीक से जानते तक नहीं हैं। उनतक ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर




### झामुमो कार्यकर्ता अपनी जिम्मेदारी तत्परता से निभाएं

मुख्यमंत्री ने कहा कि झामुमो कार्यकर्ता अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन तत्परता और प्रतिबद्धता के साथ करें। राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ पंचायत-पंचायत, गांव-गांव और घर-घर तक पहुंचने का कार्य करें। क्योंकि, वर्ष 2024 चुनावी वर्ष के रूप में आकर खड़ा है। वर्ष 2024 में लोकसभा के साथ-साथ विधानसभा चुनाव भी होना है। वर्ष 2024 में यदि हम बीच के दो-चार महीने छोड़ दें तो पूर्ण रूप से आचार संहिता वाला वर्ष होगा। आप सभी कार्यकताओं को इस बात की भी जानकारी है कि इस चुनावी वर्ष में राज्य विरोधी लोग तथा पार्टियां धर्म और समुदाय के नाम पर हमारी अखंडता और एकजुट को तोड़ने का प्रयास करेंगे। ऐसे राज्य विरोधी लोगों से हम सभी को सतर्क रहने की जरूरत है।

# धीरज साहू के आवास पर छापेमारी जारी

**आरएनएम संवाददाता। रांची**

कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य धीरज साहू के रांची के रेडियम रोड स्थित आवास पर नौवें दिन भी आयकर विभाग की छापेमारी जारी है। आईटी की टीम रेडियम रोड स्थित आवास की जमीन खोदने की तैयारी कर रही है। रांची स्थित आवास पर गुरुवार को भी आईटी टीम की सक्रियता बढ़ी हुई है। अधिकारी लगातार आवासीय परिसर का काफी बारीकी से जायजा ले रहे हैं। इससे पहले बुधवार को लोहरदगा, रांची और ओडिशा स्थित घर पर आईटी की टीम ने जियो सर्विलांस सिस्टम मशीन के जरिए जमीन की तलाशी ली थी। उल्लेखनीय है कि आयकर की टीम ने गत छह दिसंबर को धीरज साहू से संबंधित कई ठिकानों पर छापेमारी कर रुपये से भरी 30 अलमारी बरामद की थी। उस दिन से नोटों की गिनती जारी है। जानकारी के अनुसार अब तक 500 करोड़ रुपये रुपये मिले हैं। नोटों के अलावा 17 किलोग्राम आभूषण भी मिले थे।



### सांसद से बरामद नकदी का मामला पहुंचा हाईकोर्ट

**रांची।** कांग्रेस के रास सदस्य धीरज साहू से संबंधित ठिकानों से रुपये बरामदगी का मामला झारखंड हाई कोर्ट तक पहुंच गया। जमशेदपुर के दानयाल दानिश ने इस मामले की जांच सीबीआई और ईडी से करवाने के लिए हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। उन्होंने गुरुवार को हाई कोर्ट में जनहित याचिका दायर की है। याचिका में कहा गया है कि सांसद के ठिकानों से इतनी बड़ी नकदी का पकड़ा जाना एक गंभीर मामला है और इससे स्पष्ट होता है कि यह आर्थिक अपराध है।

### गोलीबारी में घायल गोपाल श्रीवास्तव की मौत, रातू रोड में मारी गई थी गोली

**रांची।** गत सोमवार को रांची के सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के लाह कोठी में हुए गोलीबारी में घायल कारोबारी गोपाल श्रीवास्तव का गुरुवर की रात इलाज के दौरान रिम्स में मौत हो गई। गोलीबारी में घायल गोपाल श्रीवास्तव को रांची के रिम्स में गंभीर अवस्था मे इलाज के लिए भर्ती करवाया गया था। गुरुवार की रात अचानक गोपाल की तबियत बिगड़ गई। डॉक्टरों ने काफी कोशिश की लेकिन वे गोपाल को बचा नही पाए। बताया जा रहा है कि शरीर मे बहुत ज्यादा इन्फेक्सन होने की वजह से उनकी मौत हो गई, चार दिनों से वे अस्पताल में जीवन और मौत के बीच जूझ रहे थे।

# बेहद हंगामेदार रहेगा झारखंड विधानसभा का शीतकालीन सत्र

### आज 11 बजे से शुरू होगी कार्रवाई, धीरज साहू कैश स्कैंडल पर रहेगी गर्मी

**आरएनएम संवाददाता। रांची**

15 दिसंबर से शुरू हो रहे झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र में कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू के ठिकानों से साढ़े तीन सौ करोड़ से ज्यादा की रकम और जेवरात की बरामदगी का मामला छाया रहेगा। भारतीय जनता पार्टी ने इस मुद्दे को लेकर कांग्रेस के साथ राज्य की गठबंधन सरकार की घेराबंदी की रणनीति तैयार की है। ईडी के छह समन के बाद भी हेमंत सोरेन के हाजिर नहीं होने राज्य में नियुक्ति परीक्षाओं को बार-बार टाले जाने और बेरोजगारी भत्ता से जुड़े मुद्दों पर भी सरकार को कठघरे में खड़ा करने की कोशिश विपक्ष की ओर से होगी। झारखंड विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा, हर मोर्चे पर फेल हेमंत सरकार के खिलाफ मुद्दों की कमी नहीं है। धीरज साहू के ठिकानों से अकूत रकम का हिसाब हम सत्ताधारी गठबंधन से सदन में मांगेंगे। इस भ्रष्टाचार में यहां की सरकार भी भागीदार है।



### 1.32 लाख करोड़ के बकाये पर हमलावर होगा सत्तापक्ष

इधर सत्ताधारी गठबंधन भी विपक्षी हमलों की काट और सदन में एकजुटता की रणनीति में जुटा है। संसद हमले की बरसी पर सुरक्षा में सेंध, केंद्र सरकार के पास झारखंड सरकार के एक लाख छत्तीस हजार करोड़ का बकाया, राज्य में सूखा राहत में केंद्र के असहयोग जैसे मसले सदन में उठाए जाएंगे। झारखंड की इस पांचवीं विधानसभा में पहली बार सदन में नेता प्रतिपक्ष होगा। स्पीकर ने झारखंड प्रदेश भाजपा विधायक दल के नए नेता अमर बाउरी को नेता प्रतिपक्ष की मान्यता दे दी है। इसके पहले 2019 में हुए विधानसभा चुनाव के बाद भाजपा ने बाबूलाल मरांडी को पार्टी विधायक दल का नेता चुना था, लेकिन स्पीकर ने उनके खिलाफ दलबदल का मामला दर्ज होने के कारण उन्हें नेता प्रतिपक्ष के तौर पर मान्यता नहीं दी थी। इधर सदन के संचालन को लेकर गुरुवार को विधानसभा स्पीकर रबींद्र नाथ महतो की अध्यक्षता में सर्वदलीय बैठक हुई। इसमें सत्र की तैयारियों और इसके सफल संचालन के साथ-साथ सत्र के दौरान होने वाली सुरक्षा को लेकर भी चर्चा हुई। बैठक में सीएम हेमंत सोरेन सहित प्रमुख नेता शामिल हुए।

# हेमंत के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट के लिए कोर्ट जा सकती है ईडी

**आरएनएम संवाददाता। रांची**

इनफोर्समेंट डारेक्टोरेट (ईडी) अब झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ वारंट और कार्रवाई के विकल्पों पर विचार कर रही है। सोरेन ईडी के छह समन को नजरअंदाज कर चुके हैं। उन्होंने समन की हर तारीख पर जवाबी पत्र भेजा, लेकिन वे एजेंसी के समक्ष पूछताछ के लिए हाजिर नहीं हुए। एजेंसी अब उनके खिलाफ कोर्ट से वारंट जारी कराने और उनकी गिरफ्तारी के विकल्पों पर विधि विशेषज्ञों से परामर्श कर रही है। जमीन घोटाले की जांच कर रही ईडी ने सोरेन को आखिरी समन बीते 10 दिसंबर को जारी किया था। ईडी की ओर से भेजे जा रहे समन को सीएम हेमंत सोरेन ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने उनकी याचिका सुने बगैर हाईकोर्ट जाने को कहा था। इसके बाद उन्होंने झारखंड हाईकोर्ट में रिट याचिका दायर कर ईडी के समन को निरस्त करने का आग्रह किया, लेकिन यहां चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र और जस्टिस आनंद सेन की खंडपीठ ने बीते 13 अक्टूबर को उनकी खारिज करते हुए समन पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान ईडी की ओर से एडिशनल सॉलिसिटर जनरल एस वी राजू ने कहा था कि सीएम सोरेन ने समन का पहले ही उल्लंघन किया है। वे ईडी के किसी भी समन पर उपस्थित नहीं हुए।





6 समन के बाद भी नहीं हुए हाजिर

### आज कैबिनेट की बैठक बीआरपी और सीआरपी की उम्मीदें बढ़ी

**रांची।** झारखंड कैबिनेट की बैठक शुक्रवार को होना है। इसमें कई महत्वपूर्ण निर्णय होने हैं। वहीं बीआरपी-सीआरपी का सेवा शर्त नियमावली को मंजूरी मिलने को लेकर भी कयास लगाए जा रहे हैं। विगत एक साल से बीआरपी सीआरपी अपनी सेवा शर्त नियमावली का कैबिनेट से पास होने का इंतजार कर रहे है। किंतु यह अनबुझ पहेली की तरह बना हुआ है। मालूम हो कि बीआरपी सीआरपी झारखंड शिक्षा परियोजना में विगत 18 साल से अत्यंत अल्प मानदेय पर बिना किसी बुनियादी सुविधा यथा ईपीएफ, परियोजना भत्ता, चिकित्सा भत्ता, ग्रुप बीमा के कार्य कर रहे हैं। वहीं परियोजना में कार्यरत अन्य कर्मी को सरकारी कर्मी को देय सभी सुविधा के साथ उच्च वेतन/ मानदेय दिया जाता है। यहां तक कि पारा शिक्षक का सेवा शर्त नियमावली जनवरी 2022 से लागू कर मानदेय बीआरपी सीआरपी से ज्यादा कर दिया गया है।

# संसद के अंदर फैले पीले धुएं का काला सच क्या है?

***संसद*** पर आतंकी हमले की 22वीं बरसी पर 13 दिसबंर को लोकसभा में बीजेपी सांसद खगेन मुर्मू अपनी बात रख रहे थे तभी जब विजिटर्स गैलरी से 2 युवक अचानक नीचे कूद गए और सदन की बेंच पर कूदते हुए आगे बढ़ने लगे। इसी बीच उन्होंने जूते से निकालकर कुछ स्प्रे किया, जिससे सदन में पीला धुआं फैलने लगा। पूरे सदन में भगदड़ मच गई और कार्यवाही रोक दी गई। खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने संसद पर हमले की धमकी दी थी। इसके बाद से ही दिल्ली पुलिस अलर्ट पर थी। फिर भी 5 लेयर सुरक्षा तोड़कर लोकसभा में प्रदर्शनकारी घुसे और हंगामा किया। इस पीले धुंवे ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि हम सुरक्षा के चाहे जितने भी दावे करें पर षड्यंत्रकारी देश के दुश्मनों की सोच हमसे आगे है और उन्हें नई संसद की भी बारीक जानकारी है जो बिना बड़े लोगों की मदद और बहुत लंबी प्लानिंग के संभव नहीं लगती । मोटे तौर पर यह कहा जा सकता है कि पकड़े गए हैं वे मोहरे हैं असली खिलाड़ी कोई और है उसका मकसद जो भी रहा हो उसने देश की सबसे बड़ी पंचायत को आम आदमी से थोड़ा और दूर कर दिया है क्योंकि सुरक्षा के नाम पर और कड़ाई होगी जिससे आम आदमी शायद ही अंदर जा पाए खास भले इस बार की तरह पास बनवाकर चले जाएं और किसी और नए तरीके से कुछ नया हंगामा कर दें।



सुनील बादल



सोचने वाली बात एक ये भी है कि आरोपियों ने भगत सिंह के स्टाइल को कॉपी क्यों की? पीला धुंआ फैलाकर, नारे लगाना, तानाशाही से मुक्ति मिले? आखिर ये सब किस ओर इशारा करता है। कौन है घटना के पीछे, उसे सामने लाना ही चाहिए और आरोपी ने जो तानाशाही से आजादी के नारे लगाए हैं उसके निहितार्थ भी सार्वजनिक होने चाहिए। आरोपियों का हमले की बरसी के दिन 'संसद अटैक-2' का संदेश देना निश्चित रूप से बेचैन करता है। जूते के अंदर पीले रंग का केन ले जाया जा सकता था तो कुछ और भी ले जाया जा सकता था । सुरक्षा एजेंसियां इस बात का पता कर रही हैं कि दुश्मन अंदरूनी है या बाहरी? जब से नई संसद में सत्र और संसदीय कार्य शुरू हुए हैं। संसद सदस्य अपनी सुरक्षा के प्रति निश्चित हैं। क्योंकि पिछले हमले के बाद संसद की सुरक्षा सेफ्टी मानकों के लिहाज से अत्याधुनिक बताई जाती है। संसद के चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा पहरा बिछा हुआ है। इंसानी सुरक्षा तंत्र से अगर कोई चूक भी हो जाए, तो पूरी बिल्डिंग तीसरी आंख यानी सीसीटीवी कैमरों से लैस है। कोई संदिग्ध क्या, परिंदा भी पर नहीं मार सकता। पर, अब इन मौखिक और पारंपरिक सुरक्षा व्यवस्था पर संसद सदस्यों को भरोसा नहीं रहा। क्योंकि उन सभी को धता बताते हुए आरोपी एक सांसद के साथ विश्वासघात कर विजिटर बनकर आसानी से भीतर घुस गए और देश को दुनिया के सामने शर्मसार कर दिया । गनीमत ये थी कि घटना के दौरान आरोपियों के हाथ में सिर्फ 'स्मोक बम' ही थे, अगर परसों पटना में बरामद पेन गन होता तो क्या होता? क्योंकि जब वो सुरक्षा तंत्र की आंखों में धूल झोंककर आपत्तिजनक वस्तुएं अंदर ले जा सकते हैं तो बंदूक-बारूद क्यों नहीं? इसलिए घटना को सबसे पहले सुरक्षा चूक ही कहेंगे। कथित जबरदस्त सुरक्षा पहरे को पारकर 'स्मोक बम' फेंककर संसद के भीतर आरोपी अफरा-तरफी मचा देते हैं। सुरक्षाकर्मियों के ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

# रामचरितमानस के प्रसंगों पर बनी काष्ठ मूर्तियां की लगेगी प्रदर्शनी



### काशी के 50 कारीगरों ने इसे एक वर्ष में बनाया

**आरपी सिंह**

**वाराणसी।** काशी के काष्ठ कलाकारों द्वारा बनाई गई रामचरितमानस के 22 प्रसंगों पर आधारित लकड़ी की मूर्तियां, झांकियां व मुखौटे, रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर अयोध्या के कला संग्रहालय में प्रदर्शित किए जाएंगे। इन्हें 50 कलाकारों ने एक वर्ष में बनाया है। काशी में लकड़ी के खिलौने बनाने वाले कलाकारों ने भगवान राम से जुड़ी मूर्तियां और झांकियां पहली बार तैयार की है। इन सबको दिसंबर के अंत तक अयोध्या भेज दिया जाएगा। इनमें लंकापति रावण की मूर्ति को अयोध्या अधिपति राम से बड़ी बनाई गई है। रावण की मूर्ति 3624 इंच की है। राम की मूर्ति 188 इंच की है। छह माह सोने वाले कुंभकर्ण की अढाई फीट लंबी मूर्ति को बिस्तर पर लेटे व फल-फूल-पकवान तथा शोर के बीच दशार्या गया है। कुल 56 तरह के मुखौटे तैयार किए गए हैं। राम का चरित्र सौम्य है ,इसलिए उनकी मूर्ति में उनके भाव प्रदर्शित होते हैं। रावण व मेघनाद के मुखौटे उग्रता के भाव वाले हैं। अयोध्या के संग्रहालय में प्रदर्शित करने के लिए मानस प्रसंगों पर मूर्तियां और ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## एक नजर

### समग्र ग्रामीण विकास कार्यक्रम का आयोजन

**चान्हो।** चान्हो मे गुरुवार को समग्र ग्रामीण विकास कार्यक्रम एच. आर. डी. पी. परियोजना हस्तांतरण समारोह का आयोजन [illegible] बैंक द्वारा रखा गया। जिसमे अतिथि के तौर पर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की शामिल हुई। इस कार्यक्रम के माध्यम से किसानो को बताया गया कि बैंको से जुड़कर कम ब्याज पर कर्ज प्राप्त करे। कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। जो इसके सकल घरेलू उत्पाद में महत्वपूर्ण योगदान देती है। आबादी के एक बड़े हिस्से को रोजगार देती है।

### विश्व विकलांगता दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित

**चान्हो ।** विश्व विकलांगता दिवस के अवसर पर प्रखंड संसाधन केन्द्र चान्हो में गुरूवार को विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।राजकीयकृत उत्क्रमित उच्च विद्यालय चान्हो में समावेशी शिक्षा के अन्तर्गत चान्हो प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों के विकलांग बच्चों के बीच रंगोली प्रतियोगिता, पेंटिंग, नृत्य एव गायन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। सभी बच्चों को उनकी विशेष योग्यता को ध्यान में रखते हुए पुरस्कृत भी किया गया।

### संत मारिया स्कूल में वार्षिकोत्सव का आयोजन

मांडर। प्रखंड के चुन्द स्थित संत मारिया स्कूल में गुरुवार को वार्षिकोत्सव समारोह आयोजित की गई। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि विधायक शिल्पी नेहा तिर्की शामिल हुई। मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए कहा कि आज का समय पहले से बहुत अलग है। आज कॉम्पिटीशन का जमाना है। इसलिए स्कूल के छात्र छात्राओं को प्रेरणा देते हुए कहा कि शिक्षा के क्षेत्र मे सकारात्मक सोच रखते हुए अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़े। कठिन परिश्रम के साथ मेहनत करे। आपको जरूर सफलता मिलेगी।

### किसानों के बीच बांटा गया गेंहू बीज

**पाकुड़।** सदर प्रखंड के तीन पंचायत में बिरसा फसल विस्तार योजना के अंतर्गत गेंहू बीज का वितरण संग्रामपुर पंचायत में प्रमुख चंदना मल पहाड़िया के नेतृत्व में किया गया। इसके अलावे नवादा, मनीरामपुर, कुमारपुर, एवं फरसा पंचायतों में भी किया गया। जिसका बीज इनपुट लाभुक किसानों के बीच बीज दिया गया। बीज वितरण से पहले प्रत्यक्षण हेतु किसानों को प्रशिक्षण मु. शमीम अंसारी के द्वारा दिया गया। जिसमें गेहूं फसल के लिए प्रयोग की जाने वाले बीज की मात्रा, सिंचाई का समय एवं संख्या, उर्वरक की मात्रा एवं समय आदि के बारे में विस्तार से उपस्थित किसानों को जानकारी दी गई। किसानों को जानकारी दी गयी की इस प्रत्यक्षण मे बीज के अलावा आईएनएम और आईपीएम भी वितरित किया जाएगा। प्रत्क्षण के लिए नैनो युरिया, फोस्फोजिप्सम, फंजीसाइड, पीएसबी, बायोपेस्टीसाइड आदि आईपीएम और आईएनएम की जानकारी किसानों को दिया जाएगा, ताकि किसान इसका लाभ ले सके।

# आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में उमड़ी ग्रामीणों की भारी भीड़



**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**

जिले के सभी सभी प्रखंडों एवं नगर पंचायत क्षेत्र में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत गुरुवार को शिविरों का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्यमंत्री श्रमिक योजना, स्वयं सहायता समुह निर्माण, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र से संबंधित कार्य का निष्पादन किया गया। विभिन्न पंचायतों में अबुआ आवास योजना को लेकर काफी संख्या में लाभुकों की भीड़ देखी गई। लाभुकों के आवेदनों का तत्काल प्रभाव से स्वीकृति मिलने पर ग्रामीणों ने जिला प्रशासन व सरकार का आभार व्यक्त किया। राशन से संबंधित समस्या, पीडीएस के तहत राशन कार्ड को आधार से लिंक करने, सर्वजन पेंशन योजना का लाभ प्रदान करने, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम का लाभ देने, सावित्री बाई फूले किशोरी समृद्धि योजना अन्तर्गत सुयोग्य लाभुकों को स्वीकृति प्रदान करने, सेवा का गारंटी अधिनियम के अन्तर्गत राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जा रही विभिन्न सेवाओं जैसे जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र तथा समाजिक सुरक्षा योजनाओं, पेंशन आदि से संबंधित लंबित मामलों का त्वरित गति से निस्तारण किया जा रहा है। इसके अलावा असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों का ई-श्रम पोर्टल पर निबंधन कराने, लंबित दाखिल-खारिज वादों का निष्पादन करने एवं निर्वादित मामलों में लगान रसीद निर्गत करने का कार्य संपादित किया जा रहा है। शिविर में धोती, साड़ी, लुंगी एवं कंबल का विवरण लाभुकों के बीच किया गया। गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना के तहत लाभुकों को लाभ देने के साथ ही राज्य सरकार की अन्य कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान किया जा रहा है।परीक्ष्यमान उपसमाहर्ता सुर्दशन ठाकुर, प्रखण्ड की उप प्रमुख, मुखिया क्षत्रिय मुंडा, पंचायत समिति सदस्य तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। कार्यक्रम में 21 लाभुकों को बिरसा सिंचाई कूप स्वीकृत प्रमाण पत्र वितरण, 120 लाभुकों को धोती साड़ी योजना का लाभ, तीन किशोरियों को सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का स्वीकृति प्रमाण-पत्र वितरण, एक बच्चे का अन्नाप्रशन, गोदभराई, चार लाभुकों को आयुष्मान कार्ड वितरण, जएसएलपीएस की दस दीदीयों को आईडी कार्ड वितरण तथा वन विभाग द्वारा 200 पौधों का वितरण किया गया।

## लापुंग के महुगांव पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। लापुंग**

आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के दौरान महुगांव पंचायत सचिवालय में लाभुकों की भीड़ उमड़ पड़ी। जिला के पंचायती राज पदाधिकारी विरेंद्र कुमार चौबे और प्रखंड विकास पदाधिकारी इमानुएल जयवीरस लकड़ा, मनरेगा के बीपीओ मोहम्मद इम्तियाज खलील, मुखिया मेरी होरो तथा पंचायत समिति सदस्य मीना बरला ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर दूर-दराज से आए ग्रामीणों के 1264 आवेदन प्राप्त किए गए। अबुआ आवास के 439 आवेदन पत्र प्राप्त किए गए वहीं 32 वृद्ध वृद्धाओं के बीच कंबल का वितरण किया गया, 36 बच्चों का गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड के लिए आवेदन भरा गया वहीं 20 बच्चों का जाति प्रमाण पत्र व 27 लोगों का आय प्रमाण पत्र, 23 लोगों का राशन कार्ड में नाम जोड़ने एवं सुधारने का आवेदन पत्र प्राप्त किया गया। इस दौरान सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, साईकिल योजना, मनरेगा का जॉब कार्ड, राशन कार्ड, धोती साड़ी योजना, जॉब कार्ड नवीनीकरण, सिंचाई कूप सहित विभिन्न योजनाओं का आवेदन पत्र प्राप्त किया गया। कार्यक्रम स्थल के बगल में प्राइवेट फोटोकॉपी और डाटा एंट्री करने वाले लालगंज के अशोक कुमार साहु एवं तुलसी दास साहु के द्वारा दुकान खोल ली गई थी और आवेदन ऑनलाइन करने के लिए 30 रूपए के बजाय 100 रुपए तक लेकर लोगों से जमकर वसूली की। इस संदर्भ में बाकाकेरा के प्रिंस कुमार बडाईक ने कहा कि यहां तो लूट मची हुई है।

## चुनाव को लेकर कांग्रेस कार्यालय में बैठक



**सिल्ली।** सिल्ली प्रखण्ड कांग्रेस कमिटी के पदाधिकारी मंडल एवं पंचायत के अध्यक्ष के साथ चुनाव की तैयारी को लेकर एक बैठक सिल्ली प्रखण्ड कांग्रेस कार्यालय में प्रखण्ड अध्यक्ष कार्तिक चन्द्र महतो की अध्यक्षता में की गई। इस बैठक में मुख्य रूप से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता झारखंड गौ सेवा आयोग अध्यक्ष सह सिल्ली पर्यवेक्षक राजीव रंजन प्रसाद उपस्थित थे। रांची जिला ग्रामीण जिला अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो ने कार्यकताओं को सम्बोधित करते हुए निर्देश दिए कि आगामी 16 दिसम्बर को युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, एस टी कांग्रेस, अल्पसंख्यक कांग्रेस की संगठन की विस्तार करने में महत्वपूर्ण योगदान देने की अपिल की साथी साथ घर घर जाकर सरकार की योजना के बारे में जानकारी दें ताकि ग्रामीणों को योजना का जानकारी हो पाए।

## संत माईकल प्लस टू स्कूल में चिल्ड्रन पार्क का उद्घाटन



**मुरी।** संत माईकल (+ 2) स्कूल, मुरी में बुधवार को चिल्ड्रन पार्क का उद्घाटन स्कूल के निर्देशक राकेश कुमार ने पिता काट कर किया। इस चिल्ड्रन पार्क में बच्चों के खेलने के लिए कई तरह के उपकरण जैसे झूला, सी- सॉ, स्लाइड इत्यादि लगाए गए है। इस पार्क के खुलने से बच्चे बहुत उत्साहित नजर आए साथ ही बच्चो ने इस पार्क में खेलकर बहुत ही आनंद का अनुभव किया। मौके पर स्कूल के प्रबंधक डॉ. रूपेश कुमार एवं स्कूल के प्रधानाचार्य सि. एल. प्रजापति, शिक्षकगण सपना दत्ता, श्वेता रेजिस भेंगरा, वाहिद अली, एन. सी. साहू, निभा कुमारी, मनीषा सिंह, सौमांशी कुमारी तिवारी, नेहा कुमारी, दीपिका कुमारी, सीमा कुमारी आदि शिक्षक मौजूद थे।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकार डालसा की ओर से एकदिवसीय कार्यक्रम का आयोजन



सिल्ली। जिला विधिक सेवा प्राधिकार रांची 100 डेज आउटरिच कैंपेग्न अकेले नहीं हैं आप के तहत डालसा का सिल्ली ब्लॉक में एकदिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बाल श्रम एवं बाल विवाह के बारे में जानकारी दी गई। रांची से आए हुए न्यायामूर्ति एस. चंद्रशेखर, कार्यकारी अध्यक्ष, झालसा के द्वारा परिकल्पित आउटरिच योजना जो कि 100 दिनों तक होना सुनिश्चित हुआ है। इसी कड़ी में सिल्ली प्रखंड के सिल्ली ब्लॉक, ग्राम विकास उच्च विद्यालय तथा सिल्ली बाजार में विधिक जागरूकता कार्यक्रम के बारे में शिक्षक ग्रामीण एवं बच्चों को जानकारी दिया इस कार्यक्रम में एलएडीसी चीफ प्रवीण कुमार ने बच्चों से संबंधित कानूनों जैसे जे.जे एक्ट, पोक्सो एक्ट इत्यादि की जानकारी दी उन्होंने बाल विवाह के रोकथाम के विषय पर विस्तार से चर्चा की एवं बाल विवाह अधिनियम के बारे में बताया पीएलवी पिंकु कुमारी एवं संगीता देवी ने बाल श्रम एवं बाल संरक्षण पर प्रकाश डाली।

## सरकार आपके द्वार के तहत शिविर का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। रातू**

आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत गुरुवार को प्रखंड के चटकपुर पंचायत में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सरकार की प्रमुख योजनाएं अबुआ आवास योजना, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, सर्वजन पेंशन योजना, सोना-सोबरन धोती-साड़ी वितरण योजना एवं अन्य योजनाओं का स्टॉल लगाया गया था। बीडीओ हरिशंकर बारीक ने सरकार के कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुये ग्रामीणों से इसका लाभ लेने की अपील की बात कही।

## रातू झिरी कचरा डंप के पास सड़क हादसा, युवक की मौत

रातू। थाना क्षेत्र के तिलता रिंग रोड झिरी कचरा डंप के पास सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गयी। उसकी पहचान रातु आमटांड लीची बगान निवासी श्याम साहू के 27 वर्षीय पुत्र नकुल साहू उर्फ जय कुमार के रूप में हुई। पुलिस शव को कब्जे में कर पंचनामा कर रिम्स में पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। जानकारी के मुताबिक नकुल अपने अवेंजर बाइक जेएच 01सीएफ- 0721 में सवार होकर जा रहा था तभी कचरा डंप के पास किसी अज्ञात वाहन के धक्के से घायल हो गया। उसके पेट के अलावा अंदरुन्नी चोट आयी थी। हादसे को सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने उसे रातु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया । प्राथमिक इलाज के बाद चिकित्सकों ने उसे बेहतर इलाज के लिए रिम्स भेज दिया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### मजलिस उलेमा झारखंड का एक दिवसीय इजलास संपन्न

## सभी उलेमा ने शिक्षा और समाज सुधार पर जोर दिया



**नवीन मेल संवाददाता। मांडर**

मजलिस उलेमा झारखंड की उलेमा व हुफ्फाज के लिए एक दिवसीय इजलास वृहस्पतिवार को मुडमा में हुई। इसकी अध्यक्षता मजलिस उलेमा झारखंड के अध्यक्ष हजरत मौलाना साबिर हुसैन मजाहिरी ने की ' बैठक की शुरूआत हजरत कारी सोहेब अहमद द्वारा पवित्र कुरान की तिलावत से हुई। नात पाक कारी निसार दानिश ने पढ़ी। इजलास के मुख्य अतिथि हजरत मौलाना फरीदुद्दीन कासमी उपाध्यक्ष(नायब) शैखुल हदीस दारुल उलूम वक्फ देवबंद ने अपने संबोधन में कहा कि मजलिस उलेमा झारखंड उलेमा की एक मजबूत संगठन है। हम सभी को अपने अंदर अल्लाह का डर पैदा करने की जरूरत है।आज हम सभी को यह सोचना होगा कि हमारे संस्कार और हमारा चरित्र किस प्रकार समाज और देश का भला कर सकते हैं। वहीं हैदराबाद से आए हजरत मौलाना मुफ्ती उमर आबिदीन ने कहा कि ये उलेमा उम्मत के रहनुमा हैं। कुरान की हर आयत एक मार्गदर्शक है। उलेमा का बहुत बड़ा दायित्व है। इस्लाम का परिचय और इस्लामी नैतिकता को घर-घर तक फैलाने की जरूरत है। मुसलमानों में धार्मिक जागरूकता पैदा करना भी उलेमा की जिम्मेदारी है। नफरत की आंधी को मोहब्बत की ताकत से रोका जा सकता है। समाज में फैले भ्रम को दूर करना भी उलेमा का

## चान्हो में बंधु तिर्की ने लोगों में भरा जोश कांग्रेस को करें मजबूत

**चान्हो।** प्रखंड अंतर्गत बेयासी पंचायत के मूरतो जतरा मैदान मे गुरुवार को कॉंग्रेस पंचायत सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन मे मुख्य अतिथि कॉंग्रेस प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की शामिल हुए। इसमें संगठनात्मक चर्चा एवं बूथ कमेटी एवं इ.छ.अ का गठन जल्द से जल्द करने पर जोर दिया गया। साथ ही साथ कॉंग्रेस के विचार धारा को जन जन तक पहुंचाने पर गंभीर चर्चा हुई। सरकार की योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए लोगों को जागरूक करके समस्याओं का निदान करने हेतु लोगों को मदद करने की चर्चा हुई। साथ ही साथ उन्होने कहा कि संगठन को दुरुस्त करने की जरूरत है। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी कार्यकर्ताओं को बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की आवश्यकता है।

## अखिल भारतीय जीडीएस यूनियन ने नौ सूत्री मांगों के लेकर किया प्रदर्शन



**जामताड़ा।** नौ सूत्री मांगों के लेकर अखिल भारतीय जीडीएस यूनियन जामताड़ा के द्वारा अनिश्चितकालीन हड़ताल का गुरुवार को तीसरा दिन है। यूनियन के कार्यकारी सदस्य भागीरथ पंडित ने बताया हमारा हड़ताल तब तक जारी रहेगा जब तक हमारे मांगों को लेकर सरकार चिंतित ना हो।तब तक चलेगा क्योंकि हम लोगों के कार्य के साथ एक सौतेला व्यवहार किया जाता है। हमें 8 घंटा ड्यूटी चाहिए और 8 घंटा की ड्यूटी की एवज में पूर्ण वेतन चाहिए।पेंशन लागू करना होगा। शाखा डाकघर में सभी सुविधाएं उपलब्ध करना होगा। ग्रेच्युटी में बढ़ोतरी करनी होगी। बड़े अफसर का दबाव शाखा डाकघर पर हमेशा रहता है।

## रांची आसपास

# सांसद ने राज्य में जल जीवन मिशन की गड़बड़ियों को सदन में उठाया



नवीन मेल संवाददाता। रांची

रांची के सांसद संजय सेठ ने गुरुवार को लोकसभा में झारखंड में जल जीवन मिशन में हो रही गड़बड़ियों पर केंद्र सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया। साथ ही इसमें हस्तक्षेप करने और दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग भी की। सांसद ने कहा कि झारखंड को भी केंद्र सरकार ने लगभग 10 हजार करोड़ रुपये की राशि उपलब्ध कराई लेकिन राज्य सरकार इस मिशन के क्रियान्वयन में रुचि नहीं दिखा रही है। उन्होंने सदन में यह आरोप लगाया कि राज्य की सरकार जानबूझकर इस योजना को फ्लॉप करने पर तुली हुई है। कहीं ठेकेदार 100-200 फीट बोरिंग कर रहे हैं तो कहीं पुरानी बोरिंग में ही जल जीवन मिशन चालू कर दे रहे हैं। ऐसी कई तरह की शिकायतें आने लगी है। सांसद ने इस मामले में सरकार को यह सुझाव दिया कि इसकी समीक्षा के लिए कमेटी बनाई जाए। साथ ही ऐसे लोगों पर कार्रवाई की जाए। सांसद के सवाल के जवाब में केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में रिकॉर्ड समय में भारत के 72 प्रतिशत घरों तक नल के माध्यम से जल पहुंचा लिया गया है। कई राज्यों ने तो 100 प्रतिशत का आंकड़ा पूर्ण कर लिया लेकिन कुछ राज्य हैं, जहां योजना का क्रियान्वयन नहीं किया जा रहा है।

## तीन परिवार का इसाई धर्म से सरना धर्म में वापसी

**मांडर।** गुरुवार को 21 पड़हा बनगांव के अधीन ग्राम बंझिला पोखर टोली में तीन परिवार इसाई धर्म से सरना धर्म में वापसी किया। वापसी करनेवालों में निर्मल एक्का का परिवार जिसमें उनकी पत्नी खुशमारेन कुजूर, पुत्र अनुप एक्का पुत्री जयललिता एक्का शामिल हैं। दूसरे अनुप कच्छप का परिवार है जिसमें पत्नी मानसी कुजूर, पुत्री नयंसी कच्छप शामिल हैं। तीसरा परिवार जयमसीह तिर्की की है, जिसमें पत्नी विश्वासी तिर्की, पुत्री संतोषी तिर्की शामिल हैं। गांव के पहान भारत उरांव एवं बैजु पहान के हाथों से आदिवासियों के सृष्टि स्थल सिरासीता नाका का पवित्र जल और गांव का डाढ़ी कुआं के पवित्र जल से स्नान कराकर एवं पैर धोकर सरना स्थल में प्रवेश कराया गया। साथ ही पड़हा व्यवस्था के सारी विधि विधान की प्रक्रिया किया गया।

## प्रखंड स्तरीय पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ की बैठक आयोजित



**नवीन मेल संवाददाता। मांडर**

गुरुवार को मांडर प्रखंड सभागार में प्रखंड स्तरीय पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ की बैठक प्रखंड अध्यक्ष अलताफ अहमद अंसारी की अध्यक्षता में किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य स्तरीय पंचायत सचिवालय स्वयं सेवक के द्वारा विगत 8 जुलाई से राजभवन के समक्ष अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्श किया जा रहा है। लेकिन 170 दिन बीत जाने के बावजूद भी सरकार की ओर से कोई पहल नहीं किया गया है। ये बहुत ही दुख की बात है। सरकार ने चुनाव के समय नारा दिया था की बदलो सरकार और पाओ अधिकार। लेकिन झारखण्ड के 18000 पढे लिखे युवा आज सड़कों पर है। संघ की पाँच सूत्री मांगो पर विचार नहीं किया गया तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।

## मुख्यमंत्री संवाद कार्यक्रम में झामुमो सिल्ली विधानसभा के कार्यकर्ताओं ने लिया भाग

**सिल्ली।** मुख्यमंत्री आवास रांची में मुख्यमंत्री संवाद कार्यक्रम में झामुमो सिल्ली विधानसभा प्रभारी सह रांची जिला उपाध्यक्ष रामानंद बेदिया के नेतृत्व मे सिल्ली विधानसभा अंतर्गत सिल्ली, सोनहातू, राहे और अनगडा प्रखंड कमेटी एवं सभी पंचायत कमेटी, पंचायत अध्यक्ष एवं पंचायत सचिव उपस्थित हुए एवं कार्यक्रम को ध्यान पूर्वक सुना। मौके पर बलराम महतो उर्फ राधिका, सुमन समेत सैकडों कार्यकर्ता मौके पर उपस्थित रहे।

## अनुमंडल पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी ने जमीन पर दिलाया कब्जा



**नवीन मेल संवाददाता। सोनाहातू**

प्रखंड क्षेत्र के लांदुपडीह निवासी मनीचन्द्र सिंह मुंडा ने अपने पुस्तैनी जमीन पर अपना हक जताने के लिए पिछले कई सालों से उच्च अधिकारियों के समक्ष गुहार लगाते हुए थक गए थे।अंतिम समय में श्री मुंडा ने आयुक्त कार्यालय पर अपने हक के लिए आवेदन जमा किया था। आयुक्त ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उपायुक्त रांची को निद्रेश देकर कारवाई करने का आदेश दिए। उपायुक्त ने मामला को संज्ञान में लेते हुए अनुमंडल पदाधिकारी बुंडू एवं अंचल अधिकारी सोनाहातू को सर जमीन जाकर जमीन का नापी करने का आदेश दिया था। मंगलवार को सोनाहातू अंचल के कर्मचारी संजय सिंह एवं अमीन डोमन अहीर के द्वारा आम लोगों के बीच नापी किया गया।

## भाजपा नेता सन्नी टोप्पो ने मृतक के परिवार को किया आर्थिक सहयोग

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के बोदा डिपाटोली व जरिया कटर माली गांव में बुधवार को भाजपा युवा नेता सन्नी टोप्पो के प्रतिनिधि रंजन गुप्ता,नारायण महली,रमेश भगत,प्रदीप कुमार, पुनई उरांव ने पीड़ित परिवार के घर पहुंचकर मृतक मंगरी देवी और लक्ष्मण महतो के आकस्मिक निधन पर गहरा दुख प्रकट करते हुए स्वजनों को ढांढस बंधाया।साथ ही खाद्य सामग्री सहयोग किया। वहीं रंजन गुप्ता ने कहा कि आप के हर सुख-दुःख में सदैव आपके साथ खड़ा हूं। मौके पर मृतक के फुलमनी देवी,बंधन महली,एतो महली,सरस्वती देवी,रुद्रमणि देवी,कृष्णा महतो,सुनीता कुमसरी मौजूद थे।

# मरतो-नेहालु पंचायत में हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**

केंद्र सरकार द्वारा चलाए जा रहे महत्वपूर्ण कार्यक्रम हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम के तहत बुधवार को बेड़ो प्रखंड के मूरतो और नेहालु कपाड़िया के पंचायत भवन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां केंद्र सरकार द्वारा चलाई जाने वाली जनकल्याण और आम लोगों से जुड़ी हुई विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी संग्राम मुर्मू ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम का लक्ष्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। उन्होंने केंद्र से संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम के आयोजन का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों के बीच केंद्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करना है साथ ही जरूरतमंदों को योजनाओं से जोड़ना कार्यक्रम का उद्देश्यह है। मौके पर कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ रविंद्र , बलराम सिंह, राजेश साहू सहित अन्य ने कार्यक्रम के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए लोगों से इस कार्यक्रम का लाभ उठाने का आह्वान किया। प्रोग्राम के दौरान एलसीडी टीवी के माध्यम से प्रधानमंत्री का ₹हमारा संकल्प विकसित भारत₹ कार्यक्रम से संबंधित विडीयो दिखाया गया। वीडियो के माध्यम से लोगों को कार्यक्रम से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई। मौके पर उपस्थित ग्रामीणों में से जो केंद्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त कर चुके हैं उन्होंने भी अपने व्यक्तिगत विचार से लोगों को अवगत कराया। साथ ही इस कार्यक्रम को आकर्षक बनाने के लिए उपस्थित ग्रामीणों के बीच कई अन्य महत्वपूर्ण कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। इससे पूर्व अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित किया कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

## योजनाओं का सीधा लाभ लाभुकों तक पहुंचाना हमारा संकल्प : विधायक



**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**

बेड़ो प्रखंड के मुरतो, हरिहरपुर जामटोली व बेड़ो पंचायत में बुधवार को विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास किया। विधायक ने मुरतो पंचायत स्थित मुरतो ग्राम में अखड़ा निर्माण कार्य, हरिहरपुर जामटोली पंचायत के ग्राम जामटोली में सरना स्थल सुंदरीकरण कार्य, हरिहरपुर जामटोली पंचायत के ग्राम हरहंजी मंदिर के पास शेड निर्माण कार्य, ग्राम हुंटार में जल नल योजना व बेड़ो पंचायत के महादानी मैदान का सुंदरीकरण कार्य का शिलान्यास किया। मौके पर विधायक ने कहा कि योजनाओं का सीधा लाभ लाभुकों तक पहुंचाना हमारा संकल्प है। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज की पारंपरिक सामाजिक व सांस्कृतिक व्यवस्था को अक्षुण्ण बनाए रखना हमारा कर्तव्य है।

## पेयजल स्त्रोतों के जैविक प्रदूषण का किया गया सर्वेक्षण

**पाकुड़/ महेशपुर।** प्रखंड अंतर्गत शहरग्राम में जल सुरक्षा योजना को लेकर एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता पंचायत की मुखिया सुजाता हेम्ब्रम ने की। इस अवसर पर जल सहिया रुक्मणी देवी के द्वारा बताया गया कि पेयजल स्त्रोतों के जैविक प्रदूषण के जोखिम आकलन हेतु वर्ष में दो बार मानसून से पहले और मानसून के बाद स्वच्छता सर्वेक्षण किया जाता है। जिससे कि पेयजल स्त्रोतों में विभिन्न तरह के आकलन के पश्चात समेकित प्रतिवेदन कार्यालय को समर्पित की जाती है। जिससे कि पेयजल में जैविक प्रदूषण इत्यादि की जानकारी प्राप्त हो जाती है।

झारखण्ड राज्य बिवरेजेज कॉरपोरेशन लिमिटेड, राँची
(झारखण्ड सरकार का उपक्रम)
कॉर्पोरेट पहचान सं० –U51228JH2010SGC014519, TIN No - 20520108277
उत्पाद भवन, भूतल, नवीन पुलिस केंद्र के समीप, काँके रोड़, राँची– 834008
E-mail :- jsbcl.jharkhand@gmail.com

ई–आमंत्रण पत्रांक सं०–.JSBCL/17 दिनांक :–13/12/2023

इच्छा की अभिव्यक्ति हेतू अल्पकालिन ई–आमंत्रण सूचना
झारखण्ड राज्य बिवरेजेज कॉरपोरेशन लिमिटेड, राँची
गोदाम हेतू इच्छा की अभिव्यक्ति हेतू अल्पकालिन ई–आमंत्रण सूचना

| क्र०सं० | विवरणी | अभ्युक्ति | |
|---|---|---|---|
| 1. | गोदाम का क्षेत्रफल | (25,000 वर्गफीट से 40,000 वर्गफीट तक) | |
| 2. | गोदाम का स्थल/प्रक्षेत्र | वांछित गोदाम | संख्या |
| | | जिला पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) हेतु | 1 |
| 3. | इच्छा की अभिव्यक्ति के प्रपत्र को वेवसाईट https://jharkhandtenders.gov.in एवं http://jsbcl.in पर अपलोड करने की तिथि | दिनांक– 13/12/2023 | |
| 4. | इच्छा की अभिव्यक्ति को ऑनलाईन https://jharkhandtenders.gov.in के माध्यम से जमा करने की प्रारंभिक तिथि | दिनांक– 14/12/2023 | |
| 5. | इच्छा की अभिव्यक्ति को Online रूप से जमा करने की अंतिम तिथि | दिनांक– 05/01/2024 के अपराह्न 4:00 बजे तक | |
| 6. | इच्छा की अभिव्यक्ति के कागजात को भौतिक रूप से निगम मु० में जमा करने की अंतिम तिथि | दिनांक– 05/01/2024 के अपराह्न 6:00 बजे तक | |
| 7. | इच्छा की अभिव्यक्ति को ऑनलाईन खोलने की तिथि | दिनांक– 08/01/2024 के अपराह्न 04:00 बजे | |

नोट:–(1) इच्छा की अभिव्यक्ति की विस्तृत जानकारी प्राप्त करने हेतु https://jharkhandtenders.gov.in एवं http://jsbcl.in से डाउनलोड किया जा सकता है।
(2) इच्छा की अभिव्यक्ति हेतू आवेदन ऑनलाईन https://jharkhandtenders.gov.in माध्यम से ही स्वीकार की जायेगी एवं इसकी भौतिक प्रति राँची स्थित झारखण्ड राज्य बिवरेजेज कॉरपोरेशन लिमिटेड मुख्यालय में जमा की जानी है।

ह०/–
महाप्रबंधक (संचालन–सह–वित्त)
झारखण्ड राज्य बिवरेजेज कॉरपोरेशन लिमिटेड, राँची

PR.NO.313346 Excise(23-24):D


## एक नजर

### निगम के दो वार्डों में 89 आवेदनों का हुआ ऑन द स्पॉट निपटारा



**रांची।** आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत गुरुवार को रांची नगर निगम की ओर से दो वार्डों में शिविर लगाया गया। इनमें वार्ड नंबर 33 और वार्ड नंबर 34 में कुल 89 आवेदनों का निपटारा ऑन स्पॉट किया गया। इसके अलावा दोनो वार्ड में जरूरतमंदों के बीच कुल 258 कंबल का वितरण भी किया गया। अपर प्रशासक कुंवर सिंह पाहन ने बताया कि शिविर में होल्डिंग, ट्रेड, जन्म-मृत्यु निबंधन, जल कर भुगतान, प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए आवेदन लिया गया। सभी शहरवासी निगम स्तर के सेवाओं का लाभ इन शिविरों में आ कर ले सकते है।

### डीजल आटो महासंघ की वार्षिक आम सभा 5 जनवरी को



रांची। झारखंड प्रदेश डीजल ऑटो चालक महासंघ की आमसभा 5 जनवरी को होगी। प्रदेश अध्यक्ष दिनेश सोनी ने बताया कि महासंघ का वार्षिक आमसभा पर चर्चा के लिए बैठक बुलाई गयी है। जिसमें 5 जनवरी को संविधान के अनुसार से वर्तमान कमिटी को भंग कर नई कमेटी का चुनाव आदि विषयों पर चर्चा की जायेगी। इसको लेकर आज शुक्रवार को झारखंड प्रदेश डीजल ऑटो चालक महासंघ के सभी प्रदेश पदाधिकारी व जिला पदाधिकारियों की बैठक रखी गई है। दिनेश सोनी ने सभी पदाधिकारियों से बैठक में ससमय उपस्थित रहने की अपील की है।

### रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन का चुनाव 24 दिसंबर को, 15 तक नामांकन

**रांची।** जिला मारवाड़ी सम्मेलन का चुनाव 24 दिसंबर को मारवाड़ी भवन में होगा। इस चुनाव को संपन्न कराने के लिए चुनाव पदाधिकारी विनोद कुमार जैन को बनाया गया है। उन्होंने बताया कि 24 दिसंबर को होने वाले रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष के चुनाव में नामांकन पत्र प्राप्त एवं जमा करने की अंतिम तिथि 15 दिसंबर अपराह्न 4 बजे तक है। नामांकन पत्रों की जांच एवं वैध नामांकन पत्रों की सूची 15 दिसंबर को संध्या 7 बजे प्रकाशित किया जाएगा। नाम वापसी 17 दिसंबर को अपराह्न 4 बजे तक होगा। उन्होंने बताया कि चुनाव आवश्यक होने पर मारवाड़ी भवन में 24 दिसंबर को पूर्वाह्न 11 बजे से 4 बजे तक मतदान कराया जायेगा। चुनाव पदाधिकारी विनोद कुमार जैन ने रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के चुनाव को सुचारू रूप से कराने के लिए पवन शर्मा एवं पवन कुमार पोद्दार को सह निर्वाचन पदाधिकारी नियुक्त किया है।

### 17 दिसंबर तक सुबह में कोहरा या धुंध के बाद आसमान रहेगा साफ, कांके में 19 से और बढ़ेगी ठंड

# तापमान गिरने से हवा में बढ़ी कनकनी



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजधानी रांची समेत पूरा राज्य ठंड के आगोश में है। लगातार बढ़ती ठंड से लोगों का हाल बेहाल हो रहा है। सुबह और शाम को कंपकपाती ठंड लोगों को परेशान कर रही है। मौसम विभाग के राज्य में बादल के छंटने के साथ ही तापमान में जबरदस्त गिरावट हो रही है। राजधानी रांची में भी ठंड काफी बढ़ गयी है जिस कारण दिन के समय धूप के बावजूद हवा में ठंड का अहसास हो रहा है। लोगों को ठंड से बचने के लिए धूप के बावजूद दिन के समय भी गर्म कपड़ों का सहारा लेना पड़ रहा है। शहर से बाहर ग्रामीण क्षेत्र में ठंड का सितम ज्यादा नजर आता है। ग्रामीण क्षेत्रों में सुबह के समय ज्यादा धुंध नजर आती है। जो सुबह आठ बजे के बाद कम होती है। ठंड के कारण लोगों को शाम को आग सेकने की जरूरत पड़ रही है। गिरते तापमान को देखते हुए रांची के उपायुक्त ने शहर के सभी चौक चौराहों और ग्रामीण क्षेत्र में सावर्जनिक स्थानों और भीड़भाड़ वाले स्थानों जैसे चौक, चौराहा और बाजारों में भी अलाव जलाने का निर्देश अधिकारियों को दिया है। पिछले कुछ दिनों से लगातार घट रहे तापमान को लेकर मौसम विभाग ने येलो अलर्ट भी जारी किया है। अगले कुछ दिनों में तापमान 8-9 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की संभावना जताई गई है। मौसम विज्ञान केंद्र रांची के वरीय विज्ञानी अभिषेक आनंद के मुताबिक, रांची का न्यूनतम आगामी दिनों 9 के आसपास रहेगा। 17 दिसंबर तक सुबह में कोहरा या धुंध और बाद में आसमान साफ रहेगा व मौसम शुष्क बना रहेगा।

### कॉके क्षेत्र में पड़ रही है अधिक ठंढ

अभिषेक आनंद ने बताया कि राजधानी समेत पूरे राज्य में बादल के छंटने के साथ ही तापमान में जबरदस्त गिरावट दर्ज किया गया है। वहीं शहर के कांके में न्यूनतम तापमान ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। पिछले तीन दिनों से कांके का न्यूनतम तापमान 9 के आसपास ही है।। यह सिलसिला 17 दिसंबर तक बना रहेगा। वहीं 19 दिसंबर को यह घटकर 8 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने के आसार हैं।

### बीपी व हार्ट के मरीजों को सावधान रहने की सलाह

सुबह और देर शाम के बाद ठंड बढ़ जाती है। ऐसे में चिकित्सकों ने लोगों को विशेष कर बुजुर्गो और बच्चों को बचने की सलाह दी है। थोड़ी भी लापरवाही होने से शरीर पर ठंड का असर पड़ सकता है। चिकित्सकों के मुताबिक इस मौसम में दिल की बीमारी और रक्तचाप वाले मरीजों को ज्यादा सावधान रहने की जरुरत है। ऐसे मौसम में रक्तचाप बढ़ने का खतरा रहता है। इसकी वजह से हार्ट अटैक या स्ट्रोक आ सकता है। इसलिए समय पर दवाई लेने और ठंड से बचने की सलाह दी गई है।

### मैकलुस्कीगंज का तापमान 6.5 डिग्री पहुंचा

मैकलुस्कीगंज में ठंड ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी है। आने वाले दिनों और ठंड बढ़ने की संभावना है, तापमान में गिरावट शुरू हो गई है। मैकलुस्कीगंज में तापमान मापक यंत्र में न्यूनतम तापमान साढ़े छह डिग्री और अधिकतम 20 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### इन जिलों में गिरा है न्यूनतम पारा

मौसम केंद्र के मुताबिक पिछले 24 घंटों में देवधर, धनबाद, कोडरमा, चतरा, लातेहार, लोहरदगा, पलामू, बोकारो, रांची, खूंटी, गुमला और सिमडेगा में न्यूनतम पारा 9 डिग्री रिकॉर्ड हुआ है। जबकि रामगढ़ का पारा 8 डिग्री सेल्सियस जा पहुंचा है। आने वाले दिनों में चतरा, गढ़वा, पलामू और सिमडेगा में पारा 8 डिग्री तक जा सकता है।

### सीएम आवास घेराव करने निकले दिव्यांगजन, पुलिस ने रोका



**रांची।** सीएम आवास का घेराव करने के लिए निकले दिव्यांगजनो को डॉ जाकिर हुसैन पार्क के पास पुलिस प्रशासन ने रोका। इसके बाद दिव्यांगजनों का एक प्रतिनिधि मंडल सीएमओ गया. जहां सीएम के अवर सचिव राम मूर्ति सिंह से उनकी वार्ता हुई।

### 67वीं राष्ट्रीय स्कूल गेम्स योगासन प्रतियोगिता के पर्यवेक्षक बने प्रशांत कुमार सिंह



**रांची।** प्रशांत कुमार सिंह (सचिव लातेहार जिला योगासन स्पोर्ट एसोसिएशन) को काउंसिल फॉर द इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन, नई दिल्ली द्वारा आयोजित अंडर 19 लड़के और लड़कियों की श्रेणी में आगामी 67वीं राष्ट्रीय स्कूल गेम्स योगासन प्रतियोगिता 2023-24 के लिए आधिकारिक पर्यवेक्षक के रूप में चुना गया है जो हेरिटेज स्कूल, कोलकाता द्वारा होस्ट किया गया। एसजीएफआई द्वारा आयोजित प्रतियोगिता 18 दिसंबर से 21 दिसंबर तक कलकाता के हेरिटेज स्कूल में आयोजित हैं। प्रशांत सिंह को डॉ. सुनील कुमार सिंह (एचओडी स्पोर्ट्स द हेरिटेज स्कूल) द्वारा पत्र के माध्यम से आमंत्रित किया गया।

### डीएवी गांधीनगर स्कूल (शिशु विहार) के बच्चों ने कांके गौशाला का किया भ्रमण



रांची। गुरुवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा कला एवं खेल प्रकोष्ठ रांची महानगर एवं (रिलेशनस) के संयुक्त तत्वावधान में कांके रोड स्थित डी ए वी गांधीनगर स्कूल ( शिशु विहार ) के बच्चों ने कांके गौशाला का भ्रमण कर सैंकड़ो गौ माताओ को भोजन कराया। इस अवसर पर बच्चो ने अपने अपने घरों से एकत्रित हरी भरी सब्जी, गुड़ रोटी, फल, एवं भोजन आदि कई सामग्रियां गायों को खिलाकर उनकी सेवा और पूजा भी की। इस अवसर पर बच्चे काफी उत्साहित दिखे। बच्चों को शैक्षणिक यात्रा के माध्यम से प्रकृति और जानवरो से जुड़ने और बदले में उनकी वास्तविक जड़ों से जुड़ने में मदद करने को लेकर इस यात्रा का आयोजन किया गया है। बच्चों ने गायों को चारे भी खिलाए। इस अवसर पर मुख्य रूप से डी ए वी गांधीनगर स्कूल के प्राचार्य एस के सिन्हा, रिलेशंस के निदेशक आशुतोष द्विवेदी, निराकार आचार्य, बी के सिन्हा, प्रमोद सहाय,डी ए वी गांधीनगर स्कूल के शिशु विहार की इंचार्ज जया ज ायसवाल,के के प्रसाद, लक्ष्मी सिन्हा, जौली सेन, शिक्षा शर्मा, आयुश कुमार आदि उपस्थित थे।

### भारत बंद को सफल बनाने के लिए सरना समिति की बैठक

**रांची।** गुरुवार को लोहरदगा के केतकी पैलेस होटल में केंद्रीय सरना समिति के जिला अध्यक्ष चैतू उरांव की अध्यक्षता में 30 दिसंबर 2023 के भारत बंद को लोहरदगा जिला में जोरदार सफल बनाने के लिए सार्थक चर्चा की गई। केंद्रीय अध्यक्ष फूलचंद तिर्की ने बताया कि हमें सरना के लिए एकता और संघर्ष जारी रखना है। एकता और आंदोलन से ही हमें सरना धर्म कोड मिलेगा। मुख्य अतिथि सालखन मुर्मू ने बताया कि 15 करोड़ भारत के आदिवासियों को उनकी धार्मिक आजादी से वंचित करने के लिए कांग्रेस और बीजेपी दोनों दोषी हैं। 2011 की जनगणना में 50 लाख आदिवासियों ने सरना धर्म लिखाया जबकि जैनों की संख्या 44 लाख थी। तब भी सरना कोड नहीं देना आदिवासियों के साथ संवैधानिक अपराध करने जैसा है। आज की परिचर्चा में राजी पढहा सरना प्रार्थना सभा के जिला अध्यक्ष सोमदेव उरांव ने सरना धर्म कोड हासिल करने के लिए भारत बंद को पूर्णता समर्थन देने की घोषणा की।

### लाइट हाउस के सामने निर्माण के विरोध में बस्ती वालों ने किया प्रदर्शन



रांची। बस्ती बचाओ संघर्ष समिति के बैनर तले स्थानीय लोगों ने लाइट हाउस के सामने प्रदर्शन किया। झोपड़ी बस्ती के लोगों का आरोप है कि ठेकेदार द्वारा जबरन अतिरिक्त भूमि और नगर निगम के बोरिंग व सरकारी चापाकल की घेराबंदी की जा रही है। बस्ती वासियों ने इसको लेकर ठेकेदार के कार्यो का विरोध करते हुए कुछ देर के लिए काम ठप करा दिया। सूचना पर पहुंचे नगड़ी अंचल के सीओ ने ठेकेदार और बस्ती वासियों के बीच में वार्ता कराया। बैठक में कहा गया कि यहॉ छोटी सी जगह खाली बची है। जहां पर पीने का पानी के लिए बोरिंग तथा सरकारी चापाकल है। उसे भी ठेकेदार जबरदस्ती लेना चाहते है। इसी का हमलोग विरोध कर रहे है। बस्ती वासियों की मांग है कि वार्ता कर समस्या का समाधान निकाला जाए। विरोध करने वालों में बस्ती बचाव संघर्ष समिति के संयोजक मिंटू पासवान, रोहित कुमार, ललिता देवी, उर्मिला देवी एवं प्रभा गीता सहित स्थानीय महिला-पुरूष उपस्थित थे।

### केंद्रीय कोयला मंत्री से मिले सांसद संजय सेठ

रांची। नई दिल्ली में सांसद संजय सेठ ने केंद्रीय कोयला एवं संसदीय कार्यमंत्री प्रहलाद जोशी एवं केंद्रीय संस्कृति एवं कानून राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल से मुलाकात की। इस दौरान सांसद श्री सेठ के साथ गिरिडीह के सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी और पुरुलिया के सांसद ज्योतिर्मय महतो भी मौजूद रहे। सांसद ने बताया कि केंद्रीय मंत्री से रांची लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। खलारी क्षेत्र में सीएसआर के तहत हुए कार्यों से उन्हें अवगत कराया। डीएमएफटी के तहत हो रहे कार्यों की जानकारी दी। उनसे आग्रह किया की कोयला खनन क्षेत्र के लोगों का जीवनस्तर और बेहतर हो सके, इस दिशा में योजनाएं बनाकर काम करना चाहिए। केंद्रीय मंत्री ने आश्वस्त किया कि रांची लोकसभा क्षेत्र और कोयला खनन क्षेत्र खलारी के लिए जो भी बेहतर करना होगा, हर कार्य किया जाएगा।

### उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा के निर्देश पर टीम ने किया डेली मार्केट के नुकसान का सर्वे

# प्रभावितों को दी जाएगी सहायता



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

डेली मार्केट में अगलगी की घटना के बाद जिला प्रशासन की टीम की ओर गुरूवार को सर्वे किया गया। उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा के निर्देश पर गठित टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर आग से हुए नुकसान का सर्वे किया। सर्वे टीम में शामिल अंचल अधिकारी, शहर मुंशी राम ने घटनास्थल पर पहुंचकर स्थानीय लोगों एवं प्रभावितों से अगलगी के कारण की जानकारी ली एवं हुए नुकसान के बारे में पूछा। अंचल अधिकारी मुंशी राम ने प्रभावितों को बताया कि जिला प्रशासन द्वारा उन्हें आपदा प्रबंधन (अगलगी) अंतर्गत नियम अनुसार सहायता राशि उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने सभी प्रभावितों को अपने दुकान के आकार एवं हुए नुकसान से संबंधित आवेदन प्रपत्र में उपलब्ध कराने को कहा ताकि प्रक्रिया आगे बढ़ाया जा सके।

### अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष ने किया दौरा

**रांची।** झारखण्ड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष शमशेर आलम के नेतृत्व में एक टीम ने रांची के मेन रोड स्थित सब्जी मार्केट का दौरा किया और वहां की स्थिति का जायजा लिया ज्ञात हो कि विगत 12 दिसंबर मंगलवार की रात 10 बजे भीषण आग लगने से डेलीमार्केट के सब्जी दुकानदारों को काफी नुकसान हुआ है। श्री आलम ने घटना स्थल का निरीक्षण करते हुए पीड़ित दुकानदारों से मुलाकात कर सरकार की तरफ से आर्थिक मुआवजा दिलाने का यथा संभव प्रयास करने का भी आश्वासन दिया।

### बंधु ने किया डेली मार्केट का दौरा

**रांची।** मंगलवार को डेली मार्केट में लगी आग में सौ से अधिक सब्जियों की दुकाने जल कर राख हो गई।आगलगी में एक करोड़ से अधिक के सम्पति का नुकसान हुआ। कई लोगो की जिंदगी भर की कमाई खाक में मिल गई।मार्केट मे अधिकतर दुकाने टीन के छत वाली थी। ये खबर सुन पूर्व मंत्री बंधु तिर्की दिल्ली से लौटते ही डेली मार्केट घटना स्थल पर पहुंचे और मार्केट के लोगों से मिलकर उन्हें संतावना दी।

# समुदायों के बीच वैक्सीन को लेकर हिचकिचाहट को दूर करना होगा : डॉ कुजूर




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

जेवियर समाज सेवा संस्थान (एक्सआईएसएस) के ग्रामीण प्रबंधन कार्यक्रम ने कर्रा सोसाइटी फॉर रूरल एक्शन (केएसआरए) के सहयोग से एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला रांची की चयनित शहरी स्लम बस्तियों में व्यवहार नियमित टीकाकरण को बढ़ाने, स्वास्थ्य, पोषण और स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए प्रणाली के सुदृढ़ीकरण और सामुदायिक गतिशीलता पर केंद्रित था। यूनिसेफ रांची द्वारा समर्थित इस पहल का उद्देश्य नियमित टीकाकरण, मां और बच्चे कार्ड, सामुदायिक गतिशीलता, जल, स्वच्छता और स्वच्छता (डब्ल्यूएएसएच) व्यवहार और शहरी सहियाओं की सहायता से इस प्रणाली को मजबूत करने के महत्व पर था। कार्यक्रम का उद्घाटन एक्सआईएसएस के निदेशक डॉ जोसफ मारियानुस कुजूर एसजे ने किया। जिन्होंने वैश्विक स्वास्थ्य सूचकांक में भारत के 126वें स्थान का हवाला देते हुए मानव विकास के लिए विषय की महत्वपूर्ण प्रकृति पर प्रकाश डाला। उन्होंने टीकाकरण की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने समुदाय के बीच वैक्सीन को लेकर हिचकिचाहट है जिसे दूर करना होगा। केएसआरए के परियोजना प्रमुख सादिक खान ने समाज में वॉश और स्वच्छता व्यवहार के महत्व को प्रचारित करने के लिए केएसआरए की पहल पर चर्चा की।

### विशिष्ट लोगों ने किया टी-शर्ट लांच

# अमिताभ चौधरी वेटरन टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

आईपीएस स्व अमिताभ चौधरी की याद में रांची स्पोर्ट्स वेलफेयर एकेडमी यूनिट ऑफ लहू बोलेगा द्वारा वेटरन टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट 17 दिसंबर से शुरू होगा। डोरंडा के उर्स मैदान में आयोजित होने वाले टूर्नामेंट के खिलाड़ियों का टी-शर्ट लॉच किया गया। स्व आईपीएस अमिताभ चौधरी की याद में अंडर 18 जूनियर इंडिविजुअल परफॉर्मर खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया। टी-शर्ट लॉचिंग सह जूनियर खिलाडियों को सम्मानित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एडीएम रांची राजेश्वर नाथ आलोक, सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार विशिष्ट अतिथि डॉ प्रभात कुमार, चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री, अंजुमन इस्लामिया के अध्यक्ष मोख्तार अहमद, जावेद अनवर, पार्षद नसीम गद्दी, डॉ असलम परवेज, डॉ तारिक हुसैन, कप्तान जावेद खान, औरन्जेब खान, मो फहीम एवं नदीम खान उपस्थित थे। इस वेटरन टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट में 35 वर्ष के अधिक के खिलाड़ी/खेल प्रेमी खेल रहें है। जो सामाजिक संस्थाओं के प्रमुख एवं सामाजिक जिम्मेदार होंगे। कुल 42 टीमें भाग ले रही है।

### काली मंदिर को मुक्त कराने के लिए धरना स्थल पर हवन यज्ञ

**रांची।** काली मंदिर बचाओ संघर्ष समिति कांके रोड के बैनर तले विगत चार दिनों से आंदोलन जारी है कल शाम को शव यात्रा एवम पुतला दहन हुआ। आज सुबह से भारी संख्या में मां काली के भक्त महिला पुरुष धरना स्थल पर उपस्थित हुए तथा रॉक गार्डन प्रबंधन और आरआर डी ए रांची को सद्बुद्धि के लिए सुबह 11 बजे से शाम 6 बजे तक सैकड़ों मां के भक्त सामूहिक रूप से मंदिर परिसर के बाहर धरना स्थल पर हवन यज्ञ किया गया एवम आरती पूजन कर अपना विरोध दर्ज. कराया, इस अवसर पर भारी संख्या में सनातन प्रेमी उपस्थित थे रॉक गार्डन प्रबंधन और आरआरडीए के द्वारा जबरन कब्जा और अतिक्रमण से काली मंदिर को मुक्त कराने के लिए आंदोलन चलाया जा रहा है। आज के आंदोलन में मां भवानी क्लब काली पूजा समिति के अध्यक्ष तथा रांची महानगर भाजपा के महामंत्री श्री बलराम सिंह जी, उमेश सिंह राकेश पांडे रविंद्र चौबे नागेंद्र यादव अरविंद गुप्ता विकास रवि राम लगन राम नीरज नायक रणधीर कुमार सिंह रवि राकेश कुमार सिंह ( वीर), विजय सिंह राजेश कुमार बबन कुंदन सिंह मंदिर के मुख्य पुजारी अशोक कुमार पांडे सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# क्षेत्रीय गूंज महोत्सव के दूसरे दिन राहे प्रखंड में परिसंपत्तियों का वितरण

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची। सिल्ली विधानसभा अंतर्गत राहे प्रखण्ड के डोमनडीह मैदान में गुरुवार को सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ क्षेत्रीय गूंज महोत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान जरूरतमंद लोगों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। मौके पर सिल्ली विधायक सह गूंज परिवार के संरक्षक सुदेश कुमार महतो ने कहा कि समाज में जमीनी स्तर पर सेवा देने वाली रसोइया, स्वास्थ्य एवं जल सहिया, पहान, किसान समेत कई ऐसे लोग हैं, जिन्होंने गांवों की निस्वार्थ सेवा की है लेकिन सरकारी स्तर पर उनकी अनदेखी होती रही है। क्षेत्रीय गूंज महोत्सव के माध्यम से हम अनदेखे किए गए उन सभी लोगों को सम्मानित करने एवं उनका उत्साहवर्धन करने का काम कर रहे हैं और यह कार्य लगातार जारी रहेगा। समाज को सशक्त बनाने के लिए हर वर्ग की भागीदारी महत्वपूर्ण है, तभी हम सामाजिक न्याय के लक्ष्य तक पहुंचा जा सकता है। क्षेत्रीय गूंज महोत्सव के दौरान स्थानीय लोगों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य एवं नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया। दिव्यांगजनों को रजिस्ट्रेशन के बाद प्रमाण पत्र दिए गए। उनके बीच निःशुल्क सहायक उपकरण जैसे व्हीलचेयर का वितरण किया गया। साथ ही निःशुल्क एलपीजी गैस कनेक्शन और पौधों का भी वितरण हुआ। निःशुल्क गैस कनेक्शन, नेत्र व स्वास्थ्य जांच एवं दिव्यांगजनों के बीच वितरित सहायता यंत्र मिलने से जरूरतमंद लोगों के चेहरों पर खुशी नजर आई। लोगों ने कहा कि इस तरह का आयोजन हमारे प्रखंड में भी होगा यह कभी नहीं सोचा था। जिस काम के लिए दूर शहर जाना पड़ता था आज वो हमारे घर के पास हो रहा है। इस शानदार पहल के लिए महोत्सव में मौजूद लोगों ने सुदेश कुमार महतो और गूंज परिवार का हृदय से आभार व्यक्त किया।

### मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2024 के अंतर्गत किये जा रहे निर्वाचन कार्यों की समीक्षा

# प्रपत्रों की त्वरित ऑनलाइन डाटा एंट्री व ससमय निष्पादन करें : डीसी



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में हुई बैठक में मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यो की समीक्षा की गयी। विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के लिए किये जा रहे निर्वाचन कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। बैठक में डीसी द्वारा जिला के सभी सात विधानसभा के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों से मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2024 अंतर्गत किये जा रहे कार्यों की बारी-बारी से जानकारी ली। विधानसभावार प्राप्त फॉर्म-6, 7 एवं 8 और उनके निष्पादन की समीक्षा करते हुए डीसी ने कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि ज्यादा से ज्यादा आवेदन प्राप्त करें एवं ससमय ऑनलाइन इंट्री कर निष्पादन सुनिश्चित करें। डीसी ने पुनरीक्षण अवधि के दौरान प्राप्त प्रपत्रों का ससमय ऑनलाइन डाटा एंट्री करवाना एवं उन्हें ससमय निस्तार किये जाने के संबंध में सभी को निदेशित किया। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में प्राप्त फॉर्म-6 एवं 7 का उसी दिन ऑनलाइन इंट्री सुनिश्चित करने का निर्देश भी सभी इआरओ को दिया गया। उन्होंने सभी निर्वाचन निबंधक पदाधिकारी से कहा कि जहां भी कम्प्यूटर ऑपरेटर बढ़ाने की आवश्यकता है, वहां संख्या बढ़ाये। डीसी ने आयोग से प्राप्त निर्देश के आलोक में मतदाता सूची में विद्यमान पीएसई तथा डीएसई का निराकरण ससमय करने के भी निर्देश दिये।

### दो दिनों के अंदर अपलोड करने का निर्देश

डीसी ने पीएसई तथा डीएसई का जांच प्रतिवेदन सभी बीएलओ से दो दिनों के अंदर प्राप्त कर उन्हें नियमानुसार अपलोड करते हुए कार्रवाई करने का निर्देश दिये। साथ ही उन्होंने जितने प्रकार के प्रतिवेदन की विभाग से मांग की जा रही है ससमय सभी प्रतिवेदन जिला निर्वाचन कार्यालय को उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया।

### मृत मतदाताओं के नाम हटाए जायें

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी ने कहा कि सभी योग्य व्यक्ति जिनकी आयु 01 जनवरी 2024 को 18 वर्ष पूरी हो रही है। उनका नाम मतदाता सूची में जोड़ें एवं मृत मतदाताओं का नाम मतदाता सूची से नये नॉर्म्स के अनुसार विलोपित करें।

**बैठक में ये अधिकारी रहे उपस्थित :** बैठक में उप निर्वाचन पदाधिकारी, रांची विवेक कुमार सुमन, निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी तमाड़ संदीप अनुराग टोपनो, निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सिल्ली राजेश बरवार, निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी खिजरी रामवृक्ष महतो, निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी रांची दीपक दुबे, निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी हटिया राजेश्वर नाथ आलोक, निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी कांके राजीव कुमार और निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी माण्डर प्रदीप भगत उपस्थित थे।

### बंद कनेक्शन के बाद नोटिस, जीएम से मिले चैंबर के पदाधिकारी

**रांची।** कई साल पहले बीएसएनएल का कनेक्शन बंद कराने के बावजूद उपभोक्ताओं को नोटिस भेजा जा रहा है। इस मामले का अवगत कराने के लिए झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स के टेलिकम्युनिकेशन उप समिति का एक दल बीएसएनएल के जीएम उमेश प्रसाद साव से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने नोटिस को शिथिल करने की मांग की है। अवगत कराया गया कि वर्षों पूर्व बंद किये गये कनेक्शन का फिर बिल भुगतान करने और भुगतान में विलंब करने पर कानूनी कार्रवाई करने से संबंधित उपभोक्ताओं के पास मिल रही नोटिसों की शिकायतें हमलोगों को मिली है। यह भी वास्तविकता है कि वर्षों पूर्व किये गये भुगतान की रसीद या अन्य प्रति संभालकर सुरक्षित रखना किसी भी उपभोक्ता के लिए संभव नहीं है। यह आग्रह किया गया कि मामले की समीक्षा करते हुए उपभोक्ताओं को निर्गत किये गये ऐसी सभी नोटिसों को शिथिल कराने के लिए विभागीय निर्देश दें।

# एनटीपीसी कोयला खनन ने शानदार वृद्धि का किया प्रदर्शन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

एनटीपीसी लिमिटेड, अपने कोयला खनन के माध्यम से भारत की अग्रणी एकीकृत बिजली उपयोगिता पहल ने रिकॉर्ड समय में एक उल्लेखनीय मील का पत्थर पार करके एक और उपलब्धि जोड़ दी है। चालू वित्त वर्ष में 23.223 एमएमटी का उत्पादन के साथ,एनटीपीसी ने पिछले वित्त वर्ष के कोयला उत्पादन को पार कर लिया है। वित्त वर्ष 2022-23 में कुल उत्पादन 23.203 एमएमटी था। यह उपलब्धि हासिल की गई है 257 दिनों के रिकॉर्ड समय में हासिल किया गया, जो पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 108 दिन कम है। कोयला उत्पादन में 77 प्रतिशत और प्रेषण में 88 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज किया। एनटीपीसी ने एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड (एनएमएल) के साथ 100 प्रतिशत सहायक कंपनी बनाने में कदम रखा है।खनन व्यवसाय की ओर ध्यान केंद्रित करने का इरादा से कोयला मंत्रालय (एमओसी) ने एनएमएल को मान्यता दी है। बीते 27 सितंबर को एमओसी, एनटीपीसी लिमिटेड और एनएमएल के बीच डीड ऑफ पालन पर हस्ताक्षर हुआ था। यह उत्कृष्ट निष्पादन एनटीपीसी खनन क्षेत्र को बढ़ाने की दिशा में निरंतर प्रतिबद्धता को दशार्ता है। एनटीपीसी की ईंधन सुरक्षा में योगदान और कुशल सुनिश्चित करने के लिए अपनी कैप्टिव खानों से कोयला उत्पादन आपूर्ति देश की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए है। अब तक एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड ने अपने से 91 मिलियन मीट्रिक टन (एमएमटी) से अधिक कोयले का उत्पादन किया है। झारखंड में चार चालू कैप्टिव कोयला खदानें अर्थात पकरी बरवाडीह और चट्टी-बरियातू कोयला खदानें, ओडिशा में दुलंगा कोयला खदान और छत्तीसगढ़ में तलाईपल्ली कोयला खदान है।

एन टी पी सी खनन NML NTPC Mining Limited

# हमारी सरकार ने स्कैम से स्किल झारखंड बनाया फिर से इसे स्कैमखंड बना दिया गया : बाउरी

**खास मुलाकात**

**आरएनएम। रांची**

झारखंड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा है कि संसद पर हमला लोकतंत्र के मंदिर पर हमला है और ऐसा झारखंड में होता तो पता नहीं क्या हो जाता क्योंकि यहां न जेल के अंदर कोई सुरक्षित है और न बाहर। हर दिन पांच हत्याएं और लगभग पांच बलात्कार हो रहे हैं। एनसीआरबी कि रिपोर्ट में झारखंड के दयनीय स्थिति दिखाई दे रही है। यहां के लोग अपने प्रियजन की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। रोजगार देने के बजाय रोजगार छीना जा रहा है। जेएसएससी विवादों में रहा क्रूरतापूर्वक परीक्षा कराने पर उतारू था हंगामा मचने पर अब जिस दिन परीक्षा करा रहा है उसी दिन जेपीएससी की भी परीक्षा है।

राज्य सरकार नौकरी देने के बजाय जेपीएससी में आउटसोर्स के बहाने 2500 लोगों को नौकरी से निकाला। फायर सर्विस वाले भी परेशान हैं जिनकी नौकरियां जाने वाली हैं। 5-7 हजार युवाओं को नौकरी देने की बात हवाई घोषित हुई यहां के गरीबों का पैसा बड़े नेताओं की तिजोरी में बंद था जो अब निकल रहा है। उन्हीं की पार्टी के प्रधानमंत्री ने कहा था कि वे एक रुपया दिल्ली से भेजते हैं और गांव 15 पैसा पहुंचता है। यहां के युवाओं के रोजगार और आमजन की सुरक्षा को लेकर आज शुरू हो रहे विधानसभ सत्र में सरकार को घेरा जाएगा।





नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी से बातचीत करते राष्ट्रीय नवीन मेल के कार्यकारी संपादक

यह पूछने पर कि आप युवा नेता प्रतिपक्ष है जबकि अनेक वरिष्ठ मौजूद हैं उन्हें कैसे संभालेंगे श्री बाउरी ने कहा कि सिर्फ भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जो एक परिवार की तरह है और सभी का सहयोग लेकर चलती है। प्रतिनिधित्व के लिए उनका चयन भी सर्वसम्मति से 26 लोगों ने मिलकर किया था न कि अन्य पार्टियों की तरह मनोनयन से। यह पूछने पर कि मुख्यमंत्री कैमबार बोल चुके हैं भाजपा अपनी केंद्रीय एजेंसियों का इस्तेमाल कर उन्हें बदनाम कर रही है जबकि उन्होने अपनी आय-व्यय की विवरणी फाइल कर रखी है उन्होने कहा कि जब वे निर्दोष हैं तो ईडी के सामने अपना पक्ष रखने के बजाय बयानबाजी क्यों कर रहे हैं? उन्हें न्यायालय से भी राहत नहीं मिली है। हमलोग इस बार लोकसभा की 12 सीटें तो जीतेंगे ही शेष दो राजमहल और चाईबासा भी जीतने की रणनीति पर काम कर रहे हैं। मोदी एक ऐसे वैश्विक ब्रांड हैं जो भारत की छवि एक बेचारे देश से पांचवी अर्थव्यवस्था वाले देश तक पहुंचा चुके हैं। यह पूछने पर कि आपलोगों की भी सरकार बहुत दिनों तक यहां थी तब काम क्यों नहीं हुआ श्री बाउरी ने कहा कि 2014 से 2019 तक हमारी सरकार ने इसे स्कैम से स्किल झारखंड बनाया जबकि 2019 से कांग्रेस, जेएमएम और राजद की सरकार ने फिर इसे स्कैमखंड बना दिया है। जिस मुद्दे पर सरकार को घेरा जाएगा।

## एक नजर

### सीएम हेमंत सोरेन के काफिला से टकराया बाइक सवार युवक



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के काफिला के सामने अचानक एक बाइक सवार गुरुवार को आ गया। घटना डोरंडा थाना क्षेत्र के हरमू बाईपास रोड स्थित डीपीएस चौक के पास की है, जहां विधानसभा से मुख्यमंत्री अपने कांके रोड स्थित आवास जा रहे थे। इसी दौरान सेल टाउनशिप से निकले मुख्यमंत्री के काफिले के सामने अचानक से बाइक सवार आ गया और वह मुख्यमंत्री के काफिले के पायलट वाहन से टकराकर गिर गया। युवक को मामूली चोट भी आई। ट्रैफिक एसपी कुमार गौरव ने इसकी पुष्टि की है।

### विहिप ने 16 नगरों में श्री राम जन्मभूमि के पूजित अक्षत का किया वितरण

**रांची।** विश्व हिन्दू परिषद रांची महानगर की ओर से गुरुवार को निवारणपुर स्थित तपोवन मंदिर में श्री राम जन्मभूमि के पूजित अक्षत का वितरण किया गया। इस दौरान 16 नगर के संयोजक और सह-संयोजक को अक्षत कलश दिया गया। मौके पर प्रांत सामाजिक समरसता प्रमुख मिथिलेश्वर मिश्र, रांची महानगर अध्यक्ष कैलाश केसरी, संयोजक चंद्रदीप दुबे, विभाग मंत्री कृष्णकांत झा, धर्म प्रसार प्रमुख रेनू अग्रवाल, सह मंत्री विश्व रंजन सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

### हाईकोर्ट ने दिया जमशेदपुर के डीएसई को सशरीर उपस्थित होने का निर्देश

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट में याचिकाकर्ता श्यामली मंडल को उसके शिक्षक पति की मृत्यु के बाद ग्रेच्युटी, एरियर आफ पेंशन, फैमिली पेंशन आदि सुविधा भुगतान नहीं किए जाने से संबंधित अवमानना याचिका की सुनवाई हुई। मामले में जिला शिक्षा अधीक्षक जमशेदपुर द्वारा सो काज दाखिल नहीं किए जाने पर न्यायाधीश राजेश शंकर की कोर्ट ने उन्हें 19 जनवरी, 2024 को सशरीर उपस्थित होने का निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 19 जनवरी को होगी। स्वप्न मंडल साइंस शिक्षक के रूप में 23 दिसंबर, 1976 को ज्वाइन किए थे। वे अपग्रेडेड हाई स्कूल, कपाली में अप्रैल 2011 में इंचार्ज हेड मास्टर के पद पर कार्य कर रहे थे। इसी दौरान उनकी मृत्यु के बाद उनकी पत्नी श्यामली मंडल को रिटायरमेंट बेनीफिट नहीं मिल पाया था, जिसे लेकर उन्होंने हाई कोर्ट की एकल पीठ में याचिका दाखिल की थी। एकल पीठ ने 17 जून, 2020 को आदेश जारी कर याचिकाकर्ता को रिटायरल बेनीफिट देने का आदेश सरकार को दिया था।

### धीरज साहू के ठिकानों से बरामद नकदी कांग्रेस व सीएम का

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने गुरुवार को फिर एकबार कांग्रेस पार्टी पर हमला बोला। प्रदेश कार्यालय में मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि सांसद धीरज साहू के विभिन्न ठिकानों से आईटी की छापेमारी में बरामद 400 करोड़ रुपए से ज्यादा नकदी कांग्रेस पार्टी और हेमंत सोरेन का कालाधन है।मरांडी ने कहा कि सांसद धीरज साहू की गिरफ्तारी और पूछताछ के बाद सबकुछ उजागर हो जाएगा। उन्होंने कहा कि कोई कितना भी पुराना और बड़ा व्यापारी हो उसे इतनी नकद राशि घर में रखने की इजाजत नहीं है। और कोई रखता भी नहीं बशर्ते उसके पास कोई काला धन नहीं हो।

## झारखंड विधानसभा का शीतकालीन सत्र आज से


# सत्र के संचालन और सुरक्षा को लेकर उच्चस्तरीय बैठक

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड विधानसभा का शीतकालीन सत्र शुक्रवार से शुरू हो रहा है। इसके मद्देनजर गुरुवार को विधानसभा स्पीकर रबींद्र नाथ महतो ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम, नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता, आजसू विधायक लंबोदर महतो, भाकपा माले विधायक विनोद सिंह सहित सरकार के वरीय अधिकारियों संग एक उच्चस्तरीय बैठक हुई। इसमें सत्र की तैयारियों और इसके सफल संचालन के साथ-साथ सत्र के दौरान होने वाली सुरक्षा को लेकर भी चर्चा हुई। बैठक शुरू होने से पहले स्पीकर रबींद्र नाथ महतो, मुख्यमंत्री सह सदन के नेता हेमंत सोरेन, विधायक लंबोदर महतो और विनोद सिंह नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी को उनके चैंबर में ले गए। इसके लिए अमर बाउरी ने सबका आभार भी व्यक्त किया।

### विस के सभी कर्मचारियों और अधिकारियों की छुट्टियां कैंसिल

झारखंड विधानसभा का शीतकालीन सत्र शुक्रवार 11 बजे से शुरू होगा। यह सत्र छह दिनों का होगा। यह राज्य सरकार की अंतिम और पांचवा शीतकालीन सत्र होगा। विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान सभी विभागों के कर्मचारियों और अधिकारियों की छुट्टियां कैंसिल कर दी गई है। केवल विशेष अवकाश में भी छुट्टी मांग सकेंगे।



### स्पीकर ने पक्ष-विपक्ष से सदन के उपयोगी व सफल संचालन के लिए मांगा सहयोग



झारखंड विधानसभा का शीतकालीन सत्र शुक्रवार से शुरू होगा। इसे लेकर गुरुवार को स्पीकर रबींद्र नाथ महतो ने बैठक की। बैठक के बाद स्पीकर ने कहा कि जनता के निर्वाचित प्रतिनिधि सदन के माध्यम से लोकहित में महत्वपूर्ण विषय लाते हैं। लोगों की आकांक्षाएं सदन से जुड़ी होती हैं। ऐसे में सभी से सदन के उपयोगी और सफल संचालन के लिए सहयोग मांगा गया। स्पीकर के मुताबिक सदन के संचालन के लिए इस बार सुरक्षा व्यवस्था पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

### भाजपा के पास मुद्दा नहीं, हम हर सवाल का सामना करने को तैयार



संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि राज्य सरकार विपक्ष के हर सवाल का सामना करने को तैयार है। भाजपा के पास मुद्दा नहीं है। उन्होंने उम्मीद जताई कि विपक्ष सत्र के दौरान प्रदेश की जनता के वाजिब मुद्दों को लेकर सकारात्मक भूमिका निभाए। हालांकि, मुख्य विपक्षी दल भाजपा और उसकी सहयोगी आजसू पार्टी शीत सत्र में कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू के ठिकानों से मिले सैकड़ों करोड़ रुपये की बरामदगी के मामले को लेकर जोरदार आवाज उठाने और सरकार से जवाब मांगने के लिए कमर कस कर बैठी है।

### भाजपा के पास बेरोजगारी भत्ता नहीं देने से लेकर धीरज साहू जैसे मुद्दे



नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने सत्र के दौरान भाजपा की तैयारियों को लेकर कहा कि भाजपा के पास सरकार को घेरने के लिए इस बार मुद्दों की कोई कमी नहीं है। युवाओं की बेरोजगारी से लेकर प्रतियोगी परीक्षाओं के टलने, बेरोजगारों को बेरोजगारी भत्ता नहीं दिए जाने का मुद्दा अहम है। उन्होंने कहा कि धीरज साहू प्रकरण को लेकर भी सरकार को घेरने का काम किया जाएगा। मुख्य सचेतक बिरंची नारायण ने कहा कि भ्रष्टाचार के अलावा धीरज साहू बड़ा मुद्दा है। मुख्यमंत्री को छह बार ईडी के समन के बावजूद उनका ईडी दफ्तर नहीं जाना गहरा सवाल है।

### संसद की सुरक्षा में चूक के बाद विस में तैनात रहेंगे 1000 पुलिसकर्मी

लोकसभा में दो युवकों के दर्शक दीर्घा में कूदने की घटना से सबक लेते हुए 15 दिसंबर से शुरू हो रहे झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र में सुरक्षा के विशेष इंतजाम रहेंगे। विधानसभा आने वाले दर्शकों की गहन जांच होगी। उनकी मेटल डिटेक्टर के अलावा मैनुअली जांच भी की जायेगी। सत्र के दौरान पांच आइपीएस, 12 डीएसपी और 1000 पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे। सुरक्षा में जैप, रैप, इको, आइआरबी, एसआइआरबी सहित पुलिसकर्मी शामिल रहेंगे। साथ ही हथियारबंद जवानों के अलावा डंडा पार्टी की भी तैनाती होगी। जिला के एसएसपी, सिटी एसपी, ग्रामीण एसपी, ट्रैफिक एसपी सहित मुख्यालय से मिले एक आइपीएस सहित पांच आइपीएस को सुरक्षा में लगाया गया है। इस संबंध में रांची एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि दिल्ली के संसद भवन की घटना के बाद झारखंड विधानसभा सत्र लिए सुरक्षा के विशेष इंतजाम किये गये हैं।

### सत्ताधारी विधायक दल की बैठक में विपक्ष को जवाब देने की बनी रणनीति

**रांची।** मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में गुरुवार को विधानसभा के शीतकालीन सत्र को लेकर सभी सत्ताधारी दलों के विधायकों की बैठक मुख्यमंत्री आवास में हुई। बैठक में सत्र के दौरान सरकार का क्या रणनीति होगी इस पर विस्तार से चर्चा की गयी। साथ ही विपक्ष के सवालों का किस प्रकार से जवाब देना है, इसकी भी रणनीति तय की गयी। मौके पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि विपक्ष के सार्थक चर्चा जनमुद्दों को लेकर होती है तो सरकार उनके हर सवालों का जवाब देगी। बैठक में राज्य में वर्तमान राजनीति मसलों पर भी बात हुई। बैठक के बाद पत्रकारों से बात करते हुए राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि सत्ता पक्ष पूरी तरह से तैयार है।

## रांची रिम्स में इलाजरत हार्डकोर नक्सली संजय टेक्निकल की मौत

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**




चाईबासा जेल ब्रेक के मास्टरमाइंड हार्डकोर भाकपा माओवादी नक्सली संजय गंझू उर्फ संजय टेक्निकल की गुरुवार को मौत हो गई। संजय की रिम्स में इलाज के दौरान मौत हो गई। वह मूल रूप से लातेहार जिले के बालूमाथ थाना क्षेत्र के बेसरा गांव का रहने वाला था। रांची जेल में बंद रहने के दौरान उसकी तबीयत बिगड़ गई थी, जिसके बाद उसे बीते छह दिसंबर को रिम्स में भर्ती कराया गया था। हार्डकोर माओवादी संजय गंझू पर राज्य सरकार ने 10 लाख रुपये का इनाम घोषित कर रखा है। विशेष शाखा ने इस पर 25 लाख रुपये का इनाम रखने का प्रस्ताव राज्य सरकार को मंजूरी के लिए भेजा था। संजय गंझू को विस्फोटक तैयार करने में इतनी महारत हासिल थी कि इसे संगठन में संजय टेक्निकल के नाम से जाना जाता था। वह माओवादियों के खराब हथियारों की मरम्मत भी करता था। इसमें कई लोगों को उसने ट्रेंड भी किया था। वर्तमान में पुलिस को चमन और मोछू की भी तलाश है, जिसे संजय गंझू ने टेक्निकल एक्सपर्ट बनाया है।

# सीएम आज जायेंगे खूंटी, डीसी ने लिया तैयारियों का जायजा

**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आज खूंटी आगमन को लेकर उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने गुरुवार को विधि व्यवस्था व सुरक्षा व्यवस्था संधारण, यातायात व्यवस्था और अन्य व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से मुख्य कार्यक्रम स्थल कचहरी मैदान का भ्रमण कर तैयारियों का जायजा लिया। उपायुक्त ने कहा कि कार्यक्रम को लेकर सभी विभाग अपनी तैयारी पहले से पूर्ण कर लें।

सभी विभाग आपसी समन्वय स्थापित करते हुए कार्यों को गति दें, ताकि कार्यक्रम का सफल संचालन सुनिश्चित कराया जा सके। कार्यक्रम में आनेवाले मुख्य अतिथि के अलावा सभी सम्मानित जनप्रतिनिधियों के बैठने की व्यवस्था, लाभुकों के बैठने की व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति, शौचालय, मेडिकल टीम, एंबुलेंस की उपलब्धता के साथ ही अन्य



व्यवस्थाओं को जल्द से जल्द दुरुस्त कर लें। कचहरी मैदान में आयोजित ब्रीफिंग के दौरान उप विकास आयुक्त, पुलिस अधीक्षक और अनुमंडल पदाधिकारी ने कार्यक्रम को लेकर की जा रही तैयारियों की जानकारी दी।

सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों एवं पदाधिकारियों को उनके कार्य दायित्वों की बिंदुआर जानकारी देते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। ज्ञात हो कि आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार का मुख्य आयोजन कचहरी मैदान में 15 दिसंबर को किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री द्वारा कई योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया जाएगा। साथ ही लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया जाएगा। इसमें कुल 15 स्टॉल लगाए जायेंगे, इनमें बैंक, कल्याण विभाग, सामाजिक सुरक्षा विभाग, शिक्षा विभाग, समाज कल्याण विभाग, वन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, आपूर्ति विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, जेएसएलपीएस, कृषि विभाग और सूचना एवं जनसंपर्क विभाग हैं। साथ ही लाइव काउंटर्स भी लगाए जायेंगे।

# कोयला मंत्री से मिले चंद्रप्रकाश, कहा विस्थापित ट्रिब्यूनल का करें गठन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

गिरिडीह के सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने दिल्ली में केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री प्रहलाद जोशी से मिलकर विस्थापित ट्रिब्यूनल का गठन करने का आग्रह किया है। उन्होंने केंद्रीय मंत्री को अपने गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र एवं राज्य में विस्थापितों की समस्या से अवगत कराया। उन्होंने नई दिल्ली में कोल इंडिया के चेयरमैन पीएम प्रसाद एवं सीसीएल के सीएमडी बी वीरा रेड्डी की मौजूदगी मे केंद्रीय मंत्री को बताया। उन्होंने कहा कि गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र एवं राज्य के अन्य क्षेत्रों में कोयला खदान परियोजनाओं की स्थापना के लिए कोयला धारक क्षेत्र (अधिग्रहण और विकास ) अधिनियम 1957 के तहत स्थानीय गरीब मुलवासी, आदिवासी एवं इस क्षेत्र में निवास करने वाले विभिन्न लोगों की जीविका का मुख्य स्त्रोत कृषि भूमि थी। जिसका अधिग्रहण कर लिया गया। जिसके परिणाम स्वरूप झारखंड में बड़े पैमाने पर मूलवासी आदिवासी एवं अन्य स्थानीय लोगों को विस्थापित किया गया। जो एक अभिशाप के रूप में यहॉ विस्थापितों के सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक एवं मानवीय मूल्यों पर विपरीत प्रभाव डाल रहा है। उन्होंने कोयला मंत्री से एक विस्थापित अधिकरण(ट्रिब्यूनल) गठन करने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश देने का आग्रह किया।

## भाजपा प्रदेश कार्यालय में मिलन कार्यक्रम आयोजित, बोले नागेंद्र त्रिपाठी

# भाजपा परिवार की नहीं, पारिवारिक सोच की पार्टी है



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा प्रदेश कार्यालय में गुरुवार को मिलन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। झारखंड सरकार के भूतपूर्व मंत्री स्व. समरेश सिंह की पुत्रवधू डॉ परिंदा सिंह ने सैकड़ों समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। मौके पर मंचस्थ नेताओं ने सभी को पार्टी का पटका एवं पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। मिलन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पार्टी के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री ने सभी को बधाई देते हुए कहा कि भाजपा एक परिवार की पार्टी नहीं, बल्कि पारिवारिक सोच की पार्टी है। उन्होंने कहा कि स्व. समरेश सिंह का पार्टी से पुराना नाता रहा है। भाजपा ही ऐसी पार्टी है जो लौट के आने वाले को वही सम्मान देती है। आज परिंदा सिंह के पार्टी अपने परिवार में लौटने से जितनी खुशी उन्हें है उतनी ही खुशी भाजपा को है। उन्होंने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एक सशक्त भारत, आत्मनिर्भर भारत बन रहा, जिसे रोकने के लिए दुनिया की ताकतें लगी है। दुनिया के चौधरियों को परेशानी हो रही।

### परिंदा सिंह के जुड़ने से पार्टी मजबूत होगी : बाबूलाल

प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत, स्वाभिमानी भारत बनाने के लिए देश की जनता तीसरी बार मोदी को प्रधानमंत्री बनाने के लिए संकल्पित है। उन्होंने कहा कि एक भारत-श्रेष्ठ भारत के निर्माण में सबका साथ-सबका प्रयास आवश्यक है। उन्होंने कहा कि परिंदा सिंह के जुड़ने से पार्टी मजबूत होगी। भाजपा 2024 में झारखंड की 14 लोकसभा सीट एवं विधानसभा चुनाव में भाजपा नेतृत्व की मजबूत सरकार बनाने के संकल्प को मजबूती प्रदान करेगी। बोकारो के साथ पूरे प्रदेश में भाजपा को मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार महिला सशक्तिकरण के लिए संकल्पित है। नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि परिंदा के मन में भाजपा बसती थी। आज यह साकार हुआ, जो मन में था वह अब सामने आ गया। उन्होंने कहा कि स्व. समरेश सिंह के प्रति पूरा झारखंड कृतज्ञ है। अलग झारखंड राज्य के निर्माण में उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। विधानसभा में पार्टी के मुख्य सचेतक बिरंची नारायण ने कहा कि परिंदा सिंह के भाजपा में आने से पार्टी और मजबूत होगी।

## पहल | बोकारो, दुमका, हजारीबाग व रांची के अस्पतालों में मानव दूध बैंक बनाने की तैयारी

# नवजातों के लिए 4 शहरों में अब मदर मिल्क बैंक

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

अब बैंकों में मिलेगा मां का दूध! जी हां, झारखंड के चार शहरों में ऐसे मिल्क बैंक बनने जा रहे हैं, जो नवजात शिशुओं के लिए वरदान साबित होंगे। कई बार नवजात मां के दूध से कई कारणों से वंचित रह जाते हैं। अब ऐसे शिशुओं की माताओं को चिंता करने की जरूरत नहीं है, क्योंकि अब उन्हें बैंक से ही मां का दूध मिल जायेगा। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन और राज्य योजना के तहत राज्य के बोकारो, दुमका, हजारीबाग एवं रांची के अस्पतालों में मानव दूध बैंक यानी ह्यूमन



मिल्क बैंक बनाने की तैयारी स्वास्थ्य विभाग ने पूरी कर ली है। डॉक्टरों के मुताबिक कई माताओं को प्रसव के बाद दूध नहीं होता, इसलिए उनका नवजात स्तनपान से वंचित हो जाता है। कई ऐसे बच्चे भी हैं, जिनकी माता किसी कारणवश दुनिया में नहीं हैं। ऐसे शिशुओं को बचाने के लिए स्वास्थ्य विभाग चार शहरों में मानव दूध बैंक बनाने जा रहा है। विभागीय अधिकारियों के मुताबिक इसकी स्थापना पर सवा करोड़ रुपये खर्च होंगे। टेंडर का प्रोसेस भी शुरू हो चुका है। इसके लिए दो तिहाई राशि केंद्र एवं एक चौथाई राज्य बजट से खर्च होगी। इसके लिए चयनित एजेंसी दूध दान करने वालों के बीच जागरूकता अभियान भी चलाएगी। डॉक्टरों का कहना है कि प्रत्येक 100 प्रसूता माता में से तीन चार के साथ ऐसी समस्या आती है। नवजात बच्चे स्तनपान के बिना कई प्रकार की बीमारियों से ग्रसित होते हैं। दूध बैंक में महिलाएं अपनी इच्छा से दूध दान भी कर सकेंगी। बताते चलें कि देश के कई राज्यों में इस तरह के दूध बैंक हैं, जिनसे नवजात बच्चों को दूध उपलब्ध कराया जाता है। दूध दान करने के लिए कुछ नियम भी बनाये गये हैं, जिसके तहत दूध दान करने के लिए इच्छुक या तैयार माताओं की स्क्रीनिंग कराई जाएगी। उन्हें विकल्प भी दिया जाएगा। डॉक्टरों के अनुसार स्तन के दूध को 8 महीने तक पाश्चुकृत और संग्रहित किया जा सकता है। हालांकि, दूध दान करने वाली महिलाओं के लिए सबसे पहली शर्त है कि उन्हें स्वस्थ होना चाहिए। वर्तमान में स्तनपान करा रही हो, हेपेटाइटिस का कोई सबूत नहीं हो तथा एचआइवी निगेटिव हो। ऐसी महिलाएं ही दूध दान कर सकती हैं।

## टनल में फंसे मजदूरों के नाम पर गंदी राजनीति कर रहे सीएम : बाबूलाल

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने उत्तराखंड के टनल एक सुरंग से बाहर निकाले गए झारखंड के श्रमिकों के नाम पर गंदी राजनीति करने का आरोप लगाया है। सोशल मीडिया पर गुरुवार को उन्होंने कहा कि याद करिए वो दिन जब हेमंत सोरेन ने सुरंग में फंसे मजदूरों के नाम पर गंदी राजनीति कर के सुर्खियां बटोरने का कुत्सित प्रयास किया था।

उन्होंने कहा कि क्रेडिट खोरी की बुरी लत से मजबूर हेमंत ने मजदूरों की सहायता के लिए मीडिया में बड़े-बड़े दावे किए थे। मजदूरों के गांव जाने तक की घोषणा कर दी थी। बाबूलाल के



मुताबिक आज बेचारे मजदूर रोजगार की आस देख रहे हैं लेकिन हेमंत सरकार के पास उनकी सुध लेने तक का समय नहीं है। मीडिया में चर्चित होने के प्रयास में हेमंत की दुर्गति भले हो जाए लेकिन वो जनता को झांसा देना नहीं छोड़ेंगे।

# 25 जोड़ों का सामूहिक विवाह, अभिभावक की भूमिका में रहे विधायक मनीष जायसवाल



**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** विधायक मनीष जायसवाल अपने दो जुड़वा भाई प्रशांत जायसवाल और निशांत जायसवाल की शादी की 25 वीं सालगिरह के मौके पर अनूठी पहल की शुरूआत की. गुरुवार को हजारीबाग के डीपीएस स्कूल मैदान में निर्धन परिवार के 25 जोड़ों का सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया गया. सामूहिक विवाह स्थल पर 25 जोड़ों के लिए 25 बेहद आकर्षक मंडप का निर्माण किया गया था. शाही शादी के तर्ज. पर इस सामूहिक विवाह समारोह को संपन्न कराया गया. इस दौरान विधायक मनीष जायसवाल के साथ उनका पूरा परिवार जुटा रहा. इस कार्यक्रम के लिए 30 सदस्यीय नामचीन और प्रसिद्ध कलाकारों का जत्था ने भी अपनी प्रस्तुति दी. वहीं इस शादी समारोह को एक प्रसिद्ध इवेंट मैनेजमेंट कंपनी द्वारा डिजाइन और संचालित किया गया. वैवाहिक मंगलाचरण के लिए कोलकाता से पहुंची यूनिक म्यूजिकल फेरे के लिए ख्यातिप्राप्त राघवेन्द्र कुमार गौतम उर्फ राघव पंडित जी और उनके 40 पंडितों की टीम ने इस सामूहिक विवाह को सम्पन्न करवाया. वहीं हजारों मेहमान इस सामूहिक विवाह के साक्षी बनें. शादी के पश्चात विधायक मनीष जायसवाल की ओर से सभी 25 जोड़ों को गृहस्थ बसाने हेतु कई सामग्री भेंट किया गया. जिसमें टोटो/बाइक/एफडी, टीवी, फ्रिज, अलमारी, कम्बल, दो अटैची, ट्राली, टेबल फैन, दीवाल घड़ी, सहित अन्य सामग्री शामिल है. शादी के उपरांत सभी जोड़ों का पुष्पवर्षा के साथ पुष्पगुच्छ और भगवान गणेश की प्रतिमा भेंटकर विधायक मनीष जायसवाल और उनके परिवाजनों ने नई जिंदगी शुरूआत करने हेतु ढेरों शुभकामनाएं और बधाई दिया. शादी समारोह स्थल में भारतीय जनता पार्टी के झारखंड प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, भाजपा के प्रदेश महामंत्री बालमुकुंद सहाय, बोकारो विधायक बिरंची नारायण, कांके विधायक समरी लाल, मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल, छतरपुर विधायक पुष्पा देवी, कोडरमा विधायक नीरा यादव और देवघर विधायक नारायन दास सहित कई गणमान्य लोग शामिल हुए और नवविवाहिता सभी 25 जोड़ों को आशीर्वाद दिया. मौके पर भाजपा संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने विधायक मनीष जायसवाल के इस पहल को समाज के प्रेरक बताया. उन्होंने कहा की जायसवाल परिवार हमेशा से लोगों के सुख दुःख में सहभागी बना है और विधायक मनीष जायसवाल गरीबों के रहनुमा बनाकर क्षेत्र में जनता के बीच जननेता के रूप में लोकप्रिय है. शायद ऐसी ही सोच है जो विधायक मनीष जायसवाल को अन्य नेताओं से अलग बनाती है. विधायक बिरंची नारायण सहित अन्य विधायकों ने भी एक साथ 25 बेटियों के परिवार को बसाने और उनके रोजगार की व्यवस्था कराने के लिए विधायक मनीष जायसवाल को बधाई दिया और उनके इस प्रयास को अति सराहनीय बताया.

**डीपीएस मैदान में गूंजी शहनाइ**



## डीसी की अध्यक्षता में तकनीकी विभाग की समीक्षा बैठक

**हजारीबाग।** समाहरणालय सभागार में गुरुवार को तकनीकी विभाग की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त नैंसी सहाय ने की। बैठक में सभी तकनीकी विभाग के अद्यतन प्रतिवेदन की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने योजनाओं की समीक्षा करते हुए जिले में चल रही योजनाओं को पूर्ण करने के क्रम में गुणवत्ता का खास ध्यान रखने तथा योजनाओं को ससमय निष्पादित करने का निर्देश दिया। बैठक में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम को लेकर हजारीबाग में मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम में उदघाटन व शिलान्यास के लिए योजनाओं की सूची अपडेट करने का निर्देश दिया।

**एक नजर**

## चार दिवसीय गैर आवासीय एफएलएन प्रशिक्षण प्रारंभ

**बरकट्ठा।** प्रखंड संसाधन केंद्र बरकट्ठा में चार दिवसीय गैर आवासीय एफएलएन प्रशिक्षण के दूसरे दिन जिला कोऑर्डिनेटर कुंदन कुमार पांडेय के द्वारा प्रशिक्षण का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में पाया कि दो बैच में कार्यक्रम सुचारु पूर्वक चल रहा है। वहीं मुख्य प्रशिक्षक साधन कुमार रावानी, छत्रु राम, प्रताप कुमार शाह, मनोज मंडल के द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा था। प्रशिक्षण के दौरान कुंदन कुमार पांडेय के द्वारा बच्चों को संपर्क पाठशाला के विषय में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में 40-40 के बैच में विभिन्न शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित थे। मौके पर विभिन्न विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं, बीपीएम धीरज शर्मा, बीआरसी कर्मी विनय कुमार, आसिफ अली, विनय कुमार मंडल, जितेंद्र कुमार, रूपलाल कुमार उपस्थित थे।

## 30 किलो गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार

**हजारीबाग।** हजारीबाग जिला अंतर्गत इचाक थाना क्षेत्र के शिजुआ में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर उड़ीसा नंबर के ट्रक से 30 केजी गांजा बरामद किया है. जिसकी बाजार मूल्य लगभग 16 लाख रुपये है. जानकारी देते हुए डीएसपी राजीव कुमार सिंह ने बताया कि हजारीबाग पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली थी कि उड़ीसा से बिहार की ओर नशीले पदार्थ कारोबार एक ट्रक के माध्यम से होना है जो ट्रक इचाक थाना क्षेत्र में खड़ा है. पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए इस गाड़ी को पकड़ा. ट्रक के इंजन के पास से 25 पैकेट गांजा बंधा पाया गया. साथ ही मामले में पुलिस ने ट्रक ड्राइवर को भी गिरफ्तार किया है.

## सहायक अध्यापक के आकस्मिक निधन पर शोक सभा

**बरही ।** बुनियादी विद्यालय पंचमाधव में उसी विद्यालय के सहायक अध्यापक सतीश कुमार यादव के आकस्मिक निधन पर शोक सभा का आयोजन किया गया. जिसमें विद्यालय के शिक्षक सहित विद्यार्थियों ने दो मिनट का मौन रखकर मृतात्मा की शांति और परिजनों को धैर्य प्रदान करने हेतु ईश्वर से कामना किया गया. इसके बाद सभी शिक्षक साथी अपने दिवंगत साथी के अंतिम यात्रा में भी शामिल हुए. इस अवसर पर विद्यालय के प्रभारी और सहायक अध्यापक संघ के प्रदेश अध्यक्ष संजय दुबे ने बताया कि राज्य सरकार की दोहरी नीतियों के कारण हम सभी सहायक अध्यापक पीसे जा रहे है.

## चेचकपी मुखिया ने किया 60 कंबलों का वितरण

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत चेचकप्पी में जरुरतमंद लोगो के बीच कंबल बांटे गए। मुखिया रीता देवी एवं समाजसेवी डेगलाल साव ने गांव में जाकर 60 बुजुर्ग एवं असहायों के बीच कंबल का वितरण किया। मुखिया ने बताया की कल्याण विभाग से प्राप्त कंबल को आज छह वार्ड में 10-10 करके कुल 60 लोगो को कंबल दिया गया। शेष बचे वार्ड में भी कंबल दिया जाना है। मुखिया ने कहा की कंबल का वितरण हो जाने से लोगों को कड़ाके की ठंड से राहत मिलेगी। इस अवसर पर सहदेव हांसदा, कैलाश टुडू, वार्ड सदस्य शीतल टुडू, मणि सिंह, दुर्गा सिंह, छोटू मांझी, किशन मांझी, महादेव मांझी समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

### बरकट्ठा उत्तरी पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

# 932 आवेदनों का ऑन द स्पॉट निष्पादन



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत बरकट्ठा उत्तरी में आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन सोमवार को किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बीडीओ रोशमा डुंगडुंग, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद, मुखिया प्रमिला देवी, खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी मिंटू रजक, कृषि पदाधिकारी अशोक ठाकुर, मुखिया प्रतिनिधि बसंत साव ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में सबसे अधिक अबुआ आवास योजना के लिए 308 आवेदन, जाति प्रमाण पत्र 5, आय प्रमाण पत्र 5, लगान रसीद 9, आयुष्मान कार्ड 6, मनरेगा 7, सर्वजन पेंशन योजना 18, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के 30, किसान क्रेडिट कार्ड योजना 6, आधार पंजीकरण 1, मुख्यमंत्री पशुधन योजना के 24, जाति प्रमाण पत्र वितरण 5, आधार कार्ड में संशोधन 3, राशन कार्ड में संसोधन के 12, गुरू जी क्रेडिट कार्ड के 5 आवेदन प्राप्त हुए। जबकि साइकिल के लिए डीबीटी 236 लोग का किया गया। मौके पर एसएचजी क्लस्टर सदस्यो के बीच आईडी कार्ड 289 का वितरण, जरूरत मंद 168 लोगों को कंबल तथा 300 कार्डधारकों के बीच धोती, साडी, लुंगी का वितरण किया गया। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में कुल 1437 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें 932 का ऑन स्पॉट निष्पादन किया गया जबकी 505 प्रोग्रेस में है। इस अवसर पर बरकट्ठा दक्षिणी मुखिया अब्बास अंसारी, समाजसेवी अर्जुन राणा, बीपीओ श्यामनाथ वर्मा, अशोक गुप्ता आदि लोग मौजूद थे।

## रामगढ़ में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में खुशी आजीविका सखी मंडल को मिला छः लाख का ऋण



**रामगढ़।** राज्य सरकार के 4 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे हैं आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत पतरातू प्रखंड के लबगा पंचायत में आयोजित शिविर के दौरान खुशी आजीविका सखी मंडल स्वयं सहायता समूह को 6 लाख रुपए का दिन उपलब्ध कराया गया। मौके पर खुशी सखी आजीविका मंडल स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने सरकार व जिला प्रशासन का धन्यवाद करते हुए कहा कि समूह से जुड़ने के उपरांत उन्होंने आपसी समन्वय के साथ मसाला व्यापार शुरू किया था, वर्तमान में हम अपने गांव व आसपास के गांवों में व्यापार कर रहे हैं अब तक किए गए कार्यों के अनुभव से हमें लगता है कि अगर हमें सही पूंजी मिले तो हम अपने व्यापार को और आगे बढ़ा सकते हैं अब जब सरकार द्वारा 6 लाख रुपए का ऋण उपलब्ध कराया गया है तो यह हम सभी के लिए खुशी की बात है हमें पूरी उम्मीद है कि आने वाले समय में हम मसाला व्यापार में अच्छा कर अपने साथ-साथ अपने गांव व पंचायत की अन्य महिलाओं के जीवन को भी स्वावलंबी और सुदृढ़ बना सकेंगे।

## बरही प्रखंड के विभिन्न स्कूलों में साइबर सिक्योरिटी की दी जानकारी

**बरही ।** प्रखंड में साइबर सिक्योरिटी को लेकर अपने 26 में स्थापना दिवस के अवसर पर सॉफ्टेक कंप्यूटर एजुकेशन का जगत अभियान जोरों पर है. इसी क्रम में गुरुवार को केंद्र की टीम देचंदा मोड स्थित श्रीदस इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल, उत्क्रमित उच्च विद्यालय खोड़ाहार और प्लस टू उच्च विद्यालय गौरियाकरमा में विद्यार्थियों को साइबर सिक्योरिटी से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां देने का काम किया. इस दौरान केंद्र निदेशक जयदीप कुमार सिन्हा ने विद्यार्थियों को विभिन्न माध्यमों से होने वाले साइबर फ्रॉड की जानकारी देते हुए उसे सुरक्षित रहने का तरीका बताया. उन्होंने बताया कि साइबर ठगी से बचने के लिए साइबर सिक्योरिटी का जानकारी होना अनिवार्य है. इसके लिए 26वें स्थानपाना दिवस के अवसर पर उनके केंद्र ने प्रत्येक विद्यालय के 25 विद्यार्थियों को निःशुल्क साइबर सिक्योरिटी कोर्स करवाने का निर्णय लिया है. इच्छुक विद्यार्थी उनके केंद्र से संपर्क कर अपना पंजीकरण करवा सकते है. जगत अभियान के दौरान श्री दास इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में प्राचार्य रोहित कुमार सिंह, उत्क्रमित उच्च विद्यालय खोला हर में प्रधानाध्यापक डॉक्टर सुनील कुमार यादव और प्लस टू उच्च विद्यालय गौरीया करमा में सहायक शिक्षा बमबम राम की अगुवाई में सॉफ्टेक की टीम का स्वागत किया गया. साथ ही इंटरनेट के इस युग में इस महत्वपूर्ण जानकारी के लिए केंद्र के इस कदम की सराहना की गई. जागरूकता टीम में पूर्ववर्ती छात्र बैजनाथ महतो, सोनू दास सहित केंद्र की सोनाली पांडेय और मुस्कान प्रवीण शामिल थी.

## विभावि के स्नातकोत्तर सत्र के प्रथम सेमेस्टर में नामांकन के लिए अंतिम सूचना जारी

हजारीबाग। विनोबा भावे विश्वविद्यालय में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम के प्रथम समसत्र (सत्र 2023-25) के लिए नामांकन की अंतिम योजना को जारी कर दी गई। इसके तहत नामांकन हेतु दो तरह की व्यवस्थाएं की गई। प्रथम व्यवस्था उन लोगों के लिए है जिन लोगों ने 300 का भुगतान कर नामांकन हेतु ऑनलाइन आवेदन किया है परंतु किसी कारणवश अभी तक जिनका नामांकन नहीं हो पाया है। ऐसे लोग संबंधित अंगीभूत महाविद्यालय में या विश्वविद्यालय के नामांकन प्रकोष्ठ में उनके द्वारा पूर्व में 300 जमा करने के रसीद की छाया प्रति के साथ आवेदन जमा कर सकते हैं। ऐसे आवेदन 14 से 16 दिसंबर, 2023 के अपराहन 4:00 बजे तक जमा किए जा सकते हैं। दूसरी व्यवस्था वैसे विषयों के लिए है जहां पर शेष या कुल आवेदकों की संख्या, रिक्त सीटों की संख्या से कम है। ऐसे विषयों में संबंधित स्थान के लिए चांसलर पोर्टल द्वारा नए सिरे से ऑनलाइन आवेदन किए जा सकते हैं। यह सुविधा उन लोगों के लिए है जो पूर्व में आवेदन करने से वंचित रह गए थे। ऐसे आवेदन 14 से 16 दिसंबर के अपहरण 4:00 बजे तक किए जा सकते हैं। नामांकन की नई योजना के तहत स्नातकोत्तर सत्र 2023 -25 में अंतिम बार के लिए मेधा सूची का प्रकाशन 18. 12. 2023 को किया जाएगा।

## राष्ट्रीय राजमार्ग की लापरवाही से नगवां सेवाने पुल में पड़ी जानलेवा दरारें : डॉ आरसी मेहता

**हजारीबाग ।** बोगा-नगवा स्थित सेवाने पुल जो कुछ ही वर्ष पूर्व राष्ट्रीय राजमार्ग द्वारा अधिकृत कंपनी द्वारा पुल का निर्माण किया गया है। बीच पुल में दरार पड़ चुका है, जो दुर्घटना को आमंत्रण दे रहा है । निमार्ता कंपनी द्वारा जिस प्रकार पुल मरम्मत करा रहा है ,जो ह्यूमन राइट का उल्लंघन है, जिस तरह बिहार में पुल का जमींदोज गंगा में हुआ था, वैसी संभावना बनी हुई है । यह बातें विधानसभा उपविजेता कांग्रेस नेता डॉ आर सी मेहता ने सेवन पुल के निरीक्षण के दौरान कहा। फोरलेन पुल का निर्माण केंद्र सरकार के अधिकृत कंपनी द्वारा किया गया है मैं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मांग करता हूं की गुणवत्ता हिन पुल का निर्माण कैसे हुआ हैं इसका जांच केंद्रीय एजेंसियों से कराकर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करें। लगता है केंद्र से जो पैसा चला घिसते घिसते आधा भी सेवाने पुल नहीं पहुंचा। सरकार से निवेदन है की नया पुल का निर्माण हो क्योंकि इस पुल से नित्य दिन 20-25 हजार गाड़ियों की अवाजाही होता है दुर्घटना होने पर निर्दोषों की मौत होगी।



## मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल में विजेता बना डाड़ी प्रखंड



**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** खेलकूद एवं युवा कार्य निदेशालय झारखंड सरकार के तत्वावधान में गुरुवार को जिलास्तरीय तीन दिवसीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता सम्पन्न हो गयी। फाइनल के मौके पर पूरे गर्मजोशी से खेलते हुए डाड़ी प्रखंड के खिलाड़ियों ने सात गोल से केरेडारी प्रखंड टीम को परास्त किया और जिला स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण कप 2023 अपने नाम कर लिया। इस प्रकार उपविजेता केरेडारी और विजेता डाड़ी प्रखंड बना। फाइनल मैच के रेफरी के रूप में सुरेंद्र राम और शशि कुमार दास थे। इस मौके पर पुलिस उपाधीक्षक राजीव कुमार एवम कार्यकारी अध्यक्ष फुटबॉल संघ आलोक कुमार ने कप और जर्सी देकर विजेता और उपविजेता टीम को सम्मानित किया। श्री राजीव ने विजेता टीम को बधाई देते हुए कहा कि सभी टीमों ने खेल को अनुशासन में रह कर खेला और उम्दा प्रदर्शन किया। जोनल स्तरीय प्रतियोगिता धनबाद में खेली जाएगी, जहाँ विजयी होने की कामना करता हूँ। जिला खेल पदाधिकारी ने भी विजेता टीम को बधाई दिया और अग्रेतर अनुशासन में रह कर जिला को प्रतिनिधित्व करने की सलाह दी। प्रतियोगिता को सफल बनाने में संयोजक कौलेश्वर गोप, खेल शिक्षक मधुसूदन कुमार सिंह, सुनील कुमार यादव, पवन कुमार, किशोर कुमार, प्रमोद दास फुटबॉल कोच सोनी कुमारी, एथलेटिक्स कोच अनुकंपा रुण्डा , हॉकी कोच संदीप खलखो, कुंदन कुजूर, ललित उरांव में महत्वपूर्ण सहभागिता निभाई।

## एक और विवाहिता की मौत, ससुराल वालों पर दहेज मांगने का आरोप

**बरही ।** बुधवार को भंडारों पंचायत के बैरीसाल निवासी गुड़िया कुमारी पति सोनू ठाकुर का संदिग्ध हालत में मौत हो गई. मामले के संबंध में मृतिका के पिता कोनहराकला (बरकट्ठा) निवासी मनोज ठाकुर ने बरही थाना में लिखित आवेदन देकर पति सहित ससुराल वालो पर दहेज के लिए जहर खिलाकर हत्या का आरोप लगाया है. आवेदन में बताया गया कि वह अपने सामर्थ्य के अनुसार दान दक्षिणा देकर ढाई वर्ष पूर्व अपनी बेटी की शादी पारंपरिक तरीकों से विधिवत किया था. लेकिन शादी के एक वर्ष बाद से ही दामाद एवं ससुराल वाले दहेज के लिए लगातार प्रताड़ित करने लगे. बुधवार को भी उनकी बेटी के साथ मारपीट कर जबरदस्ती जहर खिलाकर किया गया है. इसकी सूचना उन्हे ससुराल वालो ने देर संध्या बुधवार को दूरभाष से दिया. मामले के संबंध में पिता ने आवेदन देकर भारी पुलिस से उचित न्याय की मांग की है. मामले को लेकर बरही पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर छानबीन प्रारंभ कर दिया है. खबर लिखे जाने तक प्राथमिकी दर्ज नही हुई थी.

## चलकुशा प्रखंड में विकसित भारत संकल्प रथ यात्रा शुरू



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** जिप उपाध्यक्ष किसुन यादव की निगरानी में चलकुशा प्रखण्ड के पंचायत चलकुशा और मनैया में गुरुवार से भाजपा की विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरूआत की. उक्त जानकारी जिप उपाध्यक्ष के मीडिया प्रभारी सोनू यादव ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दिया. जारी विज्ञप्ति के अनुसार पार्टी ने इस कार्यक्रम के लिए जिप उपाध्यक्ष को चलकुशा प्रखंड प्रभारी मनोनीत किया है. इस यात्रा के दौरान केंद्र सरकार के कार्यक्रमों और कल्याणकारी योजनाओ को आम जनता तक पहुंचाने का कार्य किया जायेगा. इस अवसर पर प्रभारी सह जिप उपाध्यक्ष ने उपस्थित कार्यकताओं को योजनाओं को हर घर तक पहुंचाने का आह्वान किया. इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी निधि रजवार, अंचलाधिकारी शशिकांत शंकर एवं पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव, सांसद प्रतिनिधि सह मुखिया सुखदेव यादव, सुबोध चौधरी,मण्डल अध्यक्ष अशोक वर्णवाल, मनैया मुखिया प्रतिनिधि केदार यादव, अरविंद कुमार, मुकेश कुमार समेत सैकड़ों महिला-पुरुष शामिल हुए.

**खिलाड़ी सम्मानित**

### दो दिवसीय जिला स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन

# बालक वर्ग में मांडू व बालिका वर्ग में पतरातू प्रखंड बना विजेता

**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** जिला स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल (बालक/बालिका) प्रतियोगिता 2023-24 के तहत गुरुवार को सद्धू कान्हू स्टेडियम में फाइनल मुकाबले खेले गए। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार मौजूद थे। खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने सभी खिलाड़ियों की सराहना करते हुए कहा की जिला प्रशासन का प्रयास है कि जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में खेल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जो भी प्रयास किए जा सकते हैं वे किए जाएं इसी कड़ी में यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि जिले के सभी पंचायतों में बच्चों के खेलने के लिए खेल का मैदान एवं उनमे मूलभूत सुविधा हो। कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त ने प्रखंड स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल कप के विजेताओं को ट्रैकसूट देने की घोषणा की। उपायुक्त ने कहा कि खिलाड़ियों को ट्रैकसूट देने का उद्देश्य खिलाड़ियों को बेहतरीन प्रदर्शन के लिए सम्मानित करने के साथ-साथ सुदूरवर्ती क्षेत्रों में रह रहे अन्य बच्चों को भी खिलाड़ियों से प्रेरणा लेकर विभिन्न प्रकार के खेलों में आगे बढ़ाने के प्रति प्रेरित करना है। इसके साथ ही उपायुक्त ने कहा कि जिले में खेल को बढ़ावा देने के लिए आप सभी के पास जो भी सुझाव हैं उसे आप जिला प्रशासन तक जरूर पहुंचाएं ताकि हम सभी मिलकर रामगढ़ जिले की पहचान खेल के दिशा में और आगे ले जाएं। जिला स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता के तहत बालक वर्ग में फाइनल मुकाबला दुलमी एवं मांडू प्रखंड के बीच खेला गया जिसमें मांडू प्रखंड ने 2-1 से जीत हासिल की। वहीं, बालिका वर्ग में फाइनल मुकाबला पतरातू एवं मांडू के बीच खेला गया जिसमें पतरातू प्रखंड 3-0 से विजई रहा। मौके पर उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार, जिला खेल पदाधिकारी मारकस हेमरोम सहित अन्य द्वारा विजेता टीमों के खिलाड़ियों को ट्रॉफी, मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान उपायुक्त चंदन कुमार ने प्रतियोगिता में भाग लेने एवं खेल की दिशा में आगे बढ़ने हेतु सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी।




## कोनरा पंचायत भवन में प्रदूषण विभाग की बैठक आज

**बरही ।** कोनरा पंचायत भवन में प्रदूषण विभाग की ओर से बैठक का आयोजन की गयी है. जिसमें जियाडा स्थित फैक्ट्रियों से प्रदूषण से उत्पन्न होने वाले समस्या सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की जाएगी. बैठक अनुमंडल अधिकारी पूनम कुजूर की अध्यक्षता में आयोजित की जाएगी. जो पूर्वाह्न साढ़े दस बजे से प्रारंभ होगी. एसडीओ से मिली जानकारी के अनुसार बैठक में प्रदूषण बोर्ड के सदस्य अशोक प्रसाद, रियाडा स्थित फैक्ट्री के संचालक, जनप्रतिनिधि, समाजसेवी शामिल होंगे. इस बैठक में मुख्य रूप से फैक्ट्रियों से होने वाले प्रदूषण एवं उसके प्रभाव इत्यादि मुद्दो पर चर्चा की जायेगी. विदित हो किया पहला मौका है जब प्रदूषण विभाग की ओर से कोनरा पंचायत भवन में प्रदूषण संबंधित बैठक की जा रही है. इसके पूर्व सभी बैठक कोनरा तुरी टोला में आयोजित किए जाते थे.

# जंगली हिरण मारते हुए रंगे हाथ पकड़ाया, गया जेल



नवीन मेल संवाददाता

बानो। बानो वन क्षेत्र के बड़काडुईल पंचायत अंतर्गत ग्राम छोटकाडुईल में जंगली हिरण की हत्या करने के मामले में आरोपी व्यक्ति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया घटना के संबंध में जानकारी देते हुए वन क्षेत्र पदाधिकारी अभय कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि दो हिरन का शिकार किया गया है। सूचना प्राप्त होते ही बानो वनरक्षी लखीन्द्र सिंह, वनरक्षी अनुज मिंज उदय प्रताप एवं अन्य वन कर्मी के साथ घटना स्थल पर पहुंचे । जहां पर उन्होंने देखा की जगदेव सिंह हिरण को काट कर मीट बना रहा था। जिसे वन कर्मियों द्वारा रंगेहाथ गिरफ्तार कर एवं कटा हुआ हिरन मांस एवं सिंग तथा काटने के लिए प्रयोग किए गए हथियार को वन विभाग की टीम के द्वारा जप्त किया। आरोपी जगदेव सिंह से पूछताछ करने पर उन्होंने बताया की उन दोनों हिरण को काटने में उसी गांव के दसरु साय,बाल गोविन्द साय, विजय सिंह, एवं बलिराम सिंह भी शामिल था।इन सभी अभियुक्तों पर कानूनी कार्रवाई करते हुए जगदेव सिंह को जेल भेजा गया एवं कटा हुआ हिरण के मांस पशु चिकित्सक की उपस्थिति में पोस्टमार्टम रिपोर्ट तैयार कर काटे हुए मांस को वन परिसर में खोद कर दफना दिया गया।

## बिशप विसेंट बरवा होंगे क्रिसमस गैदरिंग के मुख्य अतिथि

**सिमडेगा।** सीसीवाईए के तत्वावधान में तीन दिनी क्रिसमस गैदरिंग सह मेला का आयोजन 17 दिसम्बर से शुरू होगा। बुधवार को सीसीवाईए के पदधारियों ने विशप विसेंट बरवा को निमंत्रण देकर बतौर मुख्य अतिथि के रुप में आमंत्रित किया है। बताया गया कि क्रिसमस गैदरिंग सह मेला का उदघाटन 17 दिसम्बर की शाम पांच बजे अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में आयोजित किया गया है। आयोजन समिति ने सभी लोगों से कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की है। बताया गया इस कार्यक्रम में 19 तारीख को समापन के मौके पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है जिसमें झारखंड के बड़े कलाकारों को आमंत्रित किया गया है जिसमें पवन रॉय मोनिका मुंडू नीतिश कछाप अर्जुन लकड़ा सहित कई बड़े कलाकार मौजूद रहेंगे। मौके पर अजीत नवरंगी, विशाल तिर्की सहित कई सदस्य उपस्थित थे।

# पत्थर माफियाओं ने किया पुलिस पर हमला, तीन जवान घायल

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** पत्थर माफिया सिमडेगा में लगातर अवैध तरीके से अपना काम कर रहे हैं. बॉडर एरिया होने के कारण माफिया अवैध तरीके से पत्थरों को ओडिशा ले जाते हैं. इस मामले में पुलिस अक्सर कार्रवाई करती है लेकिन इसके बाद भी ये काम बंद नहीं करते हैं. ताजा मामले में पत्थर माफियाओं को रोकने पर उन्होंने सिमडेगा पुलिस पर हमला कर दिया. इस हमले में तीन पुलिसकर्मी घायल हो गए. जानकारी के अनुसार, झारखंड-ओडिशा बॉर्डर पर बनडेगा की तरफ से एक पत्थर व्यवसायी टैक्टर में अवैध रूप से पत्थर लेकर ओडिशा की तरफ जा रहा था. इसके दौरान गश्त कर रही पुलिस की नजर उन पर पड़ी. पेट्रोलिंग कर रही पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की लेकर वे पुलिस को देखते ही भागने लगे. इस दौरान उन्होंने पुलिस पर हमला भी किया.पत्थर माफियाओं के हमले में तीन पुलिसकर्मी घायल हो गए. पुलिस का कहना था कि अवैध रूप से पत्थर का काम करने वालों की संख्या बहुत ज्यादा थी. ऐसे में वे पुलिस की टीम पर भारी पड़े और पत्थर लदे ट्रैक्टर को लेकर फरार हो गए. इधर, इस मामले में एसपी सौरभ ने बताया कि कुरडेग पुलिस ने इस मामले में एफआईआर दर्ज कर लिया है. पुलिस के साथ झड़प करने वाले ट्रैक्टर मालिक और तस्करों के विरुद्ध अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है. उन्होंने कहा कि जल्द ही ऐसे कृत करने वाले लोगों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा.



## एक नजर

### चार दिवसीय गैर आवासीय एफएलएन प्रशिक्षण शुरू

**बानो।** राजकीय कृत मध्य विद्यालय बानो में चार दिवसीय गैर आवासीय एफ एल एन प्रशिक्षण शुरू की गई कार्यक्रम का उद्घाटन बीपीओ निर्मला लिंडा एवं बानो मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक स्मिथ कुमार सोनी के द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर किया गया इस प्रशिक्षण में वर्ग एक एवं दो के बच्चों को बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान के बारे में विस्तृत जानकारी दी जा रही है प्रशिक्षण में 40-40 शिक्षकों का दो बैच बनाया गया है।प्रशिक्षक के रूप में ओम प्रकाश ओहदार , केदारनाथ सिंह, प्रेम किशोर नायक एवं आशीष चंद्रा है।

### सहायक निर्वाचक पदाधिकारी-बीएलओ को दिया गया प्रशिक्षण

**कोडरमा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज के निर्देश पर बिरसा सांस्कृतिक भवन में निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी संदीप कुमार मीणा ने डोमचांच और मरकच्चो प्रखंड के सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों और बीएलओ को प्रशिक्षण दिया. पीएसई (फोटो सिमिलर इंट्रीज), डीएसई (डेमोग्राफिकल सिमिलर इंट्रीज) से संबंधित एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया. प्रशिक्षण में बताया गया कि चुनाव आयोग के सभी निदेशों का अनुपालन करते हुए पीएसई, डीएसई शीघ्र हटाने की कार्रवाई की जाय.

### खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने चलाया छापेमारी अभियान

**सिमडेगा।** सिविल सर्जन सिमडेगा के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा अधिकारी सिमडेगा के द्वारा गुरुवार को स्कूल के 100 मीटर के अंतर्गत संचालित विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठान में खाद्य कारोबारियों के द्वारा बिक्री किये जा रहे तम्बाकू उत्पाद जैसे गुटखा खैनी सिगरेट इत्यादि का औचक छापामारी किया गया। ज्ञात हो कि सुप्रीम कोर्ट के द्वारा 100 मीटर के अंतर्गत किसी भी प्रकार का तंबाकू प्रोडक्ट बेचना प्रतिबंध है। जिसके निहित खाद्य सुरक्षा प्राधिकारी एवं टीम के द्वारा कोलेबिरा प्रखंड में औचक निरीक्षण किया गया । जिसमें स्कूल परिसर के 100 मीटर के अंतर्गत संचालित दुकानों से कोटपा एक्ट 2003 के तहत एअर्थ दंड वसूला गया एवं हिदायत दी कि भविष्य में अगर पुनार्वृत्ति की गई तो आपके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में 33 हजार 381 का निष्पादन

**कोडरमा।** कोडरमा में आपकी योजना- आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत पंचायतों और वार्डो में लग रहे शिविर में लगातार आवेदन प्राप्त हो रहे हैं। अभी तक जिले में लगे शिविर में 85 हजार 800 आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। उसका निष्पादन भी तेजी से किया जा रहा है। अभी तक 33 हजार 381 आवेदनों का निष्पादन किया जा चुका है। जबकि 49 हजार 524 आवेदन लंबित है। मात्र 31 आवेदन हीं रिजेक्ट किए गए हैं। 28 सौ 64 आवेदन निष्पादन के प्रोसेस में है। कोडरमा में लगाए जा रहे शिविर में अबुआ आवास योजना के लिए लोगों का सबसे ज्यादा आवेदन प्राप्त हो रहे हैं। अभी तक 21 हजार 978 आवेदन प्राप्त हो चुके हैं।

## बाल संरक्षण एवं पालन पोषण देखरेख पर कार्यशाला आयोजित

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** जिला बाल संरक्षण इकाई सिमडेगा के द्वारा गुरुवार को कोलेबिरा प्रखंड सभागार में बाल संरक्षण एवं पालन पोषण देखरेख योजना के विषय पर प्रखण्ड के सभी आंगनबाड़ी सेविका एवं सहियाओं के बिच एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें प्रखंड विकास पदाधिकारी बीरेंद्र किंडो ने कहा कि बाल संरक्षण बहुत ही संवेदनशील मुद्दा है अतः इस मुद्दे पर सभों को संवेदनशील होकर काम करने की जरुरत है ताकि जिले में बचपन बचाया जा सके,मिराकल फाउंडेशन से आशलेश श्रीवास्तव ने बच्चों के विरुद्ध होने वाले बाल दुर्व्यवहार को कैसे रोके जैसे जागरूकता, रोकथाम, रिपोर्टिंग, कारवाई,आदि विषय पर जानकारी दी गई। एवं एसलपीओ आलोक बर्मन ने भी बच्चों पर होने वाली अपराध साईबार क्राइम, पोक्सो एक्ट एवं सजा के प्रावधानों के अलावा बाल विवाह, बाल मजदूरी, बाल तस्करी, स्पॉन्सरशिप योजना, एवं पालन पोषण देखरेख योजना के विषय में विस्तृत रूप से जानकारी दिया गया की इस योजना के लिए कौन बच्चे पात्र होंगे तथा कौन अभिभावक इस योजना के लिए पात्र होंगे। इस अवसर पर सीओ अनुप कच्छप, सीआई हरिहर प्रसाद, एलएस अंजनी ज्योति टोप्पो, बिमला देवी, बीएलओ मनोज कुमार , पंचायत सचिव सेविका, सहिया एवं जिला बाल संरक्षण इकाई से अमित मिंज, अलोक बर्मण, रुद्रनारायण दास, सखी बड़ाईक एवं मनोज कुल्लू आदि उपस्थित थे।

## चेक डैम निर्माण में अनियमितता, विधायक प्रतिनिधि ने की विभागीय जांच की मांग

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा ।** कोलेबिरा प्रखंड विधायक प्रतिनिधिगण तथा बीस सूत्री अध्यक्ष के द्वारा डोमटोली पंचायत अंतर्गत केराबेड़ा वन विभाग द्वारा बनाए गए चेक डैम की जांच की गई है। जिसमें भारी अनियमित पाई गई. जांच के क्रम में पाया गया कि चेक डैम एक तरफ से टूट कर बह गई है, यह चेक डैम 6 महीने भी नहीं चला. चेक डैम में फाउंडेशन भी गलत है केवल एक दो पत्थर नीचे जमीन पर दिया गया है और जितनी चौड़ी नदी है उसके केवल आधे भाग में चेक डैम बनाई गई है, जबकि चेक डैम के दोनों वालों को नदी के बिल्कुल किनारे होनी चाहिए थी. साथ ही ना कोई बोर्ड लगाया हुआ है न स्टीमेट की जानकारी दी गई है. इससे साफ पता चलता है विभाग के कर्मियों द्वारा भारी अनियमितता तथा पैसे की बंदरबांट की गई है. वहां के ग्रामीणों से भी पूछताछ के क्रम में पता चला यह चेक डैम बिल्कुल गलत बनाया हुआ है. यहां कोई फायदा भी किसी को नहीं हो रहा है. प्रतिनिधि मंडल द्वारा कहा गया निश्चित तौर पर मामले की जांच कराया जाएगा तथा इसमें संलिप्त अधिकारी इंजीनियर ठेकेदार पर कार्रवाई कराई जाएगी. प्रतिनिधि मंडल में प्रखंड विधायक प्रतिनिधि श्याम लाल प्रसाद सुलभ नेल्सन डुंगडुंग, 20 सूत्री अध्यक्ष लूथर सूरीन, पश्चिमी मंडल अध्यक्ष राकेश कौन गाड़ी, 20 शुत्री सदस्य सुनील खडिया अमृत डुंगडुंग मौजूद रहे.



## बोलबा प्रखंड मुख्यालय स्थित बीआरसी में चार दिवसीय एफएलएन प्रशिक्षण आरंभ

**बोलबा ।** बोलबा प्रखण्ड स्थित बीआरसी बोलबा में चार दिवसीय एफएलएन प्रशिक्षण आरम्भ किया गया ।इस मौके पर दीप प्रज्वलित कर विधिवत रूप से कार्यक्रम की शुरूवात संयुक्त रूप से शुरूआत किया गया । कार्यक्रम का उदघाटन प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी अरुण पांडेय, प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी मनमोहन गोस्वामी, मुखिया सुरजन बड़ाइक,बिनोद बड़ाइक,सीआरपी बी सिंह आवाम प्रशिक्षकों ने संयुक्त रूप से किया । इस मौके पर प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी ने कहा कि जिस प्रकार मकान को बनाने के लिए उसके नीव को मजबूत करना पड़ता है। उसी प्रकार बच्चे का नीव मजबूत करना आवश्यक है। मुखिया सुरजन बड़ाइक ने कहा की शिक्षा नीति की अच्छी पहल है हम सभी को प्रयास करना है कि हमारे बच्चे आगे आ पाए। मुखिया बिनोद बड़ाइक ने कहा की बच्चो के अभिभावक जागरूक हो ।वहीं प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी मनमोहन गोस्वामी ने कहा कि वर्ग एक से तीन तक के बच्चे के लिए उनकी आधार को मजबूत किया जाय ।जिससे उन्हें आगे बढ़ने में कोई दिकत न हो।इस मौके पर प्रशिक्षक राजेंद्र प्रसाद, ललित साहु, सुरेश उरांव एवं सुरेश महतो के साथ आवाम प्रशिक्षण ले रहे सभी शिक्षक उपस्थित थे।

## चार दिवसीय एफएलएन प्रशिक्षण का आयोजन

**कोलेबिरा।** प्रखंड संसाधन केंद्र एवं बुनियादी विद्यालय में चार दिवसीय गैर आवासीय एफ एल एन प्रशिक्षण का किया गया ।शुभारंभ प्रखंड के सरकारी विद्यालय के शिक्षकों बैच बनाकर प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा हैं, इस कार्यक्रम का उद्देश्य हैं कि 3से 8 वर्ष के आयु वर्ग के सभी बच्चों को भाषा एवं गणित का समझ के साथ शिक्षा प्रदान करना हैं। कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलित करते हुए प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक विकाश शरण ने प्रशिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा सभी लोग प्रशिक्षण अच्छी तरीके से ले एवं इसे विद्यालय में लागू करें। कार्यक्रम तभी सफल होगा जब हमारे विद्यालय के सभी बच्चे बुनियादी भाषा एवं संख्यानात्मक ज्ञान प्राप्त कर सके ।प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर के रूप में जेम्स वाल्टर लकड़ा ,अभिषेक शर्मा अफरोज अंसारी ,चंद्रनाथ भगत शिक्षकों को प्रशिक्षण प्रदान कर रहे हैं ।इस कार्यक्रम में प्रथम एजुकेशन फाऊंडेशन के प्रखंड समन्वयक कीर्ति राज साहू, सिनी टाटा ट्रस्ट संस्था से सुदामा महतो ,सुमी कच्छप ,आरती कुमारी प्रशिक्षण में सहयोग प्रदान कर रहे हैं। कार्यक्रम का सफल आयोजन हेतू प्रखंड संसाधन केंद्र के जयप्रकाश सिंह प्रमोद भगत ,थैरेपिस्ट बीआरपी सीआरपी ,समीर बा ,रेनू तिग्गा ,नकुल चंद्र महतो और पाबरेन बेक उपस्थित थे।

## सिमडेगा : बैठक के लिए झामुमो कार्यकर्ता राजधानी के लिए हुए रवाना

**सिमडेगा।** रांची में आयोजित बैठक में भाग लेने के लिए झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ता गुरुवार को जिला अध्यक्ष अनिल कंडुलना और जिला सचिव सफीक खान के नेतृत्व में रांची के लिए रवाना हुए. रांची जाने वालों में केंद्रीय समिति सदस्य, जिला समिति के पदाधिकारी, जिला वर्ग संगठन के अध्यक्ष, सचिव, सभी प्रखंड अध्यक्ष, सचिव, सभी पंचायत के अध्यक्ष एवं सचिव शामिल है. बताया गया झारखंड मुक्ति मोर्चा की बैठक झारखंड कार्यकारी अध्यक्ष के आवास पर होगी. जहां हेमंत सरकार के आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम पर चर्चा की जाएगी. साथ ही कार्यक्रम के माध्यम से राज्य सरकार के विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं को अधिक से अधिक लोगों तक लाभ दिलाने के सम्बंध में कार्यकर्ताओं को कई दिशा निर्देश दिए जाएंगे. बैठक में आगामी लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव पर भी विशेष चर्चा होगी. इसके अलावा अन्य कई बिंदुओं पर भी चर्चा की जाएगी. बैठक में सिमडेगा के अलावा खूंटी, लोहरदगा, रांची, रामगढ़, हजारीबाग के कार्यकर्ता शामिल होंगे. सिमडेगा से लगभग 400 कार्यकर्ता रांची के लिए रवाना हुए हैं.

## बाल संरक्षण को लेकर सभी को संवेदनशील होने की जरुरत: बीडीओ

**कोलेबिरा।** जिला बाल संरक्षण इकाई के गुरुवार को एक दिनी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में प्रखंड के सभी आंगनबाड़ी सेविका एवं सहिया उपस्थित थी। मौके पर बीडीओ बीरेंद्र किंडो ने कहा कि बाल संरक्षण बहुत ही संवेदनशील मुद्दा है इसलिए इस मुद्दे पर सभों को संवेदनशील होकर काम करने की जरुरत है ताकि जिले में बचपन बचाया जा सके। मिराकल फाउंडेशन से आशलेश श्रीवास्तव ने बच्चों के विरुद्ध होने वाले बाल दुर्व्यवहार को कैसे रोके जैसे जागरूकता, रोकथाम, रिपोर्टिंग, कारवाई,आदि विषय पर जानकारी दी गई। एलपीओ आलोक बर्मन ने भी बच्चों पर होने वाली अपराध साईबार क्राइम, पोक्सो एक्ट एवं सजा के प्रावधानों के अलावा बाल विवाह, बाल मजदूरी, बाल तस्करी, स्पॉनसरशिप योजना, एवं पालन पोषण देखरेख योजना के विषय में विस्तृत रूप से जानकारी दी। कार्यक्रम में सीओ अनुप कच्छप, हरिहर प्रसाद, अंजनी ज्योति टोप्पो, बिमला देवी, मनोज कुमार, अमित मिंज, अलोक बर्मण, रुद्रनारायण दास, सखी बड़ाईक एवं मनोज कुल्लू आदि उपस्थित थे।

## क्रिसमस गैदरिंग में कई नागपुरी कलाकार लेंगे भाग

**सिमडेगा।** क्रिसमस गैदरिंग सह मेला आयोजन समिति की बैठक गुरुवार को हुई। बैठक में 17 दिसम्बर से आयोजित होने वाले कार्यक्रम को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। मौके पर सर्वसमिति से पवन राय, मोनिका मुंडू, नितेश कच्छप, माधुरी बोरिया, अर्जुन लकड़ा, महुआ बैंड आदि को आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में पतरस एक्का, ओलिवर लकड़ा, विशाल तिर्की, उत्तम लकड़ा, दीप, जॉनी, आनंद कुजूर, कुलदीप किंडो सहित सीसीवाईए के सभी पदधारी उपस्थित थे।

## गोंडवाना विकास विद्यालय ने उद्घाटन मैच जीता

**केरसई।** प्रखंड के बासेन पंचायत के रेंगारटोली खेल मैदान में 15वां गोंडवाना शेर शहीद वीर नारायण सिंह बालक, बालिका खेल महोत्सव का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित समिति के अध्यक्ष सेतुवन मांझी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। उद्घाटन मैच गोंडवाना विकास विद्यालय और जामबहार के बीच खेल खेला गया। जिसमें गोंडवाना विकास विद्यालय ने 4-1 गोल से जीत दर्ज की। वहीं दूसरा मैच हेठमा डीपाटोली और बाराहडेमा (उड़िसा) के बीच खेला गया। जिसमें हेठमा की टीम 2-0 से विजयी रही। सेतुवन मांझी ने कहा कि समाज द्वारा खेल महोत्सव आदिवासी कल्याण एवं विकास मंच एवं जीएसयू द्वारा प्रतिवर्ष होता है। खेल महोत्सव में युवा खिलाड़ियों को खेल प्रतिभा निखारने का मौता मिलता है। वहीं गोंडवाना विकास मंच के संरक्षक कमलेश्वर मांझी ने कहा कि खेल युवा खिलाड़ियों को विभिन्न खेलों के माध्यम से स्वास्थ्य से जुड़ी जानकारी भी प्राप्त होती है।

## दावत ए इस्लाम इंडिया ने अच्छे अंकों से पास करने वाले बच्चों को किया सम्मानित



नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** दावते इस्लाम इंडिया सिमडेगा के द्वारा मदरसा में अच्छे अंकों से पास करने वाले बच्चों को कार्यक्रम आयोजित करते हुए सम्मानित किया ।कार्यक्रम में मुख्य रूप से साउथ छोटा नागपुर मदरसा के प्रभारी मोहम्मद अयूब मौजूद रहे और उन्होंने कहा कि इसी प्रकार के सभी बच्चों को मदरसा में बेहतर शिक्षा मिले ताकि आने वाला दिनों में वह बच्चे बेहतर से बेहतर कर सके उन्होंने बताया कि अरशदी फाउंडेशन ट्रस्ट सिमडेगा में इस्लामपुर और बीच मुहल्ला में फ्री उर्दू अरबी की कोचिंग करा रही है जिसमे अच्छे नंबर से पास होने वाले सभी बच्चो का अभिभावकों के सामने उपहार और रिजल्ट देकर सम्मानित किया गया। वहीं बच्चो का रिजल्ट देख कर अभिभावक शाहजहा खान ने कहा चाहता हु इस तरह की बेहतर शिक्षा हर बच्चे को मिले मौके पर जिला प्रभारी हाजी अब्दुल मजीद रजा अत्तारी विभाग, जिला प्रभारी अमजद रजा एवं इसके सदस्य शरीफ कादरी, अशफाक कादती,सद्दाम अत्तारी, अज्मतुल्लाह अत्तारी आदि ने योगदान दिया ।

## सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी और बीएलओ को मिला प्रशिक्षण

**कोडरमा।** बिरसा सांस्कृतिक भवन में निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह एसडीओ संदीप कुमार मीणा ने तीन प्रखंडों के सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, बीएलओ को गुरुवार को प्रशिक्षण दिया। इस दौरान उन्होंने कोडरमा, डोमचांच और मरकच्चो प्रखंड के सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, बीएलओ को फोटो सिमिलर इंट्रीज, डेमो ग्राफिकल सिमिलर इंट्रीज से संबंधित प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण में बताया गया कि आयोग के सभी निदेशों का अनुपालन करते हुए विहित प्रक्रिया के तहत पीएसई, डीएसई शीघ्र हटाने की कार्रवाई करें। साथ ही मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 में अब तक प्राप्त दावा और आपत्ति लक्ष्य के अनुरूप नहीं है और बचे हुए शेष दिनों में पूरा करें। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह सीओ, सभी बीएलओ आदि उपस्थित थे।

## कई स्टेशनों में चला टिकट चेकिंग अभियान

**झुमरी तिलैया।** धनबाद मंडल द्वारा मंडल के विभिन्न स्टेशन में बड़े स्तर पर टिकट चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत 12 दिसंबर को मंडल के धनबाद, गोमो, कोडरमा, डाल्टनगंज, चोपन, बरकाकाना, सिंगरौली स्टेशनों में गहन टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान कुल 2777 यात्रियों को पकड़ा गया। इसमें बिना टिकट यात्रा कर रहे यात्री, बिना उचित प्राधिकार के यात्रा करने वाले यात्री, बिना बुक किये गए सामान के साथ यात्रा कर रहे यात्रीगण शामिल थे।

### श्रद्धानंद बेसरा ने जताई खुशी

## सिमडेगा सदर अस्पताल में अल्ट्रासाउंड सेवा शुरू



नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** सिमडेगा सदर अस्पताल में पुर्व भाजपा प्रत्याशी श्रद्धानंद बेसरा एवं भाजपा मंत्री तुलसी कुमार साहु के अथक प्रयास के बाद अल्ट्रासाउंड मशीन आम मरीजों के लिए चालू कर दिया गया है। बता दें कि विगत कई महीनों से अल्ट्रासाउंड कराने के लिए मरीजों को असुविधा हो रही थी।जिसके कारण गरीब मरीजों को या तो राउरकेला या रांची आना जाना पड़ता था, जिससे मरीजों को समय के साथ आर्थिक रूप से बोझ वहन करना पड़ रहा था। उपरोक्त संबंध में जानकारी देते हुए हेल्थ मैप मैनेजर सोनू कुमार ने अल्ट्रासाउंड मशीन सेवा के लिए बहाल डॉ विरेन्द्र चौधरी के समक्ष मौके पर उपस्थित श्रध्दानंद बेसरा तुलसी कुमार साहू, एवं दीप नारायण दास को जानकारी दिया कि आम लोगो हेतु अल्ट्रासाउंड की सेवा के लिए डॉ विरेन्द्र चौधरी के द्वारा सप्ताह में चार दिन मंगलवार, गुरुवार, शुक्रवार और शनिवार को सदर अस्पताल सिमडेगा में उपस्थित रह कर मरीजों को सेवा सुविधा मुहैया कराएंगे। सेवा बहाल उपरांत श्री बेसरा ने कहा कि अल्ट्रासाउंड की सेवा सदर अस्पताल सिमडेगा में बहाल होने से अब मरीजों को राउरकेला और रांची जाना आना नहीं होगा। जिससे उनकी समय के साथ-साथ आर्थिक बोझ से भी निजात मिलेगा। सदर अस्पताल में अल्ट्रासाउंड सुविधा शुरू होने पर भाजपा कार्यकर्ताओं सहित आम जनता ने भी श्रद्धानंद बेसरा का आभार जताते हुए खुशी जाहिर की है।

**बच्चों की प्रतिभा** | स्टेट ओलिंपियाड में सातवीं से नौवीं कक्षा के छात्र लेंगे भाग

# 17-19 दिसंबर को होगी ओलिंपियाड परीक्षा



नवीन मेल संवाददाता

झारखंड के सरकारी स्कूलों में पढ़नेवाले बच्चों की प्रतिभा की पहचान करने के लिए इस साल स्टेट ओलिंपियाड परीक्षा 17-19 दिसंबर को आयोजित की जाएगी। झारखंड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद ने इस परीक्षा की तिथि घोषित करते हुए इसके आयोजन को लेकर स्कूलों को एसओपी जारी कर दिया है। इस प्रतिभा खोज परीक्षा में सातवीं, आठवीं एवं नौवीं कक्षा के विद्यार्थी सम्मिलित होंगे। स्टेट ओलिंपियाड परीक्षा पांच विषयों अंग्रेजी, गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान तथा सामान्य ज्ञान में ओएमआर शीट पर आयोजित होगी। इसमें भाग लेने के लिए कुल कुल 53,310 विद्यार्थियों ने अपना निबंधन कराया है। इस परीक्षा के प्रत्येक विषय में 100 प्रश्न पूछे जाएंगे। प्रत्येक विषय की परीक्षा तीन घंटे की होगी। मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा के लिए वर्तमान वर्ष में जो केंद्राधीक्षक नामित थे, वही स्टेट ओलिंपियाड में भी संबंधित स्कूलों के केंद्राधीक्षक होंगे। इधर, परिषद ने सरकारी स्कूलों में आयोजित होनेवाली समेटिव असेसमेंट-1 (अर्द्धवार्षिक परीक्षा) की भी तिथि तय कर दी है। पहली से आठवीं कक्षा के लिए यह परीक्षा 20- 23 दिसंबर को सभी स्कूलों में होगी। बता दें कि पहले यह परीक्षा जून माह में ही होनेवाली थी, लेकिन प्रश्नपत्र एवं ओएमआर शीट के प्रकाशन के टेंडर में देरी होने के कारण यह अब आयोजित की जा रही है। इसी तरह समेटिव असेसमेंट-1 परीक्षा भी अक्तूबर माह में होनेवाली थी। समेटिव असेसमेंट-1 परीक्षा में सिर्फ पहली कक्षा की परीक्षा मौखिक होगी। दूसरी से आठवीं कक्षा के प्रश्न वस्तुनिष्ठ, लघु उत्तरीय तथा दीर्घ उत्तरीय प्रकार के होंगे। प्रत्येक विषय के लिए दो घंटे का समय निर्धारित किया गया है। कक्षा एक से पांच तक के लिए प्रत्येक विषय के लिए 60-60 अंक निर्धारित हैं। कक्षा छह से आठ में भी इतने ही अंक होंगे लेकिन गणित, विज्ञान और सामाजिक विज्ञान के लिए 50-50 अंक की लिखित परीक्षा तथा दस-दस अंक प्रोजेक्ट कार्य के लिए तय किए गए हैं। प्रत्येक कक्षा में 40 अंक आंतरिक मूल्यांकन (रेल प्रोजेक्ट के तहत अगस्त से नवंबर माह तक ली गई साप्ताहिक जांच परीक्षा के औसत अंक ) के आधार पर मिलेंगे।

# सऊदी अरब में फंसे झारखंड के 45 मजदूर भारत सरकार से घर वापसी की लगाई गुहार

नवीन मेल संवाददाता

**गिरिडीह।** झारखंड के प्रवासी 45 मजदूर सऊदी अरब में फंस गये हैं. इन मजदूरों को पिछले पांच माह से कंपनी द्वारा मजदूरी नहीं दी जा रही है. खाने-पीने को लेकर संकट हो गया है. मजदूरों ने सोशल मीडिया के जरिये अपनी परेशानियों को साझा किया है. मजदूरों ने झारखंड सरकार से घर वापसी की गुहार लगायी है. लेकिन, एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी सरकार की ओर से किसी तरह की कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है, जिसको लेकर मजदूरों ने नाराजगी जाहिर की है. सऊदी अरब में फंसे मजदूर बोकारो, हजारीबाग और गिरिडीह जिले के हैं.



### मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल ने प्रधानमंत्री को लिखा पत्र

बता दें कि सऊदी अरब में फंसे झारखंड के प्रवासी मजदूरों की वतन वापसी के लिए मांडू विधायक जय प्रकाश भाई पटेल ने पीएम नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा है. उन्होंने मामले को लेकर पीएम को पत्र लिखकर झारखंड के 45 मजदूरों के वहां फंसे होने एवं उनकी और उनके परिजनों की हालात से अवगत कराते हुए मजदूरों की सकुशल वापसी की मांग की है. पत्र में यह भी कहा गया है कि मजदूरों से सात महीने काम कराकर दो महीने का मजदूरी दी गई है. मजदूरी मांगने पर कंपनी के द्वारा मजदूरों को प्रताड़ित भी किया जा रहा है.

### क्या कहा मजदूरों ने

मजदूरों ने कहा है कि एक सप्ताह से हमलोग सऊदी अरब में फंसे हुए हैं. यहां फंसने के बाद हमलोगों ने एक वीडियो वायरल कर अपने दुखड़ा को साझा किया था, परंतु एक सप्ताह बीत जाने के बावजूद हमलोगों की सुध किसी ने नहीं ली है. नतीजन अब खाद्य सामग्रियां भी समाप्त हो गई हैं. इससे खाने-पीने का भी संकट उत्पन्न हो गया है. बता दें कि झारखंड के गिरिडीह, हजारीबाग और बोकारो जिले के 45 मजदूर सऊदी अरब में फंसे हुए हैं.

## मलेरिया विभाग ने स्वास्थ्य कर्मियों को दिया प्रशिक्षण

**चाईबासा।** मलेरिया नियंत्रण को लेकर जिला मलेरिया विभाग मलेरिया प्रभावित क्षेत्रों में लगातार दौरा कर रहा है. इस दौरे के क्रम में गुरुवार को सीएचसी टोन्टो में प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया. गैर सरकारी संस्था सीनी के सहयोग से आयोजित इस प्रशिक्षण शिविर में विभाग से गए एक्सपर्ट के रूप में उपस्थित लोगों ने मलेरिया की रोकथाम की जानकारी दी. इस जानकारी में मलेरिया रोगों की जांच इसके लिए मास लेवल फीवर सर्वे, बीमार से पीड़ित व्यक्तियों की रक्त जांच, रक्त जांच के नमूने को जांच कर यह पता करना कि अगला व्यक्ति मलेरिया से पीड़ित है या नहीं, चिन्हित किया गये जगह पर साफ सफाई, ब्लीचिंग का छिड़काव, वहां पर रहने वाले लोगों के बीच मच्छरदानी का वितरण सहित मलेरिया से संबंधित अन्य बिंदुओं पर उन्हें विशेष रूप से जागरूक किया गया. उन्हें बताया गया कि यदि इन बिंदुओं पर तरीके से कार्य किया जाए तो बहुत हद तक मलेरिया को नियंत्रित किया जा सकता है.

# धनबाद: वेतन बढ़ोतरी की मांग पर सफाई कर्मियों ने शुरू की हड़ताल

नवीन मेल संवाददाता

**धनबाद।** जिला के एसएनएमएमसीएच के सफाईकर्मियों ने हाथ खड़े कर दिए हैं. उन्होंने आगे भी साफ सफाई की सेवा बाधित रखने की घोषणा की है. सफाईकर्मी बढ़े हुए वेतन की मांग पर अड़ गए हैं. सफाईकर्मियों की इस घोषणा से एसएनएमएमसीएच में साफ सफाई की व्यवस्था चरमरा जाएगी. इस मांग को लेकर अस्पताल में सफाईकर्मियों ने गुरुवार को प्रदर्शन किया. प्रदर्शन कर रहे सफाईकर्मियों का कहना है कि दो महीने बीत गए लेकिन अबतक उनके संवेदक के द्वारा बढ़ा हुआ वेतन का भुगतान नहीं किया गया है. दो महीने से सिर्फ आश्वासन दिया जा रहा है. दिसंबर महीने में वेतन का भुगतान संवदेक ने किया है लेकिन पुराने वेतन के अनुसार ही राशि का भुगतान किया गया है. पिछले दो महीने से संवेदक टाल मटोल कर रहा है. जबतक बढ़ा हुआ वेतन नहीं मिल जाता तब तक काम नहीं करने की चेतावनी सफाईकर्मियों ने दी है. सफाई कर्मियों ने बताया कि करीब 150 सफाईकर्मी अस्पताल में कार्यरत हैं. उनके मुताबिक कमांडो सिक्योरिटी हजारीबाग की कंपनी के द्वारा उनसे अस्पताल में साफ सफाई का काम लिया जा रहा है.वहीं महिला सफाईकर्मियों ने कहा कि उन्हें साढ़े सात हजार रुपए वेतन दिया जाता था. जिसे बढ़ाकर 9 हजार रुपया कर दिया गया है. लेकिन बढ़ा हुआ वेतन का भुगतान करने में संवेदक के द्वारा आनाकानी की जा रही है. अपनी मांग को लेकर पिछले दिनों सभी ने मिलकर हड़ताल भी किया था. उस दौरान संवेदक ने भुगतान का आश्वासन दिया लेकिन उनके द्वारा आश्वासन पर पहल नहीं की जा रही है. इसको लेकर एक फिर से उन्होंने हड़ताल पर जाने की घोषणा कर दी है.



## गौ तस्करों-हिंदूवादी संगठनों में तनातनी मामला थाने में

**धनबाद।** जीटी रोड के माध्यम से धनबाद के रास्ते गौवंशीय पशु तस्करी बगैर रोक टोक पिछले कई दशकों से जारी है. जिसमें गौ तस्करों के अलावा खादी-खाकी और हिंदूवादी संगठनो की मिली भगत की बातें यदाकदा मीडिया की सुर्खियां बनती रहती है. ताजा घटनाक्रम में धनबाद के गोविंदपुर लाल बाजार के निकट गुरुवार की सुबह खुद को गौरक्षक कहने वाले कुछ युवकों ने पिकअप पर लोड कर ले जाए जा रहे गोवंश पशुओं को रोकने की कोशिश की. नहीं रुकने पर उसका पीछा किया. आनन फानन में पिकअप ड्राइवर ने अपने सामने खड़ी एक स्कूल वाहन को पीछे से टक्कर मार दी. राहत की बात यह रही की स्कूल का कोई बच्चा इसमें घायल नहीं हुआ. घटना गोविंदपुर थाने के निकट हुई थी. पूरे मामले में झारखंड गौ रक्षा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन ने फोन पर बताया कि उन्होंने थाना प्रभारी से बात की एवं पूरे मामले में निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई का निर्देश दिया है.

## झरिया में प्रदूषण के खिलाफ 'रन फॉर क्लीन एयर' के लिए चला जनसंपर्क अभियान

# जनता प्रदूषण से परेशान

नवीन मेल संवाददाता

**झरिया।** प्रदूषण के खिलाफ तंत्र को जगाने के लिए गुरुवार को पूर्व नियोजित कार्यक्रम के तहत झरिया वासियों ने चिल्ड्रेन पार्क से लेकर कतरास मोड़ तक दौड़ लगाई। दौड़ में समाजसेवी संगठन, राजनीतिक पार्टियों के लोग, चिकित्सक, व्यवसायी सहित बड़ी संख्या में स्कूली छात्र छात्राओं ने हिस्सा लिया। सुबह से ही चिल्ड्रेन पार्क में लोगों का जुटान होना शुरू हो गया था। दौड़ में शामिल सभी लोग मेरी सांसें मेरा हक लिखा टी शर्ट और टोपी लगाए थे। सभी ने एक स्वर में प्रदूषण के खिलाफ आवाज बुलंद की। दौड़ के दौरान मेरी सांसें मेरा हक, रन फॉर क्लीन एयर, शुद्ध हवा मेरा अधिकार जैसे नारे लगते रहे। दौड़ में हजारों की संख्या में लोग थे, सड़क लोगों से खचा खच भरा हुआ था। लोग देश बन्धु सिनेमा से आगे निकल गए तब भी पिछला हिसा चिल्ड्रेन पार्क के पास था । कार्यक्रम में महिला महाविद्यालय, आईएसएल झरिया, बालिका बिद्या मंदिर, यशोमति विद्या निकेतन, शिशु मंदिर, एवं मारवाड़ी विद्यालय के सीनियर छत्र छात्राओं ने भी भाग लिया। दौड़ में शामिल निवर्तमान मेयर चंद्रशेखर अग्रवाल ने कहा कि यह जन जन की आवाज है।

### मेरी सांसें मेरा हक के लगे नारे

जिस तरह से बीसीसीएल सारे नियमो का ताख पर रख माइनिंग कर रही है एनवायर्नमेंटल क्लियरेंस की एक भी शर्त नहीं मान रही है जिसका खामियाजा यहां की जनता झेल रही है। अब जनता जागरूक हो रही है। झरिया विधायक के प्रतिनिधि केडी पांडेय ने कहा कि हमें स्वच्छ हवा लेने का अधिकार है। पर बीसीसीएल द्वारा इसका हनन किया जा रहा है। नियमों को ताख पर रख शहर के चारों ओर चल रहे खनन कार्य के कारण घरों के आंगन में धूलकण जम रहे हैं। लोग टीवी, अस्थमा जैसे गंभीर बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। अभी लड़ाई की शुरआत हुई है आगे झरिया की पूरी जनता एक साथ मिलकर ये लड़ाई लड़ेगी। रागिनी सिंह ने कहा कि दौड़ के शक्ल में यह विरोध बता रहा है कि झरिया की जनता प्रदूषण से कितनी त्रस्त है। यहां की जनता के जीवन से खिलवाड़ नहीं होने देंगे यह आवाज ऊपर तक उठाएंगे। अगर इसके बाद भी इस पर ध्यान नहीं दिया गया तो इससे बड़ा आंदोलन हमलोग करेंगे। बीसीसीएल की मनमानी नहीं चलने देंगे। मारवाड़ी सम्मेलन ट्रस्ट झरिया के अध्यक्ष सह भाजपा नेता राजकुमार अग्रवाल ने कहा कि झरिया के लोग यह सोचने को मजबूर हैं कि उनकी सांसें कैसे सुरक्षित रहे। यह दुर्भाग्य है कि लोगों के आग्रह के बाद भी खनन कंपनियां कोयला उत्खनन में मानकों का पालन नहीं कर रही हैं जिस कारण वर्तमान में यहां प्रदूषण की समस्या इतनी गंभीर हुई है।



झरिया वासियों ने वातावरण की शुद्धता के लिए लगाई दौड़

### छात्र, नेता सहित आमजन हुए शामिल

रन फॉर क्लीन एयर के दौड़ में निवर्तमान महापौर चन्द्रशेखर अग्रवाल, विधायक प्रतिनिधि के डी पाण्डेय, मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल, भाजपा नेत्री रागनी सिंह,डॉ ओ पी अग्रवाल, लायंस क्लब के डॉ नरेश प्रसाद, डॉ एस के भगानिया, शेखर प्रसाद,दिलीप सुद्धकी, केके साहू, पार्षद शैलेन्द्र सिंह, अनिल कुमार सिंह, अरुण साव, बलदेव पाण्डे, पिंकू चंद्रवंशी, दिलीप आडवाणी, ग्रीन लाइफ के संयोजक डॉ मनोज सिंह, यूथ कॉन्सेप्ट के संयोजक अखलाक अहमद,बिनोद शर्मा, गणेश अग्रवाल, सनोज साव, चन्दन शास्त्री, डॉ दिलीप कुमार,अनिल जैन,चेतन मिश्रा, सौरभ शर्मा, झूलन सिंह, मोनू खान, अशोक मालाकार, बिरेन्द्र सर,मुक्तेश्वर मिश्रा, डॉ यस हैदर, डॉ एम समीर, लखन विश्वकर्मा, दिलीप चक्रवर्ती, अशोक पांडेय, अविनाश शर्मा, पिनाकी राय, सतीश गुप्ता, अभिषेक सिंह,पार्थो, दीपक दत्ता,राजा अंसारी, रूदल पासवान,दिलीप भारती,मो असलम शाहनवाज खान,आशिफ इकबाल, रवि केशरी, मो इकबाल, हलचल राजा, अबू सईद सहित हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए ।

## एक नजर

### विकसित भारत योजना वाहन पहुंचा किरीबुरू दी योजनाओं की जानकारी

**चाईबासा।** भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय भूमि संसाधन विभाग, डिजिटल इंडिया भूमि अभिलेख आधुनिकीकरण कार्यक्रम से जुड़ी डिजिटल वाहन हमारा संकल्प विकसित भारत योजना एवं मोदी है तो गारंटी है का बैनर लगाये किरीबुरु पहुंचा. किरीबुरु के मुगार्पाड़ा पूजा पंडाल पास जैसे हीं उक्त वाहन पहुंचा किरीबुरु पश्चिम पंचायत की मुखिया पार्वती किड़ो, उप मुखिया सुमन मुंडू के अलावे जेएसएलपीएस महिला समूह से जुड़ी दर्जनों महिलाएं व अन्य पहुंचे. यहां कार्यक्रम का शुभारम्भ महिलाओं ने शपथ लेकर किया. महिलाओं ने शपथ लेते हुए कहा कि हम भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करेंगे. गुलामी की मानसिकता को जड़ से उखाड़ फेकेंगे. देश की समृद्ध विरासत पर गर्व करेंगे. भारत कि एकता को सुद्दढ़ करेंगे और देश कि रक्षा करने वालों का सम्मान करेंगे. नागरिक होने का कर्तव्य निभाएंगे.

### अखिल भारतीय ग्रामीण डाक सेवक संघ का अनिश्चितकालीन हड़ताल तीसरे दिन भी जारी



**रामगढ़।** अखिल भारतीय ग्रामीण डाक सेवक संघ का अनिश्चितकालीन का विभिन्न मांगों को लेकर जारी हड़ताल गुरूवार को तीसरे दिन भी जारी रहा। हड़ताल के तीसरे दिन ग्रामीण डाक सेवक संघ द्वारा प्रधान डाकघर रामगढ़ के समक्ष धरना दिया गया। जिसकी अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष सुदीप गोस्वामी ने और संचालन संजय कुमार महतो ने किया। जबकि धरने का नेतृत्व सचिव शैलेंद्र कुमार सिंह ने किया। मौके पर वक्ताओं ने कहा की जब तक हमारी मांग नही मानी जाएगी हड़ताल जारी रहेगा। इस दौरान वक्ताओं ने कहा की हमारी काम की अवधि 8 घंटे हो, पेंशन की सुविधा मिले, कमलेश चंद्रा कमेटी की सिफारीस लागू किया जाए, हम सबों को सिविल सर्वेंट का दर्जा मिले, समान कार्य के लिए समान वेतन लागू हो , आर्टिकल 3ए को समाप्त किया जाये, सभी शाखा डाकघरों को लैपटॉप, प्रिंटर और ब्रॉडबैंड की सुविधा दी जाए। धरने में संजय कुमार महतो, भीम महतो, उमाशंकर सिंह, स्नेहा सोमल, स्वरूप सीखा, सीमा कुमारी, इम्तियाज आलम, चंदन कुमार, गौरव कुमार, नरेंद्र नायक, जीवन कुमार, विशेश्वर पासवान, नरेश तिवारी , दिलीप कुमार महतो, बालेश्वर ठाकुर, सुनील कुमार, रोहित कुमार मुर्मू, चंदर कुमार, ज्योति प्रसाद, अजय राय, तिलक महतो, कारू महतो, प्रकाश कुमार, धर्मनाथ कुमार, लालकृष्ण महतो, कुलदीप कुमार महतो, सतीश कुमार, कालीचरण साव आदि उपस्थित थे।

### 17 दिसंबर से 'पौष पोर्बेन' उत्सव का आयोजन

**धनबाद ।** गुरुवार को हीरापुर भिस्तीपाड़ा रोड स्थित लिंडसे क्लब में 17 से 19 दिसंबर को होने वाले पौष पोर्बेन उत्सव के तीन दिवसीय कार्यक्रमों की जानकारी देने हेतु पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया. प्रेस वार्ता में क्लब के सभापति अमलेंदू सिंहा ने बताया कि प्रथम दिन 17 दिसंबर को संध्या 5 बजे पौष पार्बन उत्सव सह मेला का उद्घाटन 17 दिसंबर को शाम 5:00 बजे होगा जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में धनबाद उपायुक्त एवं बीसीसीएल के सीएमडी को आने के लिए आग्रह किया गया है. इस तीन दिवसीय कार्यक्रम के प्रथम दिन सांस्कृतिक नृत्य स्कूल के विद्यार्थी, स्थानीय कलाकार अपनी मनभावन प्रस्तुतियां देकर दर्शकों का दिल जीतेंगे. उत्सव के दूसरे दिन कोलकाता का लोकप्रिय मोहुल बैंड संस्कृति एवं लोक गीतों पर लोगों को झुमाएंगे. वहीं तीसरे दिन शांति निकेतन की जाने पहचाने ग्रुप द्वारा बाउल गाना की मोहक एवं कर्णप्रिया प्रस्तुति की जाएगी. तत्पश्चात समापन समारोह में भाग लेने वाले समस्त कलाकारों को पुरस्कार वितरण तथा अतिथियों को सम्मानित किया जाएगा.

### शूटर अमन सिंह हत्याकांड

# धनबाद : पुलिस कस्टडी में आरोपियों की मेडिकल जांच



नवीन मेल संवाददाता

**धनबाद।** जेल में बन्द शूटर अमन सिंह की हत्या 3 दिसम्बर को गोली मारकर सुंदर महतो उर्फ रितेश यादव ने की थी. जिसके बाद पांच दिन का रिमांड पर लिया गया था. रिमांड में पुलिस को बताया था कि अमन की हत्या में सहयोग जेल में बन्द विकास बजरंगी और सतीश साव उर्फ गांधी ने किया था. पुलिस अमन की हत्या में सहयोग करने वाले विकास बजरंगी और सतीश साव उर्फ गांधी के साथ हत्यारोपी सुंदर उर्फ रितेश यादव को 72 घण्टे के रिमांड में ले ली है. आज तीनो को मेडिकल जांच के लिये सदर अस्पताल सरायढेला पुलिस लेकर पहुंची. जहां विकास बजरंगी की अधिक तबियत खराब पाए जाने पर एसएनएमएमसीएच भेज दिया है. वहीं एसएनएमएमसीएच में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है. जेल में बन्द अमन सिंह की प्रेमिका सलोनी सिंह और उसी के सेल में बन्द मालती उर्फ सरस्वती टुडू को भी रिमांड में लेने की प्रक्रिया पुलिस कर रही है. पुलिस ने जेल में छापेमारी के दौरान पेन ड्राइव और मोबाइल बरामद किया था.

## अयोध्या से कतरास पहुंचा अक्षत कलश लगे जयकारे

**धनबाद।** अयोध्या से कतरास आए पवित्र अक्षत कलश का विहिप व आरएसएस के कार्यकताओं ने गुरुवार को नगर भ्रमण कराया. कलश यात्रा का नेतृत्व भाजपा कतरास मंडल के मंत्री और विहिप नेता रामकुमार साहू उर्फ छोटू कर रहे थे.सबसे पहले कतरास सत्यनारायण मंदिर में कलश की विधिवत पूजा की गई. इसके बाद जुलूस की शक्ल में कलश का नगर भ्रमण कराया गया. कलश यात्रा कतरास थाना चौक, सब्जी मंडी, गुहीबांध होते हुए लखी नारायण मंदिर पहुंची. जहां बसंती देवी को पवित्र कलश सौंपा गया. इस दौरान वातावरण श्री राम हरे राम के जयकारे से गुंजायमान रहा.नगर भ्रमण के दौरान भजन मंडली और स्थानीय लोग नाचते-झूमते जयकारा लगाते चल रहे थे.

### सिटी एसपी ने की थाना प्रभारियों के साथ क्राइम मीटिंग, बोले

# लंबित मामलों का जल्द करें निष्पादन

नवीन मेल संवाददाता

**धनबाद।** पुलिस लाइन में सिटी एसपी अजीत कुमार ने सभी थाना प्रभारियों के साथ क्राइम मीटिंग की. मौके पर डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर अरविंद बिन्हा, मुख्यालय 1 डीएसपी अमर पांडेय, सिंदरी डीएसपी अभिषेक कुमार भी उपस्थित रहे. वहीं सिटी एसपी अजीत कुमार ने कहा कि थाना प्रभारियों के साथ क्राइम मीटिंग किया गया. जिसमे आपराधिक घटनाओं पर लगाम के साथ अपराधियों पर नजर रखने का निर्देश दिया गया है. वही लंबित मामलों को जल्द निष्पादन करने का भी निर्देश दिया गया है. जितने अपराधी फरार है उनको शीघ्र गिरफ्तार करे. बता दें कि पिछले दिनों चेंबर ऑफ झारखंड के अधिकारी व सदस्य डीजीपी से मिले. उन्होंने डीजीपी को ज्ञापन सौंप कर धनबाद में हो रही घटनाओं की जानकारी दी थी. ज्ञापन में कहा गया था कि धनबाद जिले में नियमित रूप से व्यापारियों के साथ रंगदारी, धमकी, फायरिंग और बमबाजी की घटनाओं से जिले में व्यापारिक गतिविधियां बुरी तरह प्रभावित है. जिले में बढते अपराध, रंगदारी की मांग और आये दिन प्रतिष्ठानों, व्यवसायियों और चिकित्सकों पर अपराधियों द्वारा फायरिंग की घटनाओं में वृद्धि हो रही है. साथ ही पिछले दिनों धनबाद मण्डल कारा में गैंगस्टर अमन साहू की भी हत्या कर दी गई थी.



## रामगढ़ जुबिली कॉलेज की छात्रा ज्योति बाला का विभावि के तीरंदाजी महिला टीम में चयन



**रामगढ़।** जुबिली कॉलेज की छात्रा ज्योति बाला का विनोबा भावे विश्वविद्यालय के तीरंदाजी महिला टीम में चयन हुआ है। उक्त जानकारी देते हुए प्राचार्य प्रो. एनके तिवारी ने बताया कि चयनित छात्रा ज्योति बाला का ट्रेनिंग कैंप 15 दिसंबर से जेजे कॉलेज झुमरीतिलैया में चलेगा। ट्रेनिंग के बाद तीरंदाजी महिला टीम अन्तर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए आगामी 21 दिसंबर को पंजाब विश्वविद्यालय पटियाला के लिए रवाना होगी। ज्योति की सफलता पर प्रो. एनके तिवारी सहित कॉलेज के समस्या शिक्षक-शिक्षकेतर कर्मचारियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

**जागरूकता**

### विधायक दीपक बिरुवा ने प्रखंड समितियों के साथ की बैठक

# 16 को आपके द्वार कार्यक्रम में सीएम होंगे शामिल

नवीन मेल संवाददाता

**चाईबासा।** राज्य सरकार की ओर से समूचे झारखंड में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम पंचायत स्तर पर चलाई जा रही है. इसकी समीक्षा करने के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सभी जिले में जिला स्तरीय आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन कराकर पधार रहे हैं. पश्चिम सिंहभूम जिला के मंझारी प्रखंड के हाई स्कूल मैदान मंझारी में 16 दिसंबर को जिला स्तरीय आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया है. जहां मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शिरकत करेंगे. कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए झामुमो के नेताओं ने जोर-जोर से तैयारी कर रहे हैं. चाईबासा विधानसभा क्षेत्र के विधायक दीपक बिरुवा ने गुरुवार को झींकपानी कार्यालय में विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत सदर, झींकपानी, टोंटो, हाटगम्हारिया प्रखंड समिति के पदाधिकारियों के साथ बैठक की. बैठक में चाईबासा विधानसभा क्षेत्र से 4 हजार की संख्या में कार्यकर्ता कार्यक्रम में पहुंचने की सहमति जताई गई. इसके लिए विभिन्न रणनीति बनाई गई. बैठक में विधायक ने कई दिशा निर्देश देते हुए बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के अंतिम पंक्ति में बैठे व्यक्तियों के दरवाजे तक सरकार की योजनाओं और सेवाओं को पहुंचाना है. सुदूर ग्रामीण इलाकों में रहने वाले हर गरीब और जरूरतमंद की समस्याओं का समाधान उसके घर पर मिले, इसलिए हर पंचायत में शिविर लगाए जा रहे हैं. यहां अधिकारियों की पूरी टीम मौजूद है. इन शिविरों में आकर कल्याणकारी योजनाओं से जुडें. अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करें, ताकि योजनाओं का लाभ ले सके. बैठक में जिला 20 सूत्री क्रियान्वयन समिति सदस्य सुभाष बनर्जी, हाटगम्हारिया जिला परिषद सदस्य प्रमिला पिंगुवा, टोंटो जिप सदस्य राज नारायण तुबिद, सदर प्रखंड अध्यक्ष सतीश सुंडी, झींकपानी प्रखंड अध्यक्ष सोंगा बिरुली, प्रखंड प्रमुख प्रदीप तामसोय, प्रदीप गोप, हाटगम्हारिया प्रखंड अध्यक्ष बलवंत गोप, टोंटो प्रखंड 20 सूत्री क्रियान्वयन समिति अध्यक्ष मुन्ना सुंडी, तुराम बिरुली, मन्ना कुदादा, नारायण समेत चारों प्रखंड के पदाधिकारी शामिल थे.



## भाजपा अजजा मोर्चा प्रदेश कार्य समिति की बैठक को लेकर तैयारी

**चाईबासा।** भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष मंजीत कोड़ा ने विज्ञप्ति जारी कहा कि 15 दिसंबर को सुबह 11 बजे भाजपा जिला कार्यालय में बैठक होगी. बैठक में पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला-खरसावां जिला से भाजपा एसटी मोर्चा प्रदेश के पदाधिकारी, जिला अध्यक्ष, जिला के पदाधिकारी, पूर्व विधायक एवं भाजपा के वरिष्ठ नेताओं को आमंत्रित किया गया है. बैठक में पार्टी द्वारा प्रस्तावित प्रत्येक विधानसभा में मोटरसाइकिल रैली, जिला के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में पदयात्रा, 29 एवं 30 दिसंबर 2023 को जिला मुख्यालय चाईबासा में होने वाली भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति की बैठक की तैयारी पर चर्चा की जाएगी. बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शिव शंकर उरांव शामिल होंगे.

# तीन नये चेहरों के राजनैतिक मायने

**भारतीय** जनता पार्टी ने छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश व राजस्थान में अनुमानों से परे जीत के बाद जिस प्रकार नए चेहरों को मुख्यमंत्री बनाकर चौंका दिया है, उससे पार्टी से लेकर विपक्ष तक को राजनीति का नया संदेश गया साथ जमीनी कार्यकताओं का भी हौसला बुलंद हो गया है। पार्टी और विशेषतः प्रधानमंत्री मोदी ने आम जन को यह संदेश दिया कि साधारण से साधारण कार्यकर्ता भी पार्टी में एक दिन ऊंचे से ऊंचे पद पर पहुंच सकता है। छत्तीसगढ़ में विष्णुदेव साय, मध्य प्रदेश में मोहन यादव और आज राजस्थान में भजनलाल शर्मा को जिस तरह मुख्यमन्त्री का पद सौंपा गया है उससे यह भी साफ करने की कोशिश की गई है कि कोई भी अपनी लोकप्रियता का ढिंढोरा पीटकर और विधायकों को अपनी जेब में रखने का भ्रम दिखा कर मुख्यमन्त्री बन सकता है तो भाजपा आलाकमान उसके इस दबाव को बर्दाश्त नहीं करेगा। पुरानी पार्टियों की परंपरिक शैली के उलट भाजपा में गढ़ी जा रही नयी राजनीतिक परिभाषाएं ही उसकी लोकप्रियता का आधार बन रही है। भाजपा नेतृत्व के इस कदम से अनेक पार्टियां भी संभवतः अपने कामकाज की शैली बदलने पर विवश हो जाएं। आजतक सभी पार्टियां इस लाइन पर काम करती थीं कि जिसका जनाधार मजबूत उस वरिष्ठ को ही नेतृत्व सौंपा जाए। भाजपा ने एक तीर से दो शिककार किया है न केवल नए चेहरों पर भरोसा किया है बल्कि राजनीति के धुरंधर खिलाड़ियों को भी उनकी जमीन दिखाने की कोशिश की है, इस तरह की राजनीति के दूरगामी सकारात्मक परिणाम देखने को मिल सकते हैं, वहीं राजनीति में नये चेहरों के आने से नए समीकरणों से इनकार नहीं किया जा सकता। अब तक भारतीय राजनीति में परिवारवाद, धन एवं ताकत का बोलबाला रहा है, जमीन से जुड़े लोग तो इसे नियति मानने लगे थे। लेकिन भाजपा की राजनीति ने सभी पार्टियों के लिए एक रास्ता खोल दिया है। अनेक विधायकों की उम्र बीत जाती है मुख्यमंत्री पद का इंतजार करते, पर राजस्थान में भाजपा ने पहली बार जीतकर विधानसभा पहुंचे भजनलाल शर्मा को मुख्यमंत्री बनाकर एक ऐसा संदेश दिया है, जिसका असर पार्टी में निचले स्तर के कार्यकताओं तक एक सुखद समाचार की तरह पहुंचा है। ऐसे फैसले कम होते हैं, पर जब होते हैं, तब लोकतंत्र और उसकी जमीनी राजनीति के प्रति आम लोगों का भरोसा बढ़ता है। इससे लोकतंत्र भी मजबूत होता है और अपने वास्तविक एवं आदर्श स्वरूप को आकार देने का पात्र बनता है। मोदी ने अपने नाम पर प्रादेशिक चुनाव लड़कर एवं जीतकर एक नयी प्रकार की राजनीति को विकसित करने का धरातल तैयार कर दिया है। इसी का परिणाम है कि राजस्थान की राजनीति में अब पीढ़ी परिवर्तन का बिगुल बज गया है। राजस्थान में अशोक गहलोत और वसुंधरा राजे बारी-बारी सत्ता संभालते आ रहे थे और सत्ता छोड़ने को तैयार नहीं थे, ऐसे में उनको निराशा हाथ लगी है। लोकसभा चुनाव के बाद देखना है कि व्यक्तिवादी राजनीति का युग समाप्ति की ओर अग्रसर है या भारत में राजनीति की यह नई परिभाषा एक उदाहरण बन कर ही रह जाती है।

> **अब तक भारतीय राजनीति में परिवारवाद, धन एवं ताकत का बोलबाला रहा है, जमीन से जुड़े लोग तो इसे नियति मानने लगे थे। लेकिन भाजपा की राजनीति ने सभी पार्टियों के लिए एक रास्ता खोल दिया है। अनेक विधायकों की उम्र बीत जाती है मुख्यमंत्री पद का इंतजार करते, पर राजस्थान में भाजपा ने पहली बार जीतकर विस पहुंचे भजनलाल शर्मा को मुख्यमंत्री बनाकर एक ऐसा संदेश दिया है, जिसका असर पार्टी में निचले स्तर के कार्यकर्ताओं तक एक सुखद समाचार की तरह पहुंचा है। ऐसे फैसले कम होते हैं, पर जब होते हैं, तब लोकतंत्र और उसकी जमीनी राजनीति के प्रति आम लोगों का भरोसा बढ़ता है।**

## इन दिनों

# राष्ट्र को संगठित करने वाले महायोद्धा सरदार पटेल



ललित गर्ग

**कर्मवीर** व्यक्तियों का जीवन विलक्षण होता है, वे अपने जीवन काल में तथा उसके बाद प्रेरणास्रोत बने रहते हैं। इतिहास अक्सर ऐसे महान लोगों से ऐसा काम करवा देता है जिसकी उम्मीद नहीं होती। और जब राष्ट्र की आवश्यकता का प्रतीक ऐसे महान इंसान बनते हैं तो उनका कद सहज ही बड़ा बन जाता है। सरदार वल्लभ भाई पटेल ऐसे ही विराट व्यक्तित्व के धनी एवं कर्मवीर महापुरुष थे। वे एक राजनेता ही नहीं, एक स्वतंत्रता सेनानी ही नहीं बल्कि इस देश की आत्मा थे। राष्ट्रीय एकता, भारतीयता एवं राजनीति में नैतिकता की वे अद्भुत मिसाल थे। आजादी के बाद विभिन्न रियासतों में बिखरे भारत के भू-राजनीतिक एकीकरण में केंद्रीय भूमिका निभाने के लिए पटेल को भारत का बिस्मार्क और लौह पुरूष भी कहा जाता है। उन्हें 1991 में भारत रत्न से सम्मानित किया जा चुका है। पटेल की राष्ट्रीयता को संगठित करने की बुलंद एवं विलक्षण उपलब्धियां उम्र के पैमानों में इतनी ज्यादा है कि उनके आकलन में गणित का हर फार्मूला छोटा पड़ जाता है। भले ही वे आज हमारे बीच नहीं है लेकिन वे इस माटी के लिए किये गये उल्लेखनीय अवदानों के लिए सदियों तक याद किये जायेंगे। उनका जन्म दिवस राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है। 15 दिसम्बर उनका निर्वाण दिवस है। सरदार वल्लभ भाई पटेल ने अपने पुरुषार्थ से राष्ट्र का भाग्य रचा, उनका जन्म 31 अक्टूबर 1875 को गुजरात के नडियाड में हुआ। वे कृषक परिवार से थे। उनके पिता का नाम झवेरभाई पटेल एवं माता का नाम लाडबा देवी है। वे उनकी चौथी संतान हैं। लन्दन जाकर उन्होंने बैरिस्टर की पढाई की और वापस आकर अहमदाबाद में वकालत करने लगे। महात्मा गांधी के विचारों से प्रेरित होकर उन्होने भारत के स्वतन्त्रता आन्दोलन में भाग लिया। सरदार पटेल की शिक्षाएं, जीवन-आदर्श एवं राष्ट्र को प्रदत्त अवदान हमें प्रेरणा देते रहेंगे। उनके विचार एवं सोच जहां हमारे लिये जीवन को सफल एवं सार्थक बनाने का आधार है वहीं राष्ट्रीयता के खुद को न्यौछावर कर देने की प्रेरणा है। अहिंसा का समर्थन करते हुए सरदार पटेल का कहना था कि कायरों की अहिंसा का कोई मूल्य नहीं है। जो तलवार चलाना जानते हुए भी तलवार को म्यान में रखता है, उसकी अहिंसा सच्ची अहिंसा होती है। उनका कहना था कि हमारा सिर कभी न झुकने वाला होना चाहिए। उन्हें देश के छोटे से छोटे स्तर के व्यक्ति की भी कितनी चिंता थी, उसी को व्यक्त करते हुए उन्होंने एक बार कहा था कि उनकी एक ही इच्छा है कि भारत एक अच्छा उत्पादक हो और इस देश में कोई भी व्यक्ति अन्न के लिए आंसू बहाता हुआ भूखा न रहे। सरदार पटेल का जीवन और दर्शन भातीयता को सुदृढ़ करने में नियोजित करने में लगा रहा है। एकता में सबसे बड़ा बाधक स्वहित है। आज के समय में स्वहित ही सर्वोपरि हो गया है। आज जब देश आजाद है, आत्मनिर्भर है तो वैचारिक मतभेद उसके विकास में बेड़ियाँ बनी हुई हैं। आजादी के पहले इस स्वार्थी दृष्टिकोण एवं स्वहित की भावना का फायदा अंग्रेज उठाते थे और आज देश के राजनीतिक लोग। देश में एकता के स्वर को सबसे ज्यादा बुलंद सरदार पटेल ने किया था। उनकी सोच, उनका दर्शन, उनकी राष्ट्रीयता के कारण ही आज हम एक सूत्रता में बंध हुए हैं। उनकी सोच युवा जैसी नयी सोच थी। वे सदैव देश को एकता का संदेश देते थे। राष्ट्रीयता को उन्होंने केवल परिभाषित ही नहीं किया बल्कि उसे संगठित करके दिखाया। वे अपने निजी त्याग, राष्ट्रीयता के प्रति सर्वस्व बलिदान कर देने की भावना एवं कठिन जीवनचर्या को वर्चस्वी बनाकर किसी पर नहीं थोपते अपितु व्यक्ति की स्वयं की कमजोरियों को उसे महसूस करवाकर उससे उसको बाहर निकालने का मानवीय स्पर्श करते थे। आपने 'साल' का वृक्ष देखा होगा- काफी ऊंचा 'शील' का वृक्ष भी देखें- जितना ऊंचा है उससे ज्यादा गहरा है। सरदार पटेल के व्यक्तित्व एवं कृतित्व में ऐसी ही ऊंचाई और गहराई थी। जरूरत है इस गहराई को मापने की।



> **सरदार वल्लभ भाई पटेल ने अपने पुरुषार्थ से राष्ट्र का भाग्य रचा, उनका जन्म 31 अक्टूबर 1875 को गुजरात के नडियाड में हुआ। वे कृषक परिवार से थे। उनके पिता का नाम झवेरभाई पटेल एवं माता का नाम लाडबा देवी है। वे उनकी चौथी संतान हैं। लन्दन जाकर उन्होंने बैरिस्टर की पढाई की और वापस आकर अहमदाबाद में वकालत करने लगे। महात्मा गांधी के विचारों से प्रेरित होकर उन्होने भारत के स्वतन्त्रता आन्दोलन में भाग लिया। सरदार पटेल की शिक्षाएं, जीवन-आदर्श एवं राष्ट्र को प्रदत्त अवदान हमें प्रेरणा देते रहेंगे। उनके विचार एवं सोच जहां हमारे लिये जीवन को सफल एवं सार्थक बनाने का आधार है वहीं राष्ट्रीयता के खुद को न्यौछावर कर देने की प्रेरणा है। अहिंसा का समर्थन करते हुए सरदार पटेल का कहना था कि कायरों की अहिंसा का कोई मूल्य नहीं है। जो तलवार चलाना जानते हुए भी तलवार को म्यान में रखता है, उसकी अहिंसा सच्ची अहिंसा होती है। उनका कहना था कि हमारा सिर कभी न झुकने वाला होना चाहिए। उन्हें देश के छोटे से छोटे स्तर के व्यक्ति की भी कितनी चिंता थी, उसी को व्यक्त करते हुए उन्होंने एक बार कहा था कि उनकी एक ही इच्छा है कि भारत एक अच्छा उत्पादक हो और इस देश में कोई भी व्यक्ति अन्न के लिए आंसू बहाता हुआ भूखा न रहे। सरदार पटेल का जीवन और दर्शन भातीयता को सुदृढ़ करने में नियोजित करने में लगा रहा है। एकता में सबसे बड़ा बाधक स्वहित है। आज के समय में स्वहित ही सर्वोपरि हो गया है।**

## आप की बात



### सामुदायिक शौचालय बंद रहने से परेशानी

कचहरी परिसर स्थित सामुदायिक सुलभ शौचालय बन्द रहने के कारण दूर-दराज के क्षेत्रों से परिसर स्थित अनुमंडलीय कार्यालय, परिवार न्यायालय, व्यवहार न्यायालय, निबंधन कार्यालय सहित विभिन्न कार्यालयों में आने वाले वादकारियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि परिसर स्थित सामुदायिक सुलभ शौचालय में कई महीने से ताला लटका है। जिससे कचहरी परिसर में आने वाले ग्रामीणों विशेषकर महिलाओं को दर-दर भटकना पड़ रहा है। बताया जाता है कि इस परिसर में सामुदायिक सुलभ शौचालय की व्यवस्था नगर निगम द्वारा किया गया है, किंतु पता नहीं किन कारणों से महीनों से शौचालय में ताला बंद करके रखा गया है। शौचालय बंद होने के कारण लोग परिसर में ही इधर-उधर लघुशंका करने के लिये विवश हैं। कई स्थानों पर तो भीषण दुर्गंध के कारण सांस लेना भी दुरूह हो गया है। चारों तरफ गंदगी के कारण मच्छरों का प्रकोप भी बढ़ गया है। दिन में भी तीखे डंक वाले मच्छर लोगों को चैन नहीं लेने दे रहें है। कचहरी जैसे महत्वपूर्ण परिसर में शौचालय में ताला बंद रहना लोगों की समझ से परे है। इस संबंध में शासन प्रशासन को निश्चित ही तत्काल ध्यान देना चाहिये। जिला प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराते हुये इस संबंध में तत्काल आवश्यक कदम उठाये जाने की मांग की है।

**– ओपी प्रजापति, मेदिनीनगर**

## प्रकृति

# संसद में फैलाये गये पीले घुएं का काला सच क्या है



डॉ. रमेश ठाकुर

**शीतकालीन** सत्र के 10वें दिन भारतीय संसद के अंदर शायद कुछ असामान्य होना तय था। 22 बरस पहले आतंकियों के दिये ज़ख्म प्रत्येक 13 दिसंबर को हरे हो जाते हैं। कल गनीमत ये समझें कि यह घटना 'पीले धुएं' तक सीमित रही। सरकार इस घटना को हल्के में कतई न ले। साजिशकर्ताओं की बुने एक-एक जालों की पहचान की जानी चाहिए। इससे जुड़े हर सवाल का जवाब तलाशना होगा। हमें यह पक्के तौर पर जानना होगा कि उनका मकसद सिर्फ दहशत फैलाना था या कुछ और। चाक-चौबंद सुरक्षा-व्यवस्था में कहां चूक हुई, इसकी सख्त समीक्षा की जरूरत है। बहरहाल, हाल ही में बनकर तैयार हुई संसद अत्याधुनिक सुरक्षा तकनीकों से लैस बतायी जाती है। लेकिन बुधवार को जिस अंदाज में घटना हुई, उससे साफ है कि साजिश के तार बहुत लंबे थे। इस साजिश के आरोपी सामान्य हैं या असामान्य प्रवृत्ति के, ये तो जांच के बाद ही पता चल पायेगा। पर, लोग अंदेशा ऐसा भी लगा रहे हैं कि कहीं 22 साल पहले 13 दिसंबर को जो घटना संसद में घटी थी ये उसकी पुनरावृत्ति तो नहीं? या फिर उसके पार्ट-2 की चेतावनी है। इस लापरवाही की जवाबदेही किसकी हो, ये बिना देर किये सुनिश्चित हो। एक थ्योरी ये समझ में नहीं आती, आखिर शीतकालीन सत्र को चले कई दिन हो चुके हैं। पर, हरकत संसद हमले की बरसी के दिन ही क्यों होती है। आखिर किसके इशारे पर इस घटना को अंजाम दिया गया। आरोपियों का हमले की बरसी के दिन 'संसद अटैक-2' का संदेश देना निश्चित रूप से बैचेन करता है। दुश्मन अंदरूनी है या बाहरी, उसे खींचकर बाहर निकालना होगा। प्रतीत ऐसा होता है कि आरोपी सिर्फ मोहरा मात्र हैं। मास्टर माइंड कोई और है। जब से नई संसद में सत्र और संसदीय कार्य शुरू हुए हैं, संसद सदस्य अपनी सुरक्षा के प्रति निश्चिंत और बेखबर हैं। क्योंकि संसद की सुरक्षा, मानकों के लिहाज से अत्याधुनिक बताई जाती है। संसद के चप्पे-चप्पे पर पहरा है।

> **हाल ही में बनकर तैयार हुई संसद अत्याधुनिक सुरक्षा तकनीकों से लैस बतायी जाती है। लेकिन बुधवार को जिस अंदाज में घटना हुई, उससे साफ है कि साजिश के तार बहुत लंबे थे।**

## फेसबुक वॉल से

Yati Sharma and Kuldeep Gaur follow

ocean jain
@ocjain4


यह मोहतरमा 40 साल की हैं.... आज संसद पर हमले में पकड़ी गई हैं... खुद को student बता रही थी... बेरोजगारी का गाना गा रही थी.

अगर 40 साल की उम्र तक कोई भी इंसान student ही है और कोई भी रोजगार नहीं कर रहा है.....तो मेरे हिसाब से इसके लिए कोई सरकार जिम्मेदार नहीं है.... हैरानी की बात है कि ऐसे समाज के बोझ taxpayers के पैसे पर पलते रहते हैं.. और समाज को कोई भी सकारात्मक विचार नहीं दे सकते... इनका कोई contribution नहीं.

Translate post



## X - से




अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com

# मध्य प्रदेश में मोहन यादव का पहला निर्णय - मानसिक अत्याचार से मुक्ति



डॉ. मयंक चतुर्वेदी

**इतिहास** साक्षी भाव से वर्तमान और भविष्य को इस बात का दिग्दर्शन देता है कि आपके पूर्वजों ने क्या किया है। आपके पूर्वजों ने जो बोया उसी फसल को वर्तमान या भविष्य की पीढ़ी काटने के लिए प्रेरित या विवश रहती है। मध्य प्रदेश में मुख्यमंत्री पद ग्रहण करने के तुरंत बाद डॉ. मोहन यादव ने प्रथम नस्ती पर जिन बिन्दुओं एवं निर्णयों को लेकर अपने हस्ताक्षर किये उन्होंने आज एक ऐसे भविष्य के मप्र का आगाज किया है, जिसे यदि संत तुलसी की भाषा में कहें तो परहित सरिस धर्म नहीं भाई, पर पीडा सम नहिं अधमाई॥ (रामचरित मानस - 7/49/1) परोपकार से बढ़कर दूसरा धर्म नहीं है और किसी को दुख पहुंचाने से बढ़ कर कोई दूसरा अधर्म नहीं है। दुनिया के तमाम देशों और राज्यों में, जहां भी दृष्टि जाय आप देखें, कितनी जगह बहुसंख्यक समाज अल्पसंख्यकों से प्रताड़ित होता हुआ दिखता है? किंतु भारत में यह कई मुद्दों पर प्रताड़ना जैसे आम बात है। मप्र राज्य में भी इस्लाम को मानने वालों ने ध्वनि यंत्रों के माध्यम से अजान की आवाज से लोगों को परेशान करके रखा है, लेकिन अब तक कोई सत्ता ऐसी नहीं रही, जिसने सीधे और साफ संकेत दिये हों, कि अपनी मजहबी जरूरतों को इस तरह पूरा करो कि किसी दूसरे को इससे परेशानी न हो। इस्लाम-मुसलमान के नाम पर पाकिस्तान, भारत से कटकर अलग हुआ। परन्तु शेष भारत ने अपने लिए जो विकास का रास्ता चुना, वह "**सर्वे भवन्तु सुखिनः**" का रास्ता था, जिसमें क्या मुसलमान और क्या अन्य सभी को समान रूप से बल्कि कहना चाहिए कि कमजोर और संख्याबल में उन्हें कम मानते हुए विशेष अल्पसंख्यक का दर्जा देकर अतिरिक्त लाभ दिये गये। मस्जिदों पर अजान देने के नाम पर लगे बड़े-बड़े लाउडस्पीकर इसी कड़ी का बड़ा उदाहरण है। यह किसी को वह सुनाना जो उसके धार्मिक विश्वास से मेल नहीं खाता, वह भी नियमित और अनेक बार, ताकि वह आज नहीं तो कल सुनने-सुनते ही सही मनोवैज्ञानिक रूप से उसे सच मान बैठे, यह भी भाव कहीं न कहीं लाउडस्पीकर की इस ऊंची आवाज के पीछे होने का कारण लगता है।

> **दुनिया के तमाम देशों और राज्यों में, जहां भी दृष्टि जाय आप देखें, कितनी जगह बहुसंख्यक समाज अल्पसंख्यकों से प्रताड़ित होता हुआ दिखता है, किंतु भारत में यह कई मुद्दों पर प्रताड़ना जैसे आम बात है।**

## बोधि वृक्ष




# ऋषि मार्कण्डेय की कथा

**ब्रह्मा** जी का एक दिन 1008 चतुर्युग है एक चतुर्युग =सतयुग +त्रेतायुग +द्वापरयुग+कलयुग अर्थात कुल 43.20 लाख वर्ष। भगवान इंद्र की आयु 72 चतुर्युग है। इन वर्षों के लिए शासन पूरा करने के बाद इंद्र की मृत्यु हो जाती है और एक अन्य योग्य आत्मा स्वर्ग के राजा का पद पा लेती है। ऐसे 14 इंद्र एक महारानी उर्वशी के पति बनते हैं। यह दर्शाता है, भगवान इंद्र की रानी की आत्मा यानी उर्वशी ने किसी मानव जन्म में इतने शुभ कर्म किए होंगे कि वह इतनी लंबी अवधि के लिए स्वर्ग में विलासिता का आनंद लेती है और स्वर्ग के 14 राजाओं के साथ सहवास का आनंद लेती है। तब ऋषि मार्कण्डेय ने कहा 'वे 14 इंद्र भी मरेंगे, तो आप क्या करोगी?' अप्सरा उर्वशी ने उत्तर दिया 'मैं मृत्यु के बाद गधी बनूंगस और पृथ्वी पर जीवन बिताऊंगी, ऐसा ही उन सभी 14 इंद्रों के साथ होगा। वे पृथ्वी पर गधे का जीवन प्राप्त करेंगे'। मार्कण्डेय ऋषि ने कहा 'तो फिर तुम मुझे ऐसे लोक में क्यों ले जा रही हो, जिसका राजा मृत्यु के बाद गधा बन जाता है और रानी गधी का जीवन प्राप्त करती है?' उर्वशी ने जवाब दिया अपने सम्मान की रक्षा के लिए, नहीं तो सब लोग मुझे ताने देंगे'। मार्कण्डेय ऋषि ने कहा कि गधियों की कैसी इज्जत? तू वर्तमान में भी गधी है क्योंकि तू चौदह खसम (वर) करेगी और मृत्यु उपरांत तू स्वयं स्वीकार रही है कि मैं गधी बनूंगी। उर्वशी परेशान होकर वहां से लौट गई। विधानानुसार अपना इन्द्र का राज्य, मार्कण्डेय ऋषि को देने के लिए वहीं पर इन्द्र आ गया और कहा कि ऋषि जी हम हारे और आप जीते। कृपया इंद्र की पदवी स्वीकार करें। मार्कण्डेय ऋषि ने कहा इंद्र! मेरे लिए इंद्र की उपाधि किसी काम की नहीं है। मेरे लिए, यह एक कौवे की बीट के समान है'। **(क्रमशः)**

## टेक वर्ल्ड

# Apple जल्द ही ला रहा सस्ता लैपटॉप

एक कोरियाई सोर्स के हवाले से कहा गया है कि MacRumors ने बताया कि Apple 12 इंच और 13 इंच के मॉडल को लाने की तैयारी कर रहा है। जिनकी कीमत मौजूदा MacBook' लैपटॉप से कम हो सकती है। इन दिनों Apple कंपनी लगातार सुर्खियां बटोर रही है। जहां कंपनी जल्द ही एक नया मैकबुक और एक नया आईमैक 24 इंच पेश कर सकती है। वहीं इस बीच ये भी चर्चा है कि ऐपल एक सस्ते मैकबुक पर काम कर रहा है जिसकी कीमत लगभग 58,500 रुपये हो सकती है। दरअसल, एक कोरियाई सोर्स के हवाले से कहा गया है कि MacRumors ने बताया कि Apple 12 इंच और 13 इंच के मॉडल को लाने की तैयारी कर रहा है। जिनकी कीमत मौजूदा MacBook' लैपटॉप से कम हो सकती है। वहीं समाचार आउटलेट्स का कहना है कि ऐपल दो स्क्रीन साइज में नये मैकबुक मॉडल को बना रहा हैं। आईपैड टैबलेट और मैकबुक मॉडल की मांग में भारी गिरावट को देखते हुए ऐपल के ऐसा करने की संभावना पहले से कहीं ज्यादा है। ऐपल के विश्लेषक मिंग-ची कुओ ने ये भी कहा कि ऐपल कम कीमत वाले लैपटॉप बनाने की तैयारी कर रहा है जिससे मैकबुक को सस्ते दाम में खरीदा जा सकेगा। साथ ही कम कीमत वाले इस लैपटॉप को 2024 में लॉन्च किया जा सकता है। कुछ रिपोर्ट्स में कहा गया है कि, शुरूआती लक्ष्य 8 से 10 मिलियन यूनिट प्रति वर्ष आंके गये थे। हालांकि, फिलहाल ये स्पष्ट नहीं है कि ये मॉडल गूगल क्रोमबुक के साथ प्रतिस्पर्धा कर सकते हैं।



**– कुसुम**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## एक नजर

### आकर्षण का केंद्र होगा 125 पंखुड़ियों वाला नौ कमलाकार गुंबद

**वाराणसी।** स्वर्वेद महामंदिर विश्व का अद्वितीय आध्यात्मिक केंद्र है। 182 फीट ऊंचे और 80 हजार वर्गफीट क्षेत्र में निर्मित मंदिर में एक साथ 20 साधक योग और साधना कर सकेंगे। महामंदिर की दीवारों पर स्वर्वेद के दोहे, वेदों के मंत्र और संतों की वाणियों को सफेद मकराना संगमरमर पर उकेरा गया है। सात तल वाले महामंदिर के हर तल पर सद्गुरुदेव की संगमरमर की सुंदर मूर्ति सुसज्जित हो रही है। स्वर्वेद महामंदिर धाम के दरवाजे विश्व के सभी वर्ग-संप्रदाय के लिए खुले हैं। महामंदिर के भीतर 404 खंभों और छह मंचों पर जीवंत नक्काशी की गई है।

### ऐसा लगे नारा की दिल्ली तक पहुंचे आवाज : योगी



**आगमगढ़।** सीएम योगी आदित्यनाथ का गुरुवार को आजमगढ़ पहुंचे। आजमगढ़ में सीएम योगी आदित्यनाथ ने विकसित भारत संकल्प यात्रा वैन का शुभारंभ किया। सीएम योगी आदित्यनाथ ने संबोधन के दौरान कहा, कभी आजमगढ़ के नाम से कांपती थी पूरी दुनिया ऐसा लगे नारा की दिल्ली तक आवाज पहुंचे। उक्त बातें सीएम योगी आदित्यनाथ ने संबोधन के दौरान उस समय कही जब उनके द्वारा लगाए गए नारे पर लोगों की धीमी आवाज रही। उन्होंने कहा कि किसी ने नहीं सोचा था कि करीब दस वर्ष के अंदर देश में इतना परिवर्तन देखने को मिलेगा।

### 39 करोड़ से बनीं 20 सड़कों की सौगात देंगे पीएम, इन सड़कों का करेंगे लोकार्पण

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 17 दिसंबर को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी आ रहे हैं। इस दौरान पीएम जिले को एक हजार करोड़ रुपये की परियोजनाएं देंगे। बरकी में जनसभा के बाद वहीं से पीएम इनका वर्चुअल उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने दो दिवसीय काशी प्रवास के दौरान जिले को एक हजार करोड़ रुपये की परियोजनाएं देंगे। इसमें जिले की 20 छोटी-बड़ी सड़कें भी शामिल हैं। पीडब्ल्यूडी के निर्माण खंड की 16, प्रांतीय खंड की एक और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) से बनाई गईं तीन सड़कें शामिल हैं। इनकी लागत 39 करोड़ रुपये है। बरकी में जनसभा के बाद वहीं से पीएम इनका वर्चुअल उद्घाटन करेंगे।

### बीएसपी के पूर्व सांसद अफजाल अंसारी को सुप्रीम कोर्ट से राहत

**गाजीपुर।** गैंगस्टर मामले में चार साल की सजा के बाद संसद की सदस्यता गंवा चुके बीएसपी के पूर्व सांसद अफजाल अंसारी की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट का आदेश आया है। अफजाल अंसारी को सुप्रीम कोर्ट से राहत मिली है। अफजाल की दोषसिद्धि पर सुप्रीम कोर्ट ने अंतरिम रोक लगाई है। हाईकोर्ट को 30 जून 2024 तक अफजाल के मामले की सुनवाई पूरी कर फैसला देने का आदेश दिया गया है।

## आंध्र प्रदेश में दिख सकता है तेलंगाना इफेक्ट

# 24 विधायकों पर गाज गिरा सकते हैं रेड्डी

**एजेंसी। हैदराबाद**



आंध्रे प्रदेश के मुख्यमंत्री और वाईएसआरसीपी अध्यक्ष वाईएस जगन मोहन रेड्डी 2024 के चुनाव के लिए बड़े फैसले ले सकते हैं। राज्य में लोकसभा चुनाव के साथ ही विधानसभा के चुनाव होने हैं। बताया जा रहा है कि 24 वर्तमान विधायकों पर गाज गिर सकती है इनमें 22 एससी और दो एसटी विधायकों शामिल हैं। हालांकि, कहीं यह आंकड़ा 40 का भी बताया जा रहा है। कुछ विधायकों के सीट भी बदले जा सकते हैं। लेकिन अधिकांश को चुनावी प्रक्रिया से बाहर रखा जाएगा, यह साफ होता दिखाई दे रहा है। ऐसा कहा जाता है कि मुख्यमंत्री ने, खासकर तेलंगाना चुनाव के नतीजों का विश्लेषण करने के बाद, कम प्रदर्शन वाले नेताओं को हटाने का मन बना लिया है। पिछले 18 महीनों में हुई समन्वय समिति की बैठकों में, उन्होंने 'नॉन-परफॉर्मिंग' विधायकों और पार्टी नेताओं को अपने तरीके सुधारने या बाहर होने का जोखिम उठाने की चेतावनी दी थी। माना जा रहा है कि अब उन्होंने नामों पर फैसला कर लिया है। जो नाम बाहर आ रहे हैं उनमें राजम, पयाकराओपेट, अमलापुरम, रजोल, पी गन्नवरम, चिंथलापुडी, नंदीगामा, तिरुवुरु, प्रथीपाडु, ताड़ीकोंडा, वेमुरु, संथनुथलापाडु, येरागोंडापलेम, कोंडेपी, गुडूर, सुल्लुरुपेट, सत्यवेदु, गंगाधर और पुथलापट्टू शामिल हैं। बताया जाता है कि वह अराकू और पोलावरम के एसटी विधायकों को हटाने के बारे में भी सोच रहे हैं। सीएम पहले ही दो मंत्रियों को स्थानांतरित कर चुके हैं - मेरुगा नागार्जुन को वेमुरु से संथनुथलापाडु, और आदिमुलापु सुरेश को येरागोंडापलेम से कोंडेपी - और पूर्व मंत्री मेकाथोती सुचरिता को प्रथीपाडु से ताडिकोंडा में स्थानांतरित कर दिया गया है। उनके दो-तीन एससी विधायकों को नए निर्वाचन क्षेत्रों में स्थानांतरित करने की भी संभावना है। बताया जाता है कि जगन ने चुनाव के बाद उनके मामलों पर विचार करने का वादा किया है और उनसे पार्टी की जीत सुनिश्चित करने के लिए काम करने को कहा है।

## महाराष्ट्र-छत्तीसगढ़ सीमा के पास मुठभेड़ में 2 नक्सली ढेर



**गढ़चिरौली (महाराष्ट्र)।** गढ़चिरौली (महाराष्ट्र), 14 दिसंबर (आईएएनएस)। महाराष्ट्र-छत्तीसगढ़ सीमा के पास जंगलों में पुलिस के साथ मुठभेड़ में कम से कम दो नक?सली मारे गए। एक अधिकारी ने यहां गुरुवार को यह जानकारी दी। यह घटना एक गुप्त सूचना के बाद हुई कि नक?सलियों की एक बड़ी टुकड़ी छत्तीसगढ़ में गोडलवाही चौकी से लगभग 10 किमी दूर बोधिनटोला के पास डेरा डाले हुए थी। इंटेल ने कहा कि नक?सली सुरक्षा बलों पर घात लगाकर हमला करने और तोड़फोड़ की गतिविधियों को अंजाम देने और स्थानीय आदिवासियों को पुलिस मुखबिर बताकर मारने की योजना बना रहे थे। सूचना मिलने पर गुरुवार सुबह पुलिस दल इलाके की सर्चिंग के लिए तैनात किए गए थे, तभी नक्सलियों ने उन पर गोलीबारी शुरू कर दी। पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई की और करीब एक घंटे तक गोलीबारी चलती रही। गोलीबारी रुकने के बाद पुलिस टीमों ने इलाके की तलाशी ली, जिसमें दो माओवादियों के शव और उनके हथियार, एक एके-47 और एक एसएलआर राइफल बरामद हुई। मारे गए नक्सलियों में से एक की पहचान कसानसुर दलम के डिप्टी कमांडर दुर्गेश वट्टी के रूप में की गई है। जो 2019 के घातक जंबुलखेड़ा विस्फोट के मुख्य साजिशकताओं में से एक था, जिसमें 15 गढ़चिरौली पुलिस अधिकारी मारे गए थे। दूसरे शव की पहचान करने की कोशिश की जा रही है। गढ़चिरौली पुलिस के एक अधिकारी ने कहा, क्षेत्र में तलाशी अभियान जारी है।

## अंतरराज्यीय अवैध हथियार तस्करी गिरोह का पदार्फाश



**मध्यप्रदेश।** पंजाब पुलिस के महानिदेशक गौरव यादव ने कहा कि कुल 22 हथियार बरामद किए गए हैं। यादव ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, 'केंद्रीय खुफिया एजेंसी (सीआईए) और खन्ना पुलिस ने मध्यप्रदेश से संचालित एक अंतरराज्यीय अवैध हथियार तस्करी रैकेट का भंडाफोड़ किया और हथियार की आपूर्ति करने वाले दो तस्करी गिरोह का पदार्फाश किया। मध्यप्रदेश से हथियार निमार्ता सहित 10 लोगों को गिरफ्तार किया गया और उसके पास से 22 हथियारों की बरामदगी हुई है। उन्होंने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और आगे की जांच जारी है।

### भाजपा अध्यक्ष नड्डा 15 से 17 दिसंबर तक हिमाचल प्रदेश का दौरा करेंगे



**बिलासपुर।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ह्यविकसित भारत संकल्प यात्राह्ण में भाग लेने के लिए 15 से 17 दिसंबर तक हिमाचल प्रदेश के दौरे पर रहेंगे। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल ने बृहस्पतिवार को एक बयान में बताया कि नड्डा शुक्रवार को बिलासपुर में अपने गांव विजयपुर पहुंचेंगे जहां वह रात को ठहरेंगे। शनिवार को वह बिलासपुर में पार्टी द्वारा आयोजित एक सम्मान समारोह में भाग लेंगे। वहां से वह सड़क मार्ग से मंडी जिले के सुंदरनगर जाएंगे जहां उनका एक अन्य सम्मान समारोह और एक रोड शो में भाग लेने का कार्यक्रम है। भाजपा अध्यक्ष सुंदरनगर में नव निर्मित भाजपा कार्यालय का उद्घाटन करेंगे और विकसित भारत संकल्प यात्रा के रूप में आयोजित की जा रही ह्यरथ यात्राह्ण में भाग लेंगे। बयान के अनुसार, इसके बाद नड्डा कुल्लू के लिए रवाना होंगे और वहां रात्रि विश्राम करेंगे तथा अगले दिन राष्ट्रीय राजधानी लौट जाएंगे।

### सिक्किम में फंसे 1,200 से अधिक पर्यटकों को सेना ने बचाया




गंगटोक। पर्यटकों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाया गया और उन्हें आश्रय, गर्म कपड़े, चिकित्सा सहायता और भोजन मुहैया कराया गया। उन्होंने बताया कि पर्यटकों को राज्य की राजधानी गंगटोक भेजने की व्यवस्था की जा रही है। भारतीय सेना ने पूर्वी सिक्किम में बर्फबारी और खराब मौसम के कारण ऊंचाई वाले इलाकों में फंसे 1,217 पर्यटकों को बचाया। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि सेना की त्रिशक्ति कोर द्वारा चलाया गया बचाव अभियान बुधवार देर रात तक जारी रहा। पर्यटकों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाया गया और उन्हें आश्रय, गर्म कपड़े, चिकित्सा सहायता और भोजन मुहैया कराया गया। उन्होंने बताया कि पर्यटकों को राज्य की राजधानी गंगटोक भेजने की व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने बताया कि फंसे हुए पर्यटकों को आश्रय देने के लिए सैनिकों ने अपने बैरक भी खाली कर दिये।

## पिछड़ेपन का दंश झेल रहे आठ जिले बनेंगे यूपी के विकास के ग्रोथ इंजन

# 40 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव को सरकार धरातल पर उतारने की तैयारी में जुटी

**एजेंसी। लखनऊ**




यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के दौरान देश-विदेश के औद्योगिक समूहों की ओर से मिले 40 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव को सरकार धरातल पर उतारने की तैयारी में जोर-शोर से जुटी हुई है। सबसे अहम बात ये है कि क्रियान्वित होने जा रहे निवेश के मामले में यूपी के बड़े और औद्योगिक शहर ही नहीं, बल्कि वो जनपद भी किसी से पीछे नहीं हैं, जिन्हें अब तक सबसे पिछड़ा माना जाता रहा है। देशभर के 100 आकांक्षात्मक जिलों में से आठ उत्तर प्रदेश में हैं, जिन्हें पिछड़ा माना जाता है। मगर, ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के प्रथम फेज के लिए इनकी परफॉर्मेंस ने सबको चौंका दिया है। अब तक सात लाख करोड़ के निवेश में से एक लाख करोड़ से अधिक का निवेश इन आठ आकांक्षात्मक जिलों में धरातल पर उतरने जा रहा है। विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि यूपी का सोनभद्र, चंदौली जिला, जो कभी देश में नक्सलियों से प्रभावित था, आज प्रदेश के विकास में अपनी अहम भूमिका निभा रहा है। इसके अलावा डकैतों के आतंक से प्रभावित चित्रकूट और पिछड़ा जिला होने का दंश झेल रहे सिद्धार्थनगर, बहराइच, फतेहपुर, श्रावस्ती और बलरामपुर ने बड़ी संख्या में निवेशकों को अपनी ओर आकर्षित किया है। यह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की छोटे जिलों को विकास से जोड़ने की मुहिम का ही असर है। वहीं, पहले इन जिलों में अव्यवस्था और नक्सल-दस्यु गतिविधियों के चलते उद्योग जगत यहां बड़ा निवेश करने से कतराते रहे हैं। अब, परिस्थितियां बिल्कुल बदल चुकी हैं। योगी सरकार की अपराध और अपराधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति, दुर्गम और हाशिये वाले क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं का विकास, आधारभूत संरचनाओं का निर्माण और बेहतर कनेक्टिविटी से ये जिले यूपी के विकास के ग्रोथ इंजन बनने जा रहे हैं।

### संसद की सुरक्षा में चूक : पुलिस ने बंगाल में आरोपी ललित झा के परिचितों से की पूछताछ

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल पुलिस ने बुधवार को संसद की सुरक्षा में चूक होने के मामले में गुरुवार को निलक्खा आइच नामक युवक से पूछताछ की। पश्चिम बंगाल के एक प्रतिष्ठित कॉलेज में स्नातक द्वितीय वर्ष का छात्र आइच कथित तौर पर सुरक्षा उल्लंघन मामले के छह आरोपियों में से एक ललित झा का परिचित था, जो अभी भी फरार है। दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा को सूचना मिली थी कि लोकसभा में सुरक्षा में चूक का एक वीडियो बुधवार को व्हाट्सएप के माध्यम से आइच के मोबाइल फोन पर भेजा गया था, जिसके कुछ घंटों बाद पुलिस गुरुवार को उत्तर 24 परगना जिले के हलिसहर स्थित आइच के आवास पर पहुंची। पूछताछ के दौरान आइच ने पुलिस को बताया कि वह छात्र होने के साथ-साथ सामाजिक गतिविधियों से भी जुड़ा है। आइच ने कथित तौर पर पुलिस को बताया कि वह एक एनजीओ से जुड़ा है और उस एनजीओ के माध्यम से ही उसकी झा से जान-पहचान हुई थी।

# फर्जी पासपोर्ट के साथ एयरपोर्ट पर पकड़ा गया बांग्लादेशी, कोलकाता का आधार, पैन कार्ड

**एजेंसी। लखनऊ**



भारत में अवैध रूप से रह रहे एक बांग्लादेशी नागरिक शाम चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट पर इमिग्रेशन चेक के दौरान पकड़ लिया गया। आरोपी फर्जी दस्तावेज की मदद से कोलकाता से बनवाए गए पासपोर्ट के जरिये यात्रा करने जा रहा था। तलाशी में उसके पास से आधार और पैन कार्ड भी मिला है। एयरपोर्ट प्रशासन ने उसको सरोजनीनगर पुलिस के हवाले कर दिया है। एडीसीपी साउथ शशांक सिंह ने बताया कि एयरपोर्ट के अंतरराष्ट्रीय टर्मिनल पर तैनात इमिग्रेशन अधिकारी हंसराज पटेल इमिग्रेशन काउंटर नंबर-3 पर मौजूद थे। इस दौरान एक यात्री वहां पहुंचा। उसने जांच के लिए अपना कोलकाता से जारी पासपोर्ट व वीजा दिया। बातचीत के दौरान हंसराज पटेल को उसकी भाषा कुछ अटपटी मिली। शक के आधार पर उन्होंने उसको रोक लिया। पासपोर्ट पर उसका नाम शंभू बरुआ निवासी शाहिदनगर पोस्ट हालतु कोलकाता अंकित था। इमिग्रेशन अधिकारी ने जब सिस्टम पर उसके पासपोर्ट को चेक किया तो वह फर्जी मिला। इस पर यात्री को हिरासत में ले लिया गया। तलाशी के दौरान उसके पास से एक आधार कार्ड और पैन कार्ड, मोबाइल फोन और डेबिट कार्ड मिला। उसके आधार कार्ड पर जन्मतिथि 10 दिसंबर 1993 लिखी थी, जबकि पैन कार्ड पर 10 दिसंबर 1995 लिखी थी। इमिग्रेशन अधिकारियों ने जब उसके मोबाइल फोन को चेक किया तो बांग्लादेश का बना हुआ जन्म प्रमाणपत्र मिला। उस पर वेस्ट दलाई हाथाजारी चित्तागोंग लिखा था और जन्मतिथि 20 जनवरी 1999 अंकित थी। जांच में पता चला कि आरोपी बांग्लादेश का रहने वाला है। कुछ वक्त पहले बांग्लादेश से टूरिस्ट वीजा पर भारत आया और फिर वीजा खत्म होने के बाद वापस बांग्लादेश नहीं गया।

### मछली पालन में बिहार बना आत्मनिर्भर

**वैशाली।** बिहार के सोनपुर के प्रसिद्ध हरिहर क्षेत्र मेला में पशुपालन व मत्स्य विभाग के एक साथ दो स्टॉल का उद्घाटन किया गया। बिहार सरकार के पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग के मंत्री अफाक आलम ने फीता काटकर और दीप प्रज्वलित कर मेले में विभागीय स्टॉल का उद्घाटन किया। इस दौरान कई किसानों को गाय खरीदने के लिए अनुदान राशि का पत्र भी दिया गया। वहीं पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए अफाक आलम ने बताया कि बिहार मत्स्य पालन में आत्मनिर्भर हो गया है। यहां बाहर से मछलियां नहीं आती, बाहर मछलियां भेजी जाती हैं। साथ ही सरकार अब चौर विकास का स्कीम लाई है, जिससे चौर की जो खाली पड़ी जमीन थी उसमें किसान मछली पालन करेंगे। वहीं अंडा में भी काफी तेजी से विकास हुआ है। मंत्री अफाक आलम ने यह भी बताया कि मेले में लगे विभागीय स्टॉल पर अधिकारियों को तैनात किया गया है।

## 15 साल पुराने विवाद में पड़ोसी की करतूत

# सात साल के बच्चे का अपहरण कर की हत्या

**एजेंसी। पूर्णिया**



बिहार के पूर्णिया में बच्चे की हत्या का मामला सामने आया है। रुपौली थाना क्षेत्र में खेलते हुए सात वर्षीय बच्चे मंटू को पड़ोसी ने पहले किडनैप किया और फिर उसकी हत्या कर झाड़ी में शव को फेंक दिया। बताया जा रहा है कि 15 साल पुराने विवाद को लेकर पड़ोसी ने इस घटना को अंजाम दिया। मंटू अपने दादा के साथ गांव में रहता था, उसके पिता और चाचा प्रदेश में मजदूरी का काम करते हैं। घटना के बाद स्थानीय थाने की पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

**जमीन विवाद में ली बच्चे की जान :** घटना की जानकारी देते हुए मृत मंटू के चाचा शंकर ऋषि ने बताया कि उनके बड़े भाई प्रदेश में मजदूरी का काम करते हैं। उनका भतीजा मंटू अपने दादा के साथ गांव में रहता था। पिछले 15 वर्ष पूर्व पड़ोसी उमेश ऋषि की जमीन को लेकर मंटू के दादा के साथ विवाद हुआ था, जिस बात को लेकर इस घटना को उमेश ऋषि के द्वारा अंजाम दिया गया है। मंटू घर के बाहर खेल रहा था उसी समय उमेश ऋषि उसे बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया और फिर उसकी हत्या कर दी। उसने बच्चे की हत्या करने के बाद शव को घर के पीछे झाड़ी में फेंक दिया।-शंकर ऋषि, बच्चे के चाचाहत्यारे ने कबूला गुनाहः बच्चे के परिजन ने घटना की जानकारी स्थानीय थाने की पुलिस को दी और उमेश ऋषि को मंटू के हत्या का आरोपी बनाते हुए मामला दर्ज करवाया। इसके बाद पुलिस ने उमेश ऋषि को गिरफ्तार किया। उमेश ऋषि ने पुलिस के समक्ष घटना को अंजाम देने की बात को स्वीकार लिया। पकड़े गए पड़ोसी ने पुलिस को बताया कि पिछले 15 वर्ष पूर्व रास्ते को लेकर बच्चे के दादा से विवाद हुआ था। जिसे लेकर उसने घटना को अंजाम दिया। वहीं घटना के बाद मंटू के परिवार का रो-रो कर बुरा हाल है। मंटू अपने दादा के साथ अकेला गांव में रहता था। जिसका फायदा उठाते हुए खेलते समय मंटू को बहला फुसलाकर मैं अपने साथ ले गया। घटना को अंजाम देने के बाद शव को झाड़ी में फेक दिया था।

# छत्तीसगढ़ में लगातार चौथे दिन नक्सली हमला, बीएसएफ जवान हुआ शहीद

**एजेंसी। रायपुर/कांकेर**

छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में गुरुवार को नक्सलियों द्वारा किए गए विस्फोट में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के एक जवान की जान चली गई। यह दो दिनों में दूसरी मौत है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह घटना परतापुर पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत सड़क टोला गांव के पास हुई, जब बीएसएफ और जिला पुलिस बल की एक संयुक्त टीम गश्त पर थी। पुलिस ने यह जानकारी दी। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह घटना परतापुर पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत सड़क टोला गांव के पास उस समय हुई जब बीएसएफ और जिला पुलिस का एक संयुक्त दल को गश्त कर रहा था। उन्होंने बताया कि नक्सलियों द्वारा किए गए विस्फोट में बीएसएफ के प्रधान आरक्षक अखिलेश राय (45) घायल हो गए। इलाके में बीएसएफ, जिला रिजर्व गार्ड और जिला पुलिस बल की संयुक्त टीम द्वारा तलाशी अभियान जारी है। इससे पहले बुधवार को, राज्य के नारायणपुर जिले में नक्सलियों द्वारा सुरक्षाकर्मियों की एक टीम पर हमला करने और इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस विस्फोट करने से छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल के एक जवान की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया।घटना के बाद राय को प्रारंभिक उपचार दिया गया और बेहतर इलाज के लिए पखांजूर भेजा गया, लेकिन उन्होंने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। उन्होंने बताया कि शहीद जवान उत्तर प्रदेश के रहने वाले थे। अधिकारी ने बताया कि इलाके में बीएसएफ, जिला रिजर्व गार्ड और जिला बल के संयुक्त दल द्वारा तलाशी अभियान जारी है। नारायणपुर जिले में बुधवार को नक्सलियों द्वारा सुरक्षाकर्मियों की टीम पर हमला करने और इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) से विस्फोट करने से छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल (सीएएफ) का एक जवान शहीद हो गया था और एक अन्य घायल हो गया था।

## आस्था — बाबा की चौखट से गंगा द्वार तक जले 15 हजार दीप

# लोकार्पण उत्सव पर लाखों भक्तों ने किए दर्शन

**एजेंसी। वाराणसी**



श्रीकाशी विश्वनाथ की चौखट से गंगा द्वार तक दीपमालिकाएं रोशन हो उठीं। दीपावली के बाद बाबा के धाम के दूसरे लोकार्पण उत्सव पर बुधवार को परिसर दीयों की रोशनी से जगमगा उठा। पूरे परिसर में 15 हजार दीप जलाकर लोकार्पण उत्सव का जश्न मनाया गया। इससे पहले सुबह महादेव का आंगन शंखनाद और डमरुवादन से गूंज उठा। मंदिर परिसर में वेद परायण, महारुद्राभिषेक और हवन-पूजन हुआ। 21 बटुकों ने सस्वर मंत्रों का पाठ किया। लोकार्पण के खास दिन 3.15 लाख श्रद्धालुओं ने बाबा के दरबार में मत्था टेका। उधर, दोपहर में शिवबरात समिति ने हर महादेव के जयघोष के साथ लोक महोत्सव शोभायात्रा मैदागिन से डेढ़सी पुल तक निकाली। करीब सवा दो किलोमीटर तक निकली इस शोभायात्रा में अग्नि-शस्त्र लेकर मां काली के रूप में कलाकार ने तांडव किया। नरमुंड पिशाच बने बाबा के गण शोभायात्रा में नाचते गाते चल रहे थे। काशीपुराधिपति की शोभायात्रा में झांकियों ने सभी का मन मोह लिया। श्रीकाशी विश्वनाथ धाम के दूसरे लोकार्पण उत्सव पर सवा तीन लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने बाबा के दरबार में हाजिरी लगाई। मंगला आरती के बाद से शुरू हुआ दर्शन पूजन का सिलसिला शयन आरती तक अनवरत चलता रहा है। बुधवार को श्री काशी विश्वनाथ धाम के लोकार्पण उत्सव का उत्साह शिवभक्तों में भी नजर आया। सुबह से ही भक्त बाबा के दरबार में दर्शन पूजन के लिए पहुंचने लगे थे। मंगला आरती के बाद जैसे ही मंदिर के कपाट आम श्रद्धालुओं के लिए खुले तो पूरा धाम हर-हर महादेव के जयकारे से गूंज उठा। गेट नंबर चार से लगी श्रद्धालुओं की कतार बांसफाटक से आगे पहुंच चुकी थी और दूसरी कतार चौक की तरफ से आगे बढ़ रही थी। मंदिर के कपाट बंद होने तक सवा तीन लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन पूजन किया।

### पटना के सरस मेले में दिखेगी 17 राज्यों की संस्कृति और लोककला का संगम

**पटना।** बिहार की राजधानी पटना के गांधी मैदान में 15 दिसंबर से प्रारंभ होने वाले सरस मेले की तैयारी लगभग पूरी हो चुकी है। इस सरस मेले में 17 राज्यों के स्वयं सहायता समूह की महिलाएं शामिल होंगी। इस मेले में जहां 17 राज्यों की संस्कृति और लोककला को देखने का मौका मिलेगा, वहीं बिहार की संस्कृति और लोककला भी देखने को मिलेगी। इस मेले में प्रदेश के 38 जिलों से कुल 180 स्वयं सहायता समूह से जुड़ी जीविका दीदियां भी उपस्थित रहेंगी। सरस मेले का आयोजन ग्रामीण विकास विभाग के बिहार ग्रामीण आजीविका संवर्धन समिति (जीविका), बिहार द्वारा किया जा रहा है। बताया जाता है कि अन्य राज्यों में छत्तीसगढ़, गुजरात, हरियाणा, झारखंड, केरल, लद्दाख, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, मध्य प्रदेश, जम्मू काश्मीर, कर्नाटक, असम, दिल्ली, पश्चिम बंगाल, मणिपुर से स्वयं सहायता समूह की महिला उद्यमी, स्वरोजगारी अपने उत्पाद, व्यंजन व शिल्प को लेकर शामिल होंगी।

# देहरादून में 20 करोड़ की लूट का आरोपी वैशाली से गिरफ्तार

**एजेंसी। वैशाली**



बिहार की वैशाली पुलिस ने उत्तराखंड पुलिस द्वारा 2 लाख रुपए इनाम घोषित किए गए अपराधी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के बाद इसकी सूचना देहरादून पुलिस को दे दी गई है। देहरादून पुलिस टीम आने के बाद आरोपी को अपने साथ ले जाएगी।

**उत्तराखंड का 2 लाख का इनामी वैशाली से गिरफ्तारः** बताया जाता है कि उत्तराखंड के देहरादून में 20 करोड़ रुपए के सोना लूट के आरोपी प्रिंस कुमार को बिदुपुर थाना क्षेत्र के दिलावरपुर गोवर्धन गांव से वैशाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर पुलिस ने प्रिंस कुमार को तब गिरफ्तार किया जब वह जगह बदल बदल कर छुप रहा था। देहरादून में 20 करोड़ की लूट का मुख्य आरोपी है प्रिंसः बता दें कि कुछ दिनों पूर्व देहरादून में रिलायंस ज्वेलरी शॉप से 20 करोड़ रुपए का सोना लूट गया था। इस मामले के तार बिहार के वैशाली से जुड़े थे। देहरादून की पुलिस तब वैशाली आई थी और यहां से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था, जिसमें मुख्य आरोपी प्रिंस का भाई भी शामिल था। वहीं कई दिनों तक देहरादून पुलिस के प्रयास के बावजूद प्रिंस पकड़ में नहीं आया था।इस तरह हुई थी लूटः 9 नवंबर 2023 को देहरादून के राजपुर रोड में अवस्थित रिलायंस ज्वेलरी शॉप में 20 करोड़ रुपए मूल्य के सोना लूट की घटना को अंजाम दिया गया था। अपराधियों ने कर्मियों को रस्सी से बांधकर लूट की घटना की थी। इस मामले में दो की गिरफ्तारी की गई थी।

## रांची सर्राफा

सोना (बिक्री) 57. 650

चांदी (किलो) 77. 500

## एक नजर

### उस्मान ख्वाजा व आईसीसी के बीच छिड़ी बहस

**पर्थ।** गाजा के लोगों के प्रति एकजुटता दशार्ने वाले संदेश लिखे जूते पहनने की अनुमति नहीं दिए जाने के एक दिन बाद ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा ऑप्टस स्टेडियम में पाकिस्तान के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के पहले दिन बांह पर काली पट्टी बांधे नजर आए। ऑस्ट्रेलिया के पहले बल्लेबाजी करने के फैसले के साथ उस्मान ख्वाजा ने अपने जूतों पर लिखे संदेशों पर टेप लगा ली और डेविड वार्नर के साथ बल्लेबाजी की शुरूआत करने के लिए बाहर आते समय बांह पर काली पट्टी बांध ली। ख्वाजा को ऑस्ट्रेलिया के अभ्यास सत्र में अपने जूतों पर और 'स्वतंत्रता एक मानव अधिकार है' जैसे संदेशों के साथ देखा गया था।

### एसए टी20 ने दी द.अफ्रीका क्रिकेट को नई जिंदगी : ग्रीम स्मिथ

**नई दिल्ली।** एक शानदार ओपनिंग सीजन के बाद दक्षिण अफ्रीका की टी20 लीग (एसए20) 10 जनवरी, 2024 को शुरू होने वाले अपने दूसरे सीजन के लिए तैयारियों में जुटी है। एसए टी20 लीग जिसे 2023 में लॉन्च किया गया था, उसने पहले ही दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेट परिदृश्य पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाला है। 2023 में लीग का उद्घाटन संस्करण एक शानदार सफलता थी, जिसमें क्रिकेट फैंस ने 32 दिनों में 33 से अधिक मैच का मजा लूटा। लीग में क्रिकेट के कुछ सबसे बड़े नाम शामिल थे। जिनमें फाफ डु प्लेसिस, जोफ्रा आर्चर, जोस बटलर, राशिद खान और कई अन्य बड़े नाम मौजूद हैं। ग्रीम स्मिथ, लीग कमिश्नर एसए20 और दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान ने अपना उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, हमारा पहला सीजन युवा स्थानीय प्रतिभा और वैश्विक क्रिकेट सितारों के शानदार मिश्रण का प्रदर्शन करते हुए सभी उम्मीदों से बढ़कर रहा। दक्षिण अफ्रीका में क्रिकेट की भावना को बढ़ावा मिला है।

### फीफा पुरस्कारों की सूची में चैम्पियंस लीग विजेता कोच गार्डियोना व गिराल्डेज

**ज्यूरिख।** फीफा के सर्वश्रेष्ठ कोच पुरस्कार के लिए सिमोन इंजाघी और लुसियानो स्पालेटी के साथ तीन उम्मीदवारों में शामिल हैं। गिराल्डेज महिला फुटबॉल में सर्वश्रेष्ठ कोच के उम्मीदवारों में सबसे आगे हैं। बार्सिलोना ने स्पेनिश लीग जीती और फिर सेमीफाइनल में चेल्सी को हराकर यूरोपीय खिताब जीता था। चैम्पियंस लीग विजेता कोच पेप गार्डियोला और जोनाटन गिराल्डेज को फीफा के 2023 में दुनिया के सर्वश्रेष्ठ कोच के पुरस्कार के लिए बुधवार को जारी अंतिम सूची में शामिल किया गया। गार्डियोला ने मैनचेस्टर सिटी को पिछले सत्र में तीन ट्राफियां दिलायी थीं। वह पुरुष फुटबॉल में फीफा के सर्वश्रेष्ठ कोच पुरस्कार के लिए सिमोन इंजाघी और लुसियानो स्पालेटी के साथ तीन उम्मीदवारों में शामिल हैं।

### ऑस्ट्रेलिया व पाकिस्तान : वॉर्नर का दमदार शतक

# कंगारू बल्लेबाजों के आगे बेबस दिखे पाकिस्तान के गेंदबाज



**एजेंसी। नई दिल्ली**

पर्थ टेस्ट के पहले दिन पाकिस्तान के तेज गेंदबाज कंगारू बल्लेबाजों के आगे पानी मांगते हुए नजर आए। शाहीन अफरीदी ने 19 ओवर के स्पेल में 75 रन खर्च करते हुए सिर्फ एक विकेट हासिल किया। वहीं खुर्रम शहजाद और जमाल भी लय से भटके हुए दिखाई दिए। डेविड वॉर्नर ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए शतकीय पारी खेली। वहीं ट्रेविस हेड ने 53 गेंदों पर 40 रन कूटे। ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान के बीच पर्थ में खेले जा रहे टेस्ट मैच का पहला दिन ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाजों के नाम रहा। अपने करियर की आखिरी टेस्ट सीरीज खेल रहे डेविड वॉर्नर ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 164 रन की लाजवाब पारी खेली। वहीं, ट्रेविस हेड ने 53 गेंदों पर 40 रन कूटे। पर्थ की उछाल भरी पिच पर पाकिस्तान के तेज गेंदबाज कंगारू बल्लेबाजों के आगे टेस्ट के पहले दिन पानी मांगते हुए नजर आए।

#### डेविड वॉर्नर ने ठोका शतक

टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने उतरी ऑस्ट्रेलिया टीम की शुरूआत शानदार रही। उस्मान ख्वाजा और डेविड वॉर्नर ने पहले विकेट के लिए मिलकर 126 रन जोड़े। ख्वाजा 41 रन बनाने के बाद शाहीन शाह अफरीदी का शिकार बने। मार्नस लाबुशेन बल्ले से कुछ खास कमाल नहीं दिखा सके और 16 रन बनाकर चलते बने।

#### मजबूत स्थिति में ऑस्ट्रेलिया

स्टीव स्मिथ ने अपनी पारी का आगाज तो अच्छा किया, लेकिन वह 31 रन बनाने के बाद खुर्रम शहजाद की गेंद पर गलती कर बैठे। डेविड वॉर्नर ने एक छोर बखूबी संभाले रखा और 164 रन की शानदार पारी खेली। ट्रेविस हेड ने 6 चौके की मदद से 53 गेंदों पर 40 रन की दमदार पारी खेली। दिन का खेल खत्म होने तक ऑस्ट्रेलिया ने स्कोर बोर्ड पर 5 विकेट खोकर 346 रन लगा दिए हैं। मिचेल मार्श 15 और एलेक्स कैरी 14 रन बनाकर क्रीज पर डटे हुए हैं।

#### बेबस दिखे पाकिस्तान के गेंदबाज

पर्थ टेस्ट के पहले दिन पाकिस्तान के तेज गेंदबाज कंगारू बल्लेबाजों के आगे पानी मांगते हुए नजर आए। शाहीन अफरीदी ने 19 ओवर के स्पेल में 75 रन खर्च करते हुए सिर्फ एक विकेट हासिल किया। वहीं, खुर्रम शहजाद और जमाल भी लय से भटके हुए दिखाई दिए, जिसका फायदा ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाजों ने बखूबी उठाया। फहीम अशरफ ने भी अपने 14 ओवर के स्पेल में 65 रन खर्च किए।

# आईपीएल 2024 के लिए कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान होंगे श्रेयस अय्यर

**एजेंसी। नई दिल्ली**



दो बार की आईपीएल चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने घोषणा की है कि भारत के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर टूर्नामेंट के 2024 सीजन के लिए टीम के कप्तान के रूप में वापसी करेंगे। साथ ही नीतीश राणा उनके डिप्टी के रूप में काम करेंगे। श्रेयस ने फ्रेंचाइजी द्वारा जारी एक बयान में कहा, ₹मेरा मानना है कि पिछले सीजन ने हमारे सामने कई चुनौतियां पेश की, जिनमें चोट के कारण मेरी अनुपस्थिति भी शामिल थी। नीतीश ने न केवल मेरे लिए बल्कि अपने सराहनीय नेतृत्व से भी बहुत अच्छा काम किया। मुझे खुशी है कि केकेआर ने उन्हें उपकप्तान बनाया है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि यह नेतृत्व समूह को मजबूत करेगा। राणा को आईपीएल 2023 के लिए केकेआर का कप्तान नियुक्त किया गया था क्योंकि अय्यर पीठ की चोट के कारण प्रतियोगिता से बाहर हो गए थे, जो उन्हें अहमदाबाद में चौथे बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी टेस्ट के दौरान लगी थी और यूनाइटेड किंगडम में सर्जिकल हस्तक्षेप की आवश्यकता थी। अय्यर ने एशिया कप में वापसी की थी। हालांकि वह पीठ की ऐंठन के कारण ग्रुप चरण के बाद नहीं खेल पाए। लेकिन वर्ल्ड कप में उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया और11 मैचों में 66.25 की औसत से 530 रन बनाए, जिसमें दो शतक और तीन अर्द्धशतक शामिल थे।

## इमा कराटे ग्रेडिंग में 126 खिलाड़ी सफल, अंजली कुमारी को ब्लैक बेल्ट

**एजेंसी। रांची**

इंटरनेशनल मार्शल आर्ट अकादमी (इमा) के तत्वावधान में बहु बाजार स्थित बिशप स्कूल में संपन्न इमा कराटे प्रशिक्षण शिविर सह ग्रेडिंग में 126 खिलाड़ी सफल घोषित किए गए ' गुरुवार को शिविर में भाग ले रहे सभी खिलाड़ियों को इंटरनेशनल मार्शल आर्ट अकादमी के तकनीकी निदेशक सह नेशनल कोच शिहान सुनील किस्पोट्टा ने एडवांस कुमिते एवं काता का प्रशिक्षण दिए । साथ ही ग्रेडिंग में सफल रहे खिलाड़ियों की घोषणा भी की। अंजली कुमारी ब्लैक बेल्ट तीसरी डान में सफल रही । इसके अलावा येलो बेल्ट के 53, ऑरेंज बेल्ट के 19, ग्रीन बेल्ट के 14, ब्लू बेल्ट के 12, पर्पल बेल्ट के 10 और ब्राउन बेल्ट के 17 खिलाड़ी सफल घोषित किए गए । शिविर में एरिक अनमोल टुडू, आन्या ट्विंकल कुजुर, मिशेल जसलीन खेस, सुनिधि एंजेल एक्का, शाइनी शेमोना टोप्पो, कुमारी आस्था, श्रेयांशी मुंडा सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए ' शिहान सुनील किस्पोट्टा ने कहा कि अगामी 2024 में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन होने वाला है, जिसकी तैयारी के लिए शिविर का आयोजन किया गया था।

## 5 देशों के हॉकी टूर्नामेंट में टक्कर देने के लिए तैयार भारत

**वालेंसिया।** रांची में महत्वपूर्ण ओलंपिक क्वालीफायर से कुछ हफ्ते पहले, भारतीय महिला टीम शुक्रवार से स्पेन के वालेंसिया में पांच देशों के आमंत्रण टूर्नामेंट में हिस्सा लेकर अपनी तैयारियों का परीक्षण करेगी। भारतीय महिला टीम को अगले साल के पेरिस ओलंपिक के क्वालीफाइंग इवेंट के लिए पूल बी में न्यूजीलैंड, संयुक्त राज्य अमेरिका और इटली के साथ रखा गया है, जो 13 से 19 जनवरी, 2024 तक रांची में खेला जाएगा। भारतीय पुरुष हॉकी टीम, जिसने पेरिस 2024 के लिए सीधा स्थान हासिल कर लिया है।

# जमशेदपुर की छात्रा माधवी ने महिला तीरंदाजी में बढ़ाया राज्य का मान

**11 से 13 दिसंबर तक पश्चिम बंगाल के बोलपुर में आयोजित किया गया था टूर्नामेंट**

**एजेंसी। रांची**

एचएस बालिका मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय, साकची जमशेदपुर की छात्रा माधवी चौहान ने पश्चिम बंगाल के बोलपुर में 11 से 13 दिसंबर तक चले महिला तीरंदाजी प्रतियोगिता-2023 के लिए पहली खेलो इंडिया राष्ट्रीय रैंकिंग में स्वर्ण पदक जीतकर राज्य का नाम रोशन किया है। माधवी को पदक के अलावा 15 हजार रुपये का कैश प्राइज भी मिला है। माधवी एचएस बालिका सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस, साकची में बारहवीं की छात्रा है। उनकी इस उपलब्धि पर स्कूल की प्राचार्या मंजू सिन्हा ने बताया कि माधवी ना केवल तीरंदाजी में, बल्कि पढ़ाई में भी तेजतर्रार है।



फिलहाल, माधवी तीरंदाजी के साथ साथ बोर्ड परीक्षा की तैयारियों में भी लगी हुई है। मंजू सिन्हा ने बताया कि माधवी ने दसवीं की मैट्रिक परीक्षा में भी तीरंदाजी करते हुए 97 अंक अर्जित किये थे। इस बार भी वह बोर्ड परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करेगी। आदित्यपुर में रहने वाले माधवी चौहान के पिता राजनाथ चौहान पेशे से व्यवसायी है। वे आदित्यपुर में ही स्टेशनरी की दुकान चलाते है। उनकी मां पार्वती गृहिणी है। माधवी की इस कामयाबी पर उनके माता पिता भी आज गर्व महसूस कर रहे है। माधवी ने जेआरडी टाटा आर्चरी अकेडमी से आर्चरी का प्रशिक्षण लिया है।

## न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे वनडे में पाकिस्तान की कप्तान होंगी फातिमा सना

**क्राइस्टचर्च।** नियमित कप्तान निदा डार के शुक्रवार को हेगले ओवल में होने वाले मैच में खेलने से बाहर होने के बाद तेज गेंदबाज फातिमा सना को न्यूजीलैंड के खिलाफ पाकिस्तान के दूसरे वनडे के लिए कप्तान बनाया गया है। क्वीन्सटाउन के जॉन डेविस ओवल में न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले वनडे में पारी के 44वें ओवर में निदा को उनकी ही गेंद पर चोट लग गई थी। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड गुरुवार को डॉक्टर की जांच के बाद निदा में कनकशन के लक्षण पाए गए और उन्हें अगले दो दिनों तक पूरी तरह आराम करने की सलाह दी गई है।

# टोक्यो ओलंपिक के पूर्व अधिकारी ने खेलों के अनुबंध के बदले रिश्वत लेने से इनकार किया

**एजेंसी। टोक्यो**



ओलंपिक आयोजन समिति के पूर्व सदस्य हारुयुकी ताकाहाशी गुरुवार को तोक्यो जिला अदालत में पेश हुए और खेलों से जुड़े रिश्वत के मामले में खुद को निर्दोष बताया। ताकाहाशी को एक साल से भी अधिक समय पहले गिरफ्तार किया गया था और अभी यह स्पष्ट नहीं है कि उनके मामले की सुनवाई कब खत्म होगी। बचाव पक्ष अगले साल की शुरूआत में अपना पक्ष रखेगा।जापान की प्रतिष्ठित विज्ञापन कंपनी देंत्सु के पूर्व अधिकारी ताकाहाशी पर आरोप है कि उन्होंने 2021 तोक्यो खेलों से जुड़े ओलंपिक अनुबंध देने के बदले में 19 करोड़ 80 लाख येन (14 लाख डॉलर) की रिश्वत ली। देंत्सु और पांच अन्य कंपनियों पर बोली में धांधली के आपराधिक आरोपों से जुड़ी एक अलग सुनवाई स्थगित होने के ठीक नौ दिन बाद ताकाहाशी अदालत में पेश हुए।

सुनवाई अगले साल की शुरूआत में फिर शुरू होगी। ताकाहाशी ने अभियोजन पक्ष द्वारा अपना मामला पेश करने से पहले न्यायाधीश से कहा, ह्यमैं सभी आरोपों पर अपनी बेगुनाही का दावा करता हूं। यह पूरी तरह से व्यवसाय था और यह रिश्वत नहीं थी।

## व्यापार

# आईटी, रियल एस्टेट शेयरों में तेजी से बाजार में रैली

**एजेंसी। नई दिल्ली**

यूएस फेड द्वारा ब्याज दरों पर नरम संदेश दिए जाने के बाद गुरुवार को भारतीय बाजार में 800 अंकों से अधिक की जोरदार रैली में आईटी शेयरों का सबसे ज्यादा योगदान रहा। सेंसेक्स 840 अंक ऊपर उठ कर 70,424.87 पर है, जबकि निफ्टी 235 अंक ऊपर उठ कर 21,161.70 पर है। आईटी इंडेक्स 2 फीसदी से ज्यादा ऊपर हैं। एमफैसिस 6 फीसदी ऊपर है, कोफोर्ज 5 फीसदी, एलटीआईएम 3 फीसदी, टेक महिंद्रा 3 फीसदी और एचसीएल टेक 3 फीसदी ऊपर है। रियल एस्टेट इंडेक्स 3 फीसदी से ज्यादा ऊपर है। ब्रिगेड 4 फीसदी, फीनिक्स 4 फीसदी, गोदरेज प्रॉपर्टीज 4 फीसदी ऊपर है। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी.के. विजयकुमार का कहना है कि फेड बुधवार के स्पष्ट नरम संदेश ने भारत में रैली के लिए एक मंच तैयार कर दिया है, और यह आम चुनाव से पहले बाजार को नई ऊंचाइयों पर ले जा सकती है। बुधवार को फेड के संदेश का निष्कर्ष यह है कि सख्ती का चक्र खत्म हो गया है और 2024 में दरों में कटौती संभव है। अमेरिका में 10-वर्षीय यील्ड में 4 प्रतिशत की गिरावट से भारत में पूंजी प्रवाह को बढ़ावा मिलेगा। सबसे ज्यादा फायदा लार्ज कैप को होगा। आईटी में भी खरीदारी आकर्षित होने की संभावना है।



### यूएस फेड के नरम संदेश के बाद सेंसेक्स 70 हजार के पार

**नई दिल्ली।** अमेरिकी फेडरल रिजर्व के एक स्पष्ट नरम संदेश ने आने वाले दिनों में भारतीय बाजार में रैली के लिए मंच तैयार कर दिया है। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी.के. विजयकुमार ने कहा कि इससे शेयर बाजार अगले साल आम चुनाव से पहले नई ऊंचाईं पर जा सकता है। बीएसई सेंसेक्स गुरुवार को 851 अंक बढ़कर 70,436.33 अंक पर है और निफ्टी 238 अंक ऊपर उठ कर 21,164.35 पर है। इंफोसिस और एचसीएल टेक के साथ आईटी शेयरों में 3 फीसदी से ज्यादा की बढ़त है। बुधवार को फेड के संदेश से पता चलता है कि सख्ती का चक्र खत्म हो गया है और 2024 में दरों में कटौती संभव है। उन्होंने कहा, डॉउ में रिकॉर्ड तोड़ रैली कई सूचकांकों को नए रिकॉर्ड पर पहुंचा देगी। अमेरिका में 10-वर्षीय यील्ड में 4 प्रतिशत की गिरावट से भारत में बड़े पूंजी प्रवाह को बढ़ावा मिलेगा। सबसे ज्यादा फायदा लार्ज कैप को होगा, विशेष रूप से बैंकिंग में। आईटी में भी खरीददारी की संभावना है। यह उत्साह मिड और स्मॉल कैप को भी ऊपर उठा सकता है। उन्होंने कहा, लेकिन इस सेगमेंट में कोई वैल्यूएशन कंफर्ट नहीं है।

## सरार्फा बाजार में जोरदार तेजी सोना 1 हजार रुपये उछला चांदी में 2 हजार की बढ़त

**नई दिल्ली।** लगातार तीन दिनों तक गिरावट का सामना करने के बाद आज घरेलू सरार्फा बाजार में जबरदस्त तेजी नजर आ रही है। देश के अलग अलग सरार्फा बाजारों में सोना 1,000 रुपये प्रति 10 ग्राम तक उछल गया है। इसी तरह चांदी में भी आज जोरदार तेजी दर्ज की गई है। आज की तेजी के कारण दिल्ली के सरार्फा बाजार में चांदी करीब 2 हजार रुपये की मजबूती के साथ 77,500 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर तक पहुंच कर कारोबार कर रहा है। बाजार में आए उछाल के कारण आज देश के ज्यादातर सरार्फा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 63 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम के करीब पहुंच गया है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी 57,650 रुपये प्रति 10 ग्राम के ऊपर जाकर कारोबार करता नजर आ रहा है। देश की राजधानी दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 63,040 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 57,800 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई।

# एडीबी ने भारत की जीडीपी वृद्धि का अनुमान बढ़ाकर 6.7 % किया

**एजेंसी। नई दिल्ली**

एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने बुधवार को 2023-24 के लिए भारत की आर्थिक विकास दर का अनुमान 6.3 फीसदी से बढ़ाकर 6.7 फीसदी कर दिया, जिसका उसने सितंबर में अनुमान लगाया था। ऊपर की ओर संशोधन चालू वित्तवर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में भारत की उम्मीद से अधिक 7.6 प्रतिशत जीडीपी वृद्धि पर आधारित है। रिपोर्ट में कहा गया है, ₹एडीबी औद्योगिक क्षेत्र में दोहरे अंक की वृद्धि का भी कारक है। हालांकि कृषि में उम्मीद से थोड़ी धीमी वृद्धि होने की उम्मीद है, यह उद्योग की उम्मीद से कहीं अधिक मजबूत वृद्धि की भरपाई से कहीं अधिक होगी, इसलिए ऊपर की ओर संशोधन होगा। हालांकि, एडीबी ने 2024-25 के लिए अपने विकास पूवार्नुमान को 6.7 प्रतिशत पर अपरिवर्तित छोड़ दिया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि निश्चित निवेश - केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा बढ़े हुए पूंजीगत व्यय से प्रेरित - 203-24 में निजी उपभोग व्यय में कम वृद्धि



और उम्मीद से कमजोर निर्यात की भरपाई करेगा। वहीं, एडीबी ने चालू वित्तवर्ष के लिए भारत की मुद्रास्फीति पर अपने पहले के पूवार्नुमान को 5.5 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रखा है। एडीबी ने यह भी अनुमान लगाया है कि 2023 में चीन की वृद्धि दर 5.2 प्रतिशत तक पहुंच जाएगी, जो सितंबर में लगाए गए 4.9 प्रतिशत के पिछले पूवार्नुमान से अधिक है। 2024 में चीन की विकास दर धीमी होकर 4.5 प्रतिशत पर आने की उम्मीद है। एडीबी ने मजबूत घरेलू मांग का हवाला देते हुए कैलेंडर वर्ष 2023 के लिए एशियाई क्षेत्र के विकास अनुमान को पहले के 4.7 प्रतिशत से संशोधित कर 4.9 प्रतिशत कर दिया।

## एस्सार ने गुजरात सरकार के साथ ऊर्जा परिवर्तन

# बिजली और बंदरगाह क्षेत्रों में 55 हजार करोड़ रुपये



**एजेंसी। अहमदाबाद**

एस्सार ने वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट 2024 से पहले कुल 55 हजार करोड़ रुपये के निवेश के लिए गुजरात सरकार के साथ तीन समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। एस्सार राज्य में ऊर्जा परिवर्तन, बिजली और बंदरगाह क्षेत्रों में रणनीतिक निवेश करने के नए चरण में है। इस पहल का लक्ष्य 10 हजार से अधिक रोजगार के अवसर पैदा करना है। पिछले चार दशकों में, एस्सार ने गुजरात में ऊर्जा, धातु एवं खनन, और बुनियादी ढांचा क्षेत्रों में एक लाख करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया है। एस्सार की विकास गाथा में गुजरात ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मुख्य औद्योगिक परियोजनाओं में कंपनी के निवेश ने राज्य के औद्योगिक परिदृश्य को बेहतर किया है, जो निवेश गंतव्य के रूप में राज्य की क्षमता के लिए एक केस-स्टडी के रूप में काम कर रहा है। एस्सार कैपिटल के निदेशक प्रशांत रुइया ने एमओयू पर टिप्पणी करते हुए कहा, गुजरात एस्सार के रणनीतिक निवेश में लगातार सबसे आगे रहा है। हमें ऊर्जा और बुनियादी ढांचा क्षेत्रों में 55 हजार करोड़ रुपये के अतिरिक्त निवेश के साथ राज्य की आर्थिक प्रगति में योगदान करने में खुशी हो रही है।

#### ऊर्जा परिवर्तन में निवेश

एस्सार ने एक गीगावाट ग्रीन हाइड्रोजन परियोजना विकसित करने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। इस पहल में 30 हजार करोड़ रुपये का अनुमानित निवेश शामिल है।

#### बिजली क्षेत्र में निवेश

एस्सार पावर ने अपने सलाया पावर प्लांट में दूसरे चरण के विस्तार के लिए 16 हजार करोड़ रुपये के अतिरिक्त निवेश की घोषणा की है।

#### बंदरगाह क्षेत्र में निवेश

एस्सार पोर्ट्स 10 हजार करोड़ रुपये के निवेश के साथ अपने सलाया बंदरगाह को लॉजिस्टिक्स हब में बदलने के लिए तैयार है। इन समझौतों पर हस्ताक्षर करना गुजरात के बहुमुखी विकास पथ में अपना योगदान जारी रखने की एस्सार की प्रतिबद्धता को दशार्ता है।

## दिल्ली-एनसीआर में सीएनजी एक रुपये हुआ महंगा, नई दरें लागू

**नई दिल्ली।** आम आदमी को महंगाई का झटका लगा है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली-एनसीआर में इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड (आईजीएल) ने कंप्रेस्ड नैचुरल गैस (सीएनजी) की कीमत में एक रुपये प्रति किलो का इजाफा किया है। नई दरें गुरुवार से लागू हो गई हैं। इस बढ़ोतरी के बाद राजधानी दिल्ली में सीएनजी की कीमत अब 76.59 रुपये प्रति किलो हो गया है। वहीं, नोएडा में सीएनजी का भाव बढ़कर 82.20 रुपये प्रति किलो और ग्रेटर नोएडा में 81.20 रुपये प्रति किलो और गाजियाबाद में यह 81.20 रुपये प्रति किलो हो गया है। पिछले तीन हफ्ते में सीएनजी की कीमतों में दूसरी बार इजाफा किया गया है। उल्लेखनीय है कि इस साल 2023 में सीएनजी की कीमत में चार बार वृद्धि हुई है। इससे पहले नवंबर और अगस्त में इसके दाम बढ़ाए गए थे। हालांकि, अंतिम बार जुलाई महीने में सीएनजी के दाम कम हुए थे। सीएनजी की कीमत में इजाफे से परिवहन और रोजमर्रा की चीजों का ट्रांसपोर्टेशन महंगा हो सकता है।

# भारत की मुद्रास्फीति दर 5.6 फीसदी अन्य देशों से अधिक : बैंक ऑफ बड़ौदा

**एजेंसी। चेन्नई**

बैंक ऑफ बड़ौदा ने एक रिपोर्ट में कहा है कि नवंबर में भारत में मुद्रास्फीति दर 5.6 फीसदी रही, जो अन्य देशों की तुलना में अधिक है। रिपोर्ट के अनुसार, खाद्य पदार्थों की ऊंची कीमतों के कारण दिसंबर में भी भारत में मुद्रास्फीति ऊंची रहने की संभावना है। लेकिन राहत की बात है कि पिछले कुछ महीनों से कोर इंफ्लेशन स्थिर है। यह एक डिमांड साइड समस्या है जिसे मौद्रिक नीति से नियंत्रित किया जा सकता है। हालांकि, खाद्य मुद्रास्फीति सप्लाई साइड समस्या है जो उत्पादन में कमी से होती है। रिपोर्ट में कहा गया है कि अर्जेंटीना और तुर्की में मुद्रास्फीती भारत से काफी ज्यादा है। उनकी मुद्रास्फीति क्रमशः 143 प्रतिशत और 62 प्रतिशत है। रूस और दक्षिण अफ्रीका में भी मुद्रास्फीति दर क्रमशः 7.5 प्रतिशत और 5.9 प्रतिशत है, जो भारत से ज्यादा है। बैंक ऑफ बड़ौदा ने कहा, भारत



के बाद ऑस्ट्रेलिया में मुद्रास्फीति दर 5.4 प्रतिशत, सिंगापुर और ब्राजील में 4.7 प्रतिशत, यूके में 4.6 प्रतिशत, मैक्सिको में 4.3 प्रतिशत, जापान और दक्षिण कोरिया में 3.3 प्रतिशत, कनाडा और अमेरिका में 3.3 प्रतिशत है, इंडोनेशिया में 2.9 प्रतिशत, यूरो क्षेत्र में 2.4 प्रतिशत, सऊदी अरब में 1.6 प्रतिशत, स्विट्जरलैंड में 1.4 प्रतिशत और चीन में शून्य से 0.5 प्रतिशत है। रिपोर्ट में कहा गया है, यह बताया जाना चाहिए कि भारत में मुद्रास्फीति ऊपर नीते होती रहती है। इसका कारण खाद्य कीमतें हैं जो बढ़ती घटती रहती हैं, इसलिए हर महीने अलग ट्रेंड दिखता है।

## गारंटीकृत लाभ के साथ एचडीएफसी लाइफ क्लिक 2 अचीव लॉन्च किया

**नई दिल्ली ।** भारत की अग्रणी लाइफ इंश्योरेंस कंपनियों में से एक एचडीएफसी लाइफ ने एक नया प्रोडक्ट - एचडीएफसी लाइफ क्लिक 2 अचीव लॉन्च किया है। यह एक गारंटीड सेविंग्स लाइफ इंश्योरेंस प्लान है। यह प्लान अपने परिवार के भविष्य को सुरक्षित करने एवं उनके वित्तीय लक्ष्यों को पूरा करने के लिए तैयार किया गया है। इस लॉन्च पर बोलते हुए, अनीश खन्ना, हेड झ प्रोडक्ट्स एंड सेग्मेंट्स, एचडीएफसी लाइफ ने कहा, हर काम की शुरूआत एक सपने से होती है, और सपना कितना ही बड़ा क्यों ना हो, इसे सच बनाने के लिए आपको तुरंत एक सुरक्षित कदम के साथ शुरूआत करनी होगी। इसी प्रकार, जीवन लक्ष्य भी नियमित बचत एवं योजना बनाने से ही पूरे होते हैं। आप भी एचडीएफसी लाइफ क्लिक 2 अचीव प्रोडक्ट के साथ आज ही अपने सपनों को पूरा करने के लिए पहला सुरक्षित कदम उठा सकते हैं।

## एक नजर

### जगह-जगह पर हो अलाव की व्यवस्था : प्रेम प्रकाश ठाकुर

मेदिनीनगर । सदर प्रखंड के 20 सूत्री सदस्य प्रेम प्रकाश ठाकुर ने ठंड को देखते हुए जिला प्रशासन से अलाव की व्यवस्था करने को कहा है. सदर प्रखंड के हर पंचायत के चौक-चौराहों और मेदिनीनगर निगम क्षेत्र के रेलवे स्टेशन, रिक्शा पड़ाव, टेंपो स्टैंड तथा अन्य जगहों पर भी अलाव की व्यवस्था करने की मांग की है. प्रेम प्रकाश ठाकुर ने गरीब व लाचार व्यक्तियों के बीच कंबल बांटने की भी मांग की।

### अंचल निरीक्षक ने पीड़ित परिवार की मदद की

लातेहार। सदर प्रखंड के ग्राम केडू में गत दिनों सकेंद्र यादव की सड़क दुर्घटना में मौत हो गयी थी. गुरूवार का अंचल निरीक्षक उदल राम पीड़ित परिजन के घर पहुंचे. उन्होंने पीड़ित परिवार को राशन-कंबल दिया और आर्थिक मदद भी की. सीआई उदल राम ने पीड़ित परिवार को सरकारी प्रावधानों के अनुसार हर संभव मदद देने का आश्वासन दिया. मौके पर सुदामा प्रसाद गुप्ता, राजस्व उप निरीक्षक सर्वेश राम, अभिषेक कुमार, राधिका यादव आदि उपस्थित थे।

### जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार की बैठक

### 28 आवेदनों पर विचार

**लातेहार।** उपायुक्त हिमांशु मोहन की अध्यक्षता में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार की बैठक हुई. बैठक में सड़क दुर्घटना, वज्रपात से मानव एवं मवेशियों की मौत, डोभा, नदी, जलाशयों में डूबने से हुई मौत व सर्पदंश से संबंधित कुल 28 आवेदनों पर विचार किया. अंचल एवं अनुमंडल स्तरीय पदाधिकारियों के आवेदनों के जांच एवं सत्यापन प्रतिवेदन के आधार पर प्राप्त प्रस्तावों पर स्वीकृति दी गयी. बैठक में पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन, वन प्रमंडल पदाधिकारी रोशन कुमार, जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी, उप विकास आयुक्त आलोक शिकारी कच्छप, सिविल सर्जन आशुतोष सिंह, प्रभारी पदाधिकारी आपदा प्रबंधन अनिल मिंज समेंत कई पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

### स्कूल के बच्चों और शिक्षकों को दी गई आग से बचाव की जानकारी

**भंडरिया।** प्रखंड के मदगड़ी गांव स्थित संत जेवियर्स इंग्लिश मेडियम पब्लिक स्कूल में गुरुवार को अग्निशामक दस्ता द्वारा स्कूली बच्चों एवं शिक्षकों को आग से बचाव की जानकारी दी गई। इस दौरान गढ़वा से आए अग्निशामक विभाग के गणेश चन्द्र सिंह एवं जितेंद्र कुमार ने स्कूली बच्चों एवं शिक्षक/शिक्षिकाओं को आग से बचाव की जानकारी दी गई। अग्निशामक कर्मी ने बताया की आग लगने पर क्या करें, क्या न करें कि जानकारी दी गई। इस दौरान जानकारी देते हुए बताया गया कि आग से बचने के लिए फुस की झोपड़ी पर मिट्टी का लेप करें, खेत में अवशेष को नहीं जलाएं, खाना बनाते समय सामने दो बाल्टी पानी रखें, हवा बहने के समय भूलकर भी आग नहीं

# आगामी चुनाव में विपक्ष को नहीं मिलेगा बूथ एजेंट : मिथिलेश ठाकुर

## बीडीसी, बामसेफ के प्रखंड अध्यक्ष सहित 200 से अधिक लोग पार्टी में शामिल

**आरएनएम संवाददाता। गढ़वा**

रंका प्रखंड का बिश्रामपुर पंचायत झामुमोमय हो गया. मौके पर विश्रामपुर सहित विभिन्न पंचायतों के 200 से अधिक लोगों ने झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थाम लिया. बामसेफ के प्रखंड अध्यक्ष शंकर यादव, खरडीहा की बीडीसी नीरू देवी सहित दो सौ से अधिक लोग गढ़वा विधायक सह पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के गढ़वा स्थित आवास पर पहुंचकर पार्टी में शामिल हुए. मंत्री ने सभी को माला एवं पार्टी का पट्टा पहनाकर स्वागत किया. साथ ही सभी को मिठाई खिलाई।



**विपक्ष चुनी हुई सरकार को कर रहा अस्थिर : मंत्री :** मौके पर मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि आज जनता का रुझान जिस तेजी से झामुमो की ओर बढ़ रहा है, इससे साबित होता है कि सभी लोग इस बात को भली-भांति समझ गए हैं कि विपक्ष जनता की चुनी हुई सरकार को अस्थिर करना चाहता है. जनता के हित में किये जा रहे कार्यों एवं राज्य के विकास को बाधित करना चाहता है. जनता पूरी तरह जागरूक हो चुकी है. अपने हक और अधिकार को अच्छी तरह से समझ रही है. आगामी चुनाव में विपक्ष को बूथ एजेंट तक भी नहीं मिलेगा. सबका एक तरफा रुझान झामुमो की ओर है।

### झामुमो में शामिल होने वालों ने सीएम की प्रशंसा की

वहीं पार्टी में शामिल होने वालों ने कहा कि वे सभी लोग मंत्री मिथिलेश ठाकुर के विकास कार्यों और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के बेहतर जनहित के कार्यों से प्रभावित होकर झामुमो में शामिल हो रहे हैं. उन्होंने कहा कि राज्य बने 23 वर्ष हो चुके हैं, परंतु आज तक जितनी भी सरकारें बनी किसी ने भी जनहित का कार्य नहीं किया. ना ही क्षेत्र में कोई भी विकास कार्य किया. वहीं हेमंत सोरेन की सरकार बनने के बाद मंत्री मिथिलेश ठाकुर के नेतृत्व में जिस गति से चौतरफा विकास हो रहा है. वैसा विकास अब तक किसी ने किया.

**इन्होंने झामुमो का थामा दामन :** पार्टी में शामिल होने वालों में खरडीहा से बसंती पन्ना, देवनारायण यादव, शंकर यादव, बचन पांडेय, बिश्रामपुर से प्रवीण तिर्की, प्रदीप तिर्की, प्रकाश तिर्की, विकास तिर्की, सुशील एक्का, नितेश मिंज, ममता केरकेट्टा, आरती मिंज, कुलमनी कुजूर, संजय बाड़ा, इस्माइल कुजूर इमिलिया बाड़ा, फुलमनिया मिंज, फुलवंती मिंज, संगीता मिंज, कुणाल खलखो, मनीष खलखो, राजू लकड़ा, कुदरूम से अमर यादव, राजू यादव, शंकर यादव, छोटू यादव, रामचंद्र यादव, महीपत यादव, सुनीता देवी, संध्या देवी, सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

## ग्रामीणों ने सड़क को अतिक्रमण मुक्त कराने को लेकर किया प्रदर्शन

**आरएनएम संवाददाता। खरौंधी**



प्रखंड के चौरिया में गुरुवार को विवादित सड़क की प्रशासन की मौजूदगी में मापी कराई गई। मापी के पश्चात उक्त सड़क का ग्रामीणों ने मरमती कार्य भी कराया। जानकारी के अनुसार सड़क से नापी कर अतिक्रमण मुक्त करने के लिए आजसू पार्टी जिला प्रवक्ता सह पूर्व उपप्रमुख गोरखनाथ चौधरी के नेतृत्व में दर्जनों ग्रामीणों ने धरना प्रदर्शन किया था। धरना स्थल पर जाकर सीओ सुनील कुमार ने ग्रामीणों को समझाते हुए दो दिन में सड़क की मापी करने का आश्वासन दिया था। इसके पश्चात पूर्व उपप्रमुख गोरखनाथ चौधरी के नेतृत्व में की गई धरना प्रदर्शन समाप्त किया गया था। धरना प्रदर्शन के आलोक में उक्त सड़क का गुरुवार को खरौंधी थाना तथा केतार थाना के पुलिस बल की उपस्थिति में सीआई मोजीब खान ने नापी कराई। सीआई मोजिब खान ने बताया इस सड़क पर दो पक्षों में विवाद था। एक पक्ष सड़क की जमीन को सरकारी जमीन बोलकर अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग लगातार कर रहा था। वहीं दूसरा पक्ष सड़क की जमीन को अपनी रैयती जमीन बता रहा था। आज उक्त सड़क का मापी कर निष्पादन किया गया है। वहीं चौधरी ने विवादित सड़क की मापी हो जाने पर सीओ, सीआई तथा प्रशासन को धन्यवाद दिया है। साथ ही कहा कि सड़क को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए ग्रामीण लगातार मांग कर रहे थे। अब सड़क बन जाने से लोगों को आवागमन में सुविधा होगी। इस दौरान मुखिया प्रमोद राम, कर्मचारी अजमेरी अंसारी, अमीन बसीर अंसारी, खरौंधी थाना के एएसआई सुरेंद्र दुबे, केतार थाना के एएसआई विश्वनाथ हेंब्रम, यादव चौधरी, अरुण चौधरी, लक्ष्मण चौधरी, विनोद चौधरी आदि उपस्थित थे।

# प्रशिक्षण व कौशल विकास का लाभ उठायें युवा : पूनम

**आरएनएम संवाददाता। लातेहार**

जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी ने कहा कि प्रशिक्षण से कौशल विकास होता है. सरकार के द्वारा बेरोजगार युवक व युवतियों को प्रशिक्षण दे कर स्वरोजगार से जोड़ा जा रहा है. युवाओं को इसका लाभ उठाना चाहिए. जिप अध्यक्ष गुरूवार को प्रखंड कार्यालय परिसर में जेएसएलपीएस के द्वारा दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के तहत प्रखंड स्तरीय युवा मोबलाइजेशन कैंप को संबोधित कर रही थी. उन्होंने आगे कहा कि इस योजना के तहत युवाओ को न्यूनतम चार माह का निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण दिया जाता है. इसके अलावा संगठित क्षेत्रो में वेतन आधारित रोजगार का प्रावधान किया गया है. पूनम देवी ने सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की. कहा कि जानकारी के अभाव में युवा योजनाओ का लाभ नहीं उठा पाते हैं।



### ग्रामीण युवक-युवतियों का निःशुल्क प्रशिक्षण

वहीं बीपीएम अंकित कुमार ने दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना से जुड़ी कई जानकारियां दी. उन्होने बताया कि इस योजना के तहत चयन बिल्कुल निःशुल्क किया जाता है.उन्होने बताया कि जीविका समूह से जुड़े परिवार के सदस्य व बीपीएल कार्ड वो ग्रामीण युवक व युवतियों का निःशुल्क प्रशिक्षण व नौकरी पाने का यह सुनहरा अवसर है. इससे पहले अतिथियों ने दीप जला कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया. मौके पर जिला परिषद सदस्य विनोद उरांव, प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज तिवारी, मनिका विधायक प्रतिनिधि हरिशंकर यादव, प्रशांत सिंह, उमेश यादव, दिलीप कुमार, शायना बानो व सत्येन देवी आदि मौजूद थे ।

### नशे के चंगुल में फंस रहे उंचरी के बच्चे

**गढ़वा ।** युवा समाजसेवी आजसू पार्टी के वरिष्ठ नेता रविंद्र नाथ ठाकुर के नेतृत्व में युवाओं की एक टीम जिले के नवादा पंचायत के जोबरईया व उंचरी पहुंची. वहां टीम ने नशे के चंगुल में फंस रहे बच्चों के माता-पिता को समझाया. बताया कि ये बच्चे सनफिक्स जैसे जानलेवा नशीले पदार्थ का सेवन कर रहे हैं. उन्हें रोकने के लिए गांव के अभिभावकों और बच्चों के माता-पिता को जागरूक किया. सभी को यह हिदायत दी कि अगर कोई भी बच्चा सनफिक्स का नशा करते हुए पाया जाता है उसे नजरअंदाज ना करें. साथ ही गली मोहल्ले में खुले हुए दुकानदार भाइयों से जो किराने की दुकान चलाते हैं, उनसे मिलकर सनफिक्स न बेचने का आग्रह करें. रविंद्र नाथ ठाकुर ने बताया कि सनफिक्स का नशा इतना घातक होता है कि लोग पागल तक हो जाते हैं. आजकल के बच्चे गलत संगत में पड़कर सनफिक्स का सेवन कर रहे हैं जो समाज और आने वाली पीढ़ी के लिए काफी घातक सिद्ध होगा।

## भारी ट्रक परिचालन पर रोक लगाने की मांग को लेकर उग्र हुई महिलाएं

**आरएनएम संवाददाता। पलामू**

नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत तरीडीह पंचायत बलरा व झरहा गांव में पत्थर लोड वाहनों के परिचालन पर रोक लगाने की मांग को लेकर तीन दिनों से प्रदर्शन कर रही ग्रामीण महिलाएं सोमवार को उग्र हो गईं। प्रशासन द्वारा जबरन हाइवा ले जाने के प्रयास पर महिलाओं ने पथराव कर वाहन को क्षतिग्रस्त कर दिया। वहीं भीड़ को हटाने के लिए पुलिस ने जमकर लाठी भांजी, लेकिन इसमें किसी को चोट आने की खबर नहीं है। ग्रामीणों का कहना था कि एसडीओ इसी मार्ग से वाहन चलाने की जिद पर अड़े हुए थे।

**प्रशासन ने ग्रामीणों के बैरियर को हटाया :** बाद मामला बढ़ता देख हाईवा छोड़कर पुलिस दल वापस लौट गया। बता दें कि यह मामला शनिवार को उस समय गर्म हो गया था जब ग्रामीणों द्वारा लगाए गए बैरियर को अवैध बताकर प्रशासन ने हटा दिया था, लेकिन रात में राजद के पलामू जिलाध्यक्ष मोहन

### भीड़ को हटाने के लिए पुलिस ने भांजी लाठी

विश्वकर्मा द्वारा दोबारा खूंटा खंबा लगा दिया गया। राजद जिलाध्यक्ष ने कहा कि सरकार के आदेश अनुसार, ग्रामीण विकास सड़क कार्य मामले आरईओ विभाग कार्यपालक अभियंता आदेश अनुसार छतरपुर व डुमरिया मुख्य पथ, झरहा कैंप से बीसफुटा, सरईडीह तक बनाया गया था, लेकिन 10 टन क्षमता की इस सड़क पर 40 टन का ओवरलोड हाइवा के परिचालन से पूरी सड़क क्षतिग्रस्त हो गई है। ग्रामीण सड़क की मरम्मति के साथ भारी वाहनों को दूसरे मार्ग से चलाया जा सकता था। लेकिन खनन माफियाओं की मिलीभगत से प्रशासन हजारों ग्रामीणों के हितों के साथ खिलवाड़ करने पर तुला है। ओवर लोड वाहनों के परिचालन से प्रदूषण फैल रहा है, वहीं हादसों की संभावना बनी रहती है।

### समाजसेवी ने विधायक को रेल सुविधा के लिए लिखा पत्र

**हुसैनाबाद,पलामू।** समाजसेवी सह गायक अशोक कुमार चौधरी ने झारखंड एनसीपी के प्रदेश अध्यक्ष सह विधायक कमलेश कुमार सिंह से रेल सुविधा बढ़ाने के लिए पत्र लिखा है. उन्होंने कहा कि जपला रेल खंड पर आजादी से लेकर आज तक हावड़ा चेन्नई, मुंबई, माता वैष्णो देवी तथा अन्य महानगरों के लिए आज तक एक भी ट्रेन नहीं चलायी गयी, जो दुर्भाग्यपूर्ण है. जबकि पूरे पलामू प्रमंडल अति पिछड़ा क्षेत्रों की सूची में आता है. यहां पर रोजगार के साधन नहीं रहने के कारण हजारों लोग दूसरे प्रदेशों में जाते हैं. महानगरों के लिए ट्रेन पकड़ने के लिए रांची, दीनदयाल उपाध्याय तथा अन्य दूरदराज के स्टेशनों पर जाना पड़ता है. जिससे काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है. अशोक कुमार चौधरी ने कहा कि इस क्षेत्र के जनता के लिए औद्योगिक क्षेत्र तथा हावड़ा जैसे महानगरों के लिए सीधा ट्रेन सुविधा बहाल की जाय।

### महिलाओं को ऋण दिलाने के नाम पर लाखों की ठगी पुलिस ने शुरू की जांच

**रमना।** थाना क्षेत्र के मंझिगांवा और इसके आसपास के ग्रामीण इलाकों में महिलाओं को ऋण दिलाने के नाम पर लाखों ठगी का मामला प्रकाश में आया है। थाना प्रभारी कृष्ण कुमार कुशवाहा नें सुधा सिंह के आवेदन पर मामला दर्ज करते हुए जांच आरंभ कर दी है। मंझिगांवा निवासी सुधा सिंह ने रमना थाना में मामला दर्ज कराया है। सुधा सिंह ने बताया कि उर्रिट फाइनेंसियल सर्विस पीवीटी लिमिटेड के पिन्टू सिंह और महेश्वर मोर्या नामक दो कर्मी द्वारा 30 नवंबर को गांव पहुच कर कंपनी और उसकी स्किम के बारे में बताते हुए कहा कि 4600-4600 सौ बीमा राशी जमा कराने पर एक लाख का ऋण मिलेगा। 8 दिसंबर को रमना मानदोहर स्थित कंपनी के कार्यालय में मेरे साथ 17 लोगों नें बताए गए बीमा राशी 4600-4600 जमा करा दिया। इसके अलावा गांव के करीब 50 अन्य लोग भी बीमा राशी जमा कराए हैं।

## दशरथ चंद्र दास ने प्रमंडलीय आयुक्त का संभाला पदभार



**आरएनएम संवाददाता। पलामू**

दशरथ चंद्र दास (भाप्रसे) ने गुरूवार को पलामू के प्रमंडलीय आयुक्त के रूप में पदभार संभाल लिया. पलामू जोन के आईजी राजकुमार लकड़ा ने पलामू के आयुक्त के रूप में पदभार ग्रहण किये जाने पर दशरथ चंद्र दास को बधाई दी. आईजी ने आयुक्त को पलामू प्रमंडल की भौगोलिक एवं वर्तमान वस्तुस्थिति से अवगत कराया. आयुक्त के सचिव अरविंद कुमार, उपनिदेशक कल्याण मतियस विजय टोप्पो, सदर अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग कुमार तिवारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सुरजीत कुमार, डीएसपी एडमिन राहुल देव बड़ाईक, प्रशाखा पदाधिकारी राजीव रंजन तिवारी, आयुक्त के पीए अमित रंजन, नाजिर प्रेम धीरज कुमार आदि ने गुलदस्ता भेंट कर आयुक्त का स्वागत किया। मौके पर प्रमंडलीय आयुक्त दशरथ चंद्र दास ने कहा कि जन समस्याओं का निराकरण प्रशासन की प्राथमिकता होनी चाहिए. पदभार ग्रहण के उपरांत उन्होंने कार्यालय कर्मियों से परिचय प्राप्त किया और विभिन्न शाखाओं की कार्यप्रणाली की जानकारी प्राप्त की. इसके पहले कार्यालय पहुंचने पर आयुक्त को जिला प्रशासन की ओर से गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

### मुसलमानों की सुरक्षा के लिए कानून बनाने की मांग

**हुसैनाबाद,पलामू।** मुस्लिम समाज को अपना हक लेने, उर्दू को पूरे तौर पर लागू करने, वक्फ बोर्ड का गठन, उर्दू विश्वविद्यालय खोलने के मामले में सरकार से मांग करने, समाज में दहेज रूपी कुरीतियों के प्रति एकजुटता व जागरूकता लाने को लेकर तहरीके बेदारी इस्लाहे मुआसरा कांफ्रेंस की बैठक हुई. बैठक की अध्यक्षता मौलाना खुर्शीद अनवर नूरी ने की. मौके पर मुसलमानों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई. इसके अलावा पिछड़ेपन के कारणों पर विचार विमर्श किया गया. मौलाना मुफ्ती मोजीबुल्लाह रजवी ने कहा कि झारखंड की सरकार राज्य में उर्दू को उसका हक नहीं दे रही है. स्कूलों में उर्दू शिक्षक नहीं हैं. कार्यालयों में ट्रांसलेटर नहीं हैं. राज्य में उर्दू यूनिवर्सिटी की स्थापना होनी चाहिए. वक्फ बोर्ड का गठन नहीं हुआ. इसके अलावा हर जगह मुसलमानो को प्रताड़ित किया जाता है, दुर्व्यवहार होता है।

### बिजली चोरी करने वालों की अब खैर नहीं!

## जेबीवीएनएल लगातार कर रहा है छापेमारी पकड़े जाने पर बढ़ जायेगी परेशानी

**आरएनएम संवाददाता। पलामू**

पलामू। झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड बिजली चोरों और बकायेदारों पर नकेल कसने के लिए पूरी तरह से तैयार है। इनके खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है और पकड़े जाने पर तगड़ी कार्रवाई भी हो रही है। सभी स्थानों पर छापेमारी दल गठित कर गांव से लेकर शहरी क्षेत्र में कार्रवाई की जा रही है। बकाएदारों को जल्द से जल्द बिल जमा करने के लिए भी कहा जा रहा है। बिजली चोरों और बकायेदार के विरुद्ध चलाया जा रहा अभियान सख्त हो गया है। अभियान के क्रम में कड़ी कार्रवाई निरंतर जारी है। इसे लेकर सभी स्थानों पर छापेमारी दल गठित कर गांव से लेकर शहरी क्षेत्र में कार्रवाई की जा रही है। गठित दल बकायेदार उपभोक्ताओं को बिल जमा करने का निर्देश दे रहा है।

**चोरी करते पकड़े जाने पर होगी तगड़ी कार्रवाई**

चोरी करते पकड़े जाने पर कार्रवाई कर रहा। विभाग ने मेदिनीनगर विद्युत आपूर्ति प्रमंडल में कुल 467 छापेमारी की है। 119 लोगों पर बिजली चोरी की प्राथमिकी संबंधित थाना में दर्ज की गई है। बिजली चोरों पर 16 लाख जुमार्ना लगाया गया।

## पेज एक के शेष

### अंतिम व्यक्ति तक...

सरकारी पदाधिकारी पहुंचे और योजनाओं का लाभ प्रदान करें। आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत आज जिलों में पदस्थापित डीसी, डीडीसी, सीओ, बीडीओ योजनाओं की गठरी लेकर आम जनों के घरों तक पहुंच रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कार्यकर्ताओं से कहा कि वर्तमान समय में देश में जो हालात उत्पन्न हुए हैं उससे सबसे ज्यादा नुकसान किसान, गरीब और युवा वर्ग के लोगों को हुआ है। यहां के आदिवासी-मूलवासी, दलित, शोषित अल्पसंख्यक सहित विभिन्न वर्ग समुदाय के लोगों को विपक्षी दलों द्वारा झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रति भड़काया जा रहा है। देश एवं राज्य विरोधी शक्तियां हमें निरंतर तोड़ने का प्रयास कर रही हैं लेकिन हम सभी को सतर्कता दिखाते हुए इनके मंसूबे पर पानी फेरने का काम करना है। उन्होंने कहा कि राज्य में जब से झामुमो के नेतृत्व में सरकार बनी है तब से विरोधी पार्टी के लोग हमारी सरकार को गिराने में लगे हुए हैं। हमारी एकजुटता का ही परिणाम है कि आज तक ये लोग अपने षड्यंत्र में सफल नहीं हो पाए हैं। आप सभी कार्यकर्ता ही हमारी बड़ी ताकत हैं। आपकी सरकार राज्य के विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है और आपके सहयोग से हम विकास का रास्ता आगे भी तय करते रहेंगे। वर्ष 2019 की तरह हम सभी लोगों को वर्ष 2024 के चुनावों में भी अखंडता और एकजुटता का परिचय देना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि आप सभी लोग आज यहां से एक संकल्प के साथ वापस अपने पंचायत तथा गांव जाएं कि राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं को हर जरूरतमंद तक पहुंचाई जाए। मुख्यमंत्री ने सभी कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाते हुए उन्हें वर्ष 2024 में होने वाले लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव के लिए एक बेहतर रणनीति के साथ तैयारी करने का मंत्र दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड के लोग हमेशा अपने हक-अधिकार एवं सम्मान की लड़ाई लड़ता आ रहा है। आने वाले चुनाव में भी हमें राज्य विरोधी ताकतों और दलों को मुंहतोड़ जवाब देने का काम करना है, इसी संकल्प के लिए हम सभी लोग आज यहां एकत्रित हुए हैं।

इस मौके पर मुख्य रूप से पार्टी के केंद्रीय महासचिव विनोद कुमार पाण्डेय, फागु बेसरा, केंद्रीय सचिव अभिषेक प्रसाद पिंटू, संजीव बेदिया, राज्यसभा सांसद महुआ माजी और विधायक भूषण तिर्की उपस्थित थे।

### रामचरितमानस के ...

मुखौटे बनाने का प्रस्ताव मिलने पर काठ के खिलौना बनाने वाले कारीगर बिहारी लाल अग्रवाल व उनकी बेटी शुभी अग्रवाल ने सीता स्वयंवर, वन गमन, सीता हरण, रामेश्वर पूजा, राम सेतु, लक्ष्मण शक्ति, लंकेश परिवार, अशोक वाटिका, कुंभकरण,पुष्पक विमान में सवार प्रभु, राम दरबार, आदि की मूर्तियां व मुखौटों की डिजाइन की। फिर इन्हे भदैनी के अपने कारखाने में 50 कारीगरों के साथ एक साल में पूरा किया ।राम दरबार के संग्रहालय में सबसे पहले लंकेश का परिवार दिखेगा। इन्हें गूलर की लकड़ी का बनाया गया है। गूलर की लकड़ी को सुखा कर जरूरत के अनुसार काटकर अलग-अलग भाव व चेहरों वाले मुखौटों ,मुद्राओं को आकार दिया गया है। इनको प्राकृतिक रंगों सहित सोने-चांदी की पॉलिश से पेंटिंग कर दर्शनीय बनाया गया है।

### संसद के अंदर फैले...

पहुंचने से पहले दो सांसद हनुमान बेनीवाल और मलूक नागर हिम्मत दिखाकर उन्हें दबोचते हैं और उन्हें सुरक्षा कर्मियों के हवाले करते हैं। आरोपी मैसूर से भाजपा सांसद प्रताप सिम्हा की सिफारिश पर कार्यवाही देखने पहुंचे। आरोपी इस तरह जवाब दे रहे हैं जैसे उसका रिहर्सल किया हुआ हो? सच जानने के लिए संसद सहित चारों का नार्को, पॉलीग्राफ और ब्रेन मैपिंग टेस्ट जरूर करवाना चाहिए। अगर कोई गहरी साजिश है भी, जैसा कि कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी दावा कर रहे हैं, तो उसका पता लगाना चाहिए तभी इसका काला सच सामने आयेगा। मीडिया भी स्प्रे पंप के लिए जिस तरह लूटमार कर रही थी उससे मुंबई के 26/11 के समय जारी दिशानिर्देशों का उल्लंघन तो हुआ ही।

**प्रतियोगिता** कठौतिया माइंस ने किया गुरूकुल में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

# पुरस्कार से मिलती है और बेहतर करने की प्रेरणा: बीडीओ

### पुरस्कार मिलने से और बेहतर करने की प्रेरणा जागृत होती है : बीडीओ

**नवीन मेल संवाददाता**

**नावा बजार।** हिण्डालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड के कठौतिया ओपन कास्ट कोल माइंस प्रबंधन द्वारा मानवाधिकार सप्ताह मनाया जा रहा है। इसके तहत मंगलवार को पाटन मोड़ स्थित गुरूकुल स्कूल में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पड़वा प्रखण्ड के बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद ने भाग लिया। समारोह की अध्यक्षता व संचालन सीएसआर हेड शोभा रानी मोहंती ने किया। मौके पर बीडीओ चंदद्रेव प्रसाद ने कहा कि पुरस्कार मिलने से और बेहतर करने की प्रेरणा जागृत होती है। उन्होंने कहा कि बच्चों द्वारा प्रस्तुत भाषण यह साबित कर रहा है कि गुरूकुल स्कूल के सभी शिक्षक शिक्षिका बच्चों को पूरी ईमानदारी व निष्ठा के साथ उन्हें संवारने में जुटे हुए हैं। उन्होंने शिक्षकों से आग्रह किया कि बच्चों को रटंत नहीं बच्चों में समझ विकसित हो इस पर विशेष ध्यान देने की



जरूरत है। बीडीओ चंदद्रेव प्रसाद ने कहा कि कभी भी भेदभाव की दृष्टिकोण से किसी को न देखें। अमीर गरीब सभी जाति धर्म के लोगों को जीने का समान अधिकार है। बीडीओ चंदद्रेव प्रसाद ने बच्चों को के मानवाधिकार विषय पर प्रतियोगिता आयोजित करने की सराहना की। सीएसआर हेड शोभा रानी मोहंती ने कहा कि कंपनी अपने सामाजिक उत्तरदायित्वों के प्रति निरंतर संवेदनशील होकर काम करतीं हैं। बच्चों की प्रतिभा विकसित हो इसी उद्देश्य को लेकर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। भाषण प्रतियोगिता में प्रशांत कुमार को प्रथम, लक्ष्मी कुमारी को द्वितीय व शिवम कुमार मिश्रा को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। तीनों सफल प्रतिभागियों को बीडीओ चंदद्रेव प्रसाद, सीएसआर हेड शोभा रानी मोहंती ने पुरस्कृत किया। इसके अलावा सभी प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट भी दिया गया। इस मौके पर सुमित कुमार, अदिति, लोकेश कुमार,अनुज सिंह, कृष्णा पाठक, सीमा श्रीवास्तव,रूपेश सिंह, साकेत पांडेय,सहेन्द्र साव, नेहा, संध्या, अभिलाषा, अनु, विजयालक्ष्मी, प्रिंस सिंह, देवेन्द्र सिंह , चंदन मेहता सहित कई लोग मौजूद थे।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
" Smiles & More"
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिबल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज





CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## लोकसभा में सुरक्षा चूक पर सरकार ने कहा
# जांच शुरू, राजनीतिक रंग न दें

**एजेंसी। नई दिल्ली**

सरकार ने गुरुवार को कहा कि लोकसभा में बुधवार को सुरक्षा चूक की घटना के मामले में उच्च-स्तरीय जांच शुरू कर दी गई है और विपक्ष को इस मुद्दे पर राजनीति नहीं करनी चाहिए। लोकसभा की कार्यवाही एक बार के स्थगन के बाद अपराह्न दो बजे जब शुरू हुई तो विपक्षी सदस्यों ने बुधवार को सदन में सुरक्षा की चूक संबंधी घटना को लेकर नारेबाजी शुरू कर दी। इसी बीच संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा, हम सब सहमत हैं कि कल की दुर्भाग्यपूर्ण घटना सदस्यों की सुरक्षा के लिहाज से गंभीर थी। उन्होंने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने घटना के तत्काल बाद सभी दलों के सदन के नेताओं की बैठक बुलाई और संसद की सुरक्षा को और पुख्ता करने के लिए सबके सुझाव सुने। जोशी ने कहा कि सांसदों के कुछ सुझावों को लागू किया जा चुका है तथा लोकसभा अध्यक्ष ने आज स्वयं कहा है कि सुरक्षा को और मजबूत करने के लिए भविष्य में और भी कदम उठाए जाएंगे। केंद्रीय मंत्री ने कहा, मेरे विचार से यह मुद्दा हम सभी से जुड़ा है और हमें एक स्वर में बोलना होगा। उन्होंने कहा कि इस तरह के राष्ट्रीय मुद्दे पर किसी भी सदस्य से राजनीति की अपेक्षा नहीं की जाती। जोशी ने 1974 से लेकर 1999 तक सदन में सुरक्षा चूक की कुछ घटनाओं का विवरण देते हुए कहा कि पहले भी दर्शक दीर्घा से नारेबाजी, कागज फेंकने और यहां तक कि सदन में कूदने की घटनाएं होती रही हैं।

उन्होंने कहा, मैं इन घटनाओं की तुलना कल की घटना से नहीं कर रहा। लेकिन हमें अपने अतीत से सबक सीखना होता है, ताकि भविष्य उज्ज्वल हो। जोशी ने कहा कि पहले भी इस तरह के मामलों में तत्कालीन लोकसभा अध्यक्षों के निर्देश के अनुसार कार्रवाई की जाती रही है। उन्होंने कहा कि बुधवार की घटना के बाद लोकसभा अध्यक्ष ने गृह सचिव को पत्र लिखकर उच्च-स्तरीय जांच के लिए कहा है और जांच शुरू हो चुकी है। उन्होंने कहा कि सरकार भी इस मुद्दे पर बहुत ही संवेदनशील है। जोशी ने कहा कि सभी मुद्दों को राजनीतिक रंग देने की कुछ सदस्यों की आदत बन गई है। उन्होंने कहा, मैं उनसे निवेदन करता हूं कि इस मुद्दे का राजनीतिकरण न करें और सदन की कार्यवाही आगे बढ़ाएं। संसद पर 2001 में हुए आतंकवादी हमले की बरसी पर बुधवार को एक बड़ी सुरक्षा चूक की घटना में दो व्यक्ति- सागर शर्मा और मनोरंजन डी. शून्यकाल के दौरान दर्शक दीर्घा से लोकसभा कक्ष में कूद गए। उन्होंने 'केन' से पीली गैस भी छोड़ी। बाद में सांसदों ने उन्हें काबू में किया।



### पीएम मोदी ने शाह, नड्डा और मंत्रियों के साथ की बैठक



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को संसद के दोनों सदनों लोक सभा और राज्य सभा की कार्यवाही शुरू होने से पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के साथ बैठक की। बैठक में केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी और सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर सहित कई अन्य केंद्रीय मंत्री भी शामिल हुए। हालांकि इस बैठक को लेकर कोई औपचारिक बयान जारी नहीं किया गया है लेकिन यह माना जा रहा है कि बुधवार को हुई घटना के संबंध में दोनों सदनों के हालात और विपक्षी दलों के रवैये को लेकर सरकार और पार्टी किस तरह से आगे काम करे, इसकी रणनीति को लेकर बैठक में चर्चा हुई है।

### मनोरंजन डी. की नहीं है कोई आपराधिक पृष्ठभूमि

**मैसूरु (कर्नाटक)।** लोकसभा की कार्यवाही के दौरान बुधवार को दर्शक दीर्घा से सदन के भीतर कूदे दो लोगों में से एक मनोरंजन डी. सोशल मीडिया पर भगत सिंह फैन क्लब नामक पेज से जुड़ा है और वह क्रांतिकारी की तरह लगता है। मैसूरु पुलिस बैचलर ऑफ इंजीनियरिंग की पढ़ाई करने वाले मनोरंजन के बारे में पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि जांच से पता चला है कि उसकी कोई आपराधिक पृष्ठभूमि नहीं है। वह काफी चुप रहने वाला व्यक्ति है लेकिन जिन किताबों को वह पढ़ता है उन्हें देखकर वह क्रांतिकारी की तरह लगता है। एक अन्य पुलिस अधिकारी ने कहा कि मनोरंजन स्वतंत्रता सेनानी भगत सिंह का प्रशंसक लगता है जिन्हें ब्रिटिश राज में 1931 में 23 साल की उम्र में फांसी की सजा दी गयी थी। उन्होंने कहा, ऐसा लगता है कि भगत सिंह और उनके समूह ने स्वतंत्रता संघर्ष के दौरान जो किया था, ये लोग उसे दोहराना चाहते थे।

### कार्ति चिदंबरम ने सरकार पर साधा निशाना



सदन से सांसदों के निलंबन पर कांग्रेस एमपी कार्ति चिदंबरम ने कहा कि कल जो हुआ वह एक बड़ी सुरक्षा और खुफिया विफलता थी। उन्होंने कहा कि हम चाहते हैं कि सरकार सदन को बताए कि कल क्या हुआ और वे क्या कदम उठा रहे हैं। कार्ति चिदंबरम ने इस पर प्रधानमंत्री और गृह मंत्री के बयान की मांग की। उन्होंने कहा कि हमारी मांग को दबाने के लिए 14 सांसदों को शेष सत्र के लिए निलंबित कर दिया गया है।

### संसद सुरक्षा चूकः छह लोगों ने मिलकर रची थी साजिश



दिल्ली पुलिस ने संसद सुरक्षा चूक की घटना के संबंध में गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत मामला दर्ज किया है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। संसद पर 2001 को हुए आतंकी हमले की बरसी के दिन बुधवार को सुरक्षा में सेंधमारी की बड़ी घटना उस वक्त सामने आई जब लोकसभा की कार्यवाही के दौरान दर्शक दीर्घा से दो लोग- सागर शर्मा और मनोरंजन डी सदन के भीतर कूद गए, नारेबाजी की और केन के जरिये पीले रंग का धुआं फैला दिया। इस बीच कुछ सांसदों ने दोनों को पकड़ लिया। लगभग उसी वक्त दो अन्य आरोपियों अमोल शिंदे और नीलम देवी- ने संसद परिसर के बाहर 'केन' से रंगीन धुआं छोड़ा और तानाशाही नहीं चलेगी के नारे लगाए। पुलिस ने कहा कि इस घटना की योजना छह लोगों ने मिल कर बनाई थी और ये चारों लोग उसी समूह का हिस्सा हैं। अधिकारियों ने बताया कि घटना के संबंध में यूएपीए और भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### निलंबित होने के बाद भी रास में आए टीएमसी सांसद, सभापति ने दी चेतावनी

**नई दिल्ली।** तृणमूल कांग्रेस के सांसद डेरेक ओ ब्रायन को संसद के शीतकालीन सत्र से निलंबित कर दिया गया है। राज्यसभा के सभापति का कहना है कि डेरेक ने सदन की कार्यवाही में व्यवधान उत्पन्न किया है। हालांकि, निलंबन के बावजूद तृणमूल सांसद राज्यसभा में मौजूद रहे। इस बार सभापति ने उन्हें चेतावनी देते हुए सदन से चले जाने का निर्देश दिया। डेरेक को संसद सत्र से निलंबित करने के उपरांत राज्यसभा की कार्यवाही दोपहर 2 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। हालांकि, दोपहर 2 बजे जब राज्यसभा की कार्यवाही शुरू हुई तो डेरेक सदन में मौजूद थे। राज्यसभा में विपक्षी सांसद लगातार 'तानाशाही नहीं चलेगी' के नारे लगाते रहे। गौरतलब है कि राज्यसभा सांसद डेरेक ओ ब्रायन व कई अन्य विपक्षी सांसद, गुरुवार को संसद की सुरक्षा पर चर्चा की मांग कर रहे थे। संसद की सुरक्षा संबंधी मुद्दों पर चर्चा के लिए विपक्ष के 28 सदस्यों ने नोटिस दिए थे। लेकिन, सभापति ने नियमों का हवाला देते हुए इसकी इजाजत नहीं दी। इसके बाद विपक्ष के सांसद सभापति के आसन के ठीक सामने वेल में आ गए और नारेबाजी करने लगे। आसन के ठीक सामने नारेबाजी कर रहे तृणमूल कांग्रेस के सांसद डेरेक ओ ब्रॉयन को सभापति ने तुरंत सदन से निकल जाने का आदेश दिया। उन्हें सदन के मौजूदा शीतकालीन सत्र के लिए निलंबित कर दिया गया। सभापति ने नियम 256 के अंतर्गत डेरेक ओ ब्रॉयन पर कार्रवाई की है। डेरेक को शेष बचे शीतकालीन सत्र से बाहर कर दिया गया।



## एक नजर

### गद्दाम कुमार चुने गए तेलंगाना विधानसभा के अध्यक्ष

**हैदराबाद।** गद्दाम प्रसाद कुमार को गुरुवार को सर्वसम्मति से तीसरी तेलंगाना विधानसभा का अध्यक्ष चुना गया। प्रोटेम स्पीकर अकबरुद्दीन ओवैसी ने घोषणा की कि चूंकि प्रसाद कुमार अध्यक्ष पद के लिए नामांकन दाखिल करने वाले एकमात्र उम्मीदवार हैं, इसलिए उन्हें सर्वसम्मति से चुना गया। प्रसाद कुमार की ओर से कांग्रेस, बीआरएस, एआईएमआईएम और सीपीआई के सदस्यों द्वारा हस्ताक्षरित नामांकन के 23 सेट प्राप्त हुए। मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी, उपमुख्यमंत्री मल्लू भट्टी विक्रमार्क, विधायी मामलों के मंत्री डी. श्रीधर बाबू और सभी विधायक दलों के नेता उन्हें कुर्सी तक ले गए। 7 दिसंबर को सरकार बनाने वाली कांग्रेस पार्टी ने उसी दिन स्पीकर के रूप में प्रसाद कुमार के नाम की घोषणा की थी। दलित नेता कुमार का चयन उनके व्यापक अनुभव को ध्यान में रखते हुए किया गया है।

### अमेरिकी राष्ट्रपति के खिलाफ महाभियोग जांच को मंजूरी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी संसद ने बुधवार को राष्ट्रपति जो बाइडेन के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। प्रस्ताव के समर्थन में 221 और इसके खिलाफ 212 मत मिले। अमेरिकी राष्ट्रपति अपने बेटे हंटर बाइडेन के विवादास्पद अंतरराष्ट्रीय सौदों के बचाव को लेकर घिरे हैं। प्रस्ताव के जरिये राष्ट्रपति बाइडेन के खिलाफ महाभियोग जांच शुरू करने को मंजूरी दी गई। हालांकि राष्ट्रपति बाइडेन ने इसे राजनीतिक हथकंडा बताया है। यह पूरा मामला अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन के बेटे हंटर बाइडेन के व्यापारिक सौदों से जुड़ा हुआ है। रिपब्लिकन पार्टी के सदस्य हंटर बाइडेन के व्यापारिक सौदे की जांच कर रहे हैं। इस मामले में उन्हें पेश होने के लिए नोटिस जारी किया था। हंटर बाइडेन ने बंद कमरे की बजाय सार्वजनिक रूप से गवाही देने की बात कही। उन्होंने बंद कमरे में किसी भी तरह का ब्यौरा देने से मना कर दिया।

### वेनेजुएला में सड़क हादसों में 8 की मौत

**कराकस।** वेनेजुएला की राजधानी कराकस को तटीय शहर गुआरेगास से जोड़ने वाले राजमार्ग पर हुई कई सड़क दुर्घटनाओं में कम से कम आठ लोगों की मौत हो गई और 14 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने बुधवार को इसकी पुष्टि की। जोखिम प्रबंधन और नागरिक सुरक्षा के उप मंत्री कार्लोस पेरेज अम्पुएडा ने एक्स पर कहा, राजमार्ग पर 17 वाहनों की आपस में टक्कर हो गयी और उनमें आग लग गई। अधिकारी ने बताया कि यह घटना पिछली दुर्घटना के कारण वहां मौजूद वाहनों के साथ एक लॉरी की टक्कर के कारण हुई।

### यूएन जलवायु महासभा ने यूएई समानताएं संपन्न की

**बीजिंग।** पूर्व योजना से एक दिन बढ़ाने के बाद संयुक्त राष्ट्र जलवायु महासभा कॉप-28 बुधवार को संयुक्त अरब अमीरात में समाप्त हुई। इस महासभा ने वैश्विक स्टॉकटेक, जलवायु निधि, मिटिगेशन, अनुकूलन, नुकसान व बर्बादी समेत कई मुद्दों पर यूएई समानताएं संपन्न कीं। कॉप 28 अध्यक्ष सुल्तान जाबिर ने समापन समारोह पर भाषण देते हुए कहा कि संपन्न हुआ समझौता मजबूत, संतुलित और जलवायु कार्रवाई को गति देने वाली एक मुश्त योजना है। यही यूएई समानताएं हैं।

## 14 सांसदों के निलंबन से विपक्ष नाराज, सरकार को घेरने का प्रयास

**यदि संसद में घुसने वाले मुस्लिम होते : जदयू सांसद राजीव रंजन सिंह**

**पास उपलब्ध करवाने वाले भाजपा सांसद प्रताप सिम्हा के विरुद्ध कोई एक्शन क्यों नहीं?-कनीमोझी**

**ब्यूरो। नई दिल्ली**

बुधवार को संसद में हुई सुरक्षा में चूक की घटना को लेकर गुरुवार को लोकसभा व राज्यसभा में जमकर हंगामा हुआ। इस हंगामे के बीच दोनों सदनों से कुल 14 विपक्षी सांसदों को निलंबित कर दिया गया। विपक्षी सांसद, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से सुरक्षा में हुई चूक पर जवाब चाहते हैं। संसद से निलंबित किए गए सांसदों में डीएमके नेता कनीमोझी भी शामिल हैं। उन्होंने सरकार पर मैसूर के भाजपा सांसद प्रताप सिम्हा को छोड़ने और तृणमूल की महुआ मोइत्रा से इन्क्वायरी पूरी हुए बिना ही सदस्यता छीनने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि वहां एक सांसद है जो इन लोगों को अंदर आने के लिए पास उपलब्ध करवाता है। उस सांसद के खिलाफ कोई एक्शन नहीं लिया गया है जबकि हमने देखा कि महुआ मोइत्रा के केस में क्या हुआ। उन्होंने कहा कि विपक्ष चाहता है कि इस मसले पर पीएम नरेन्द्र मोदी व अमित शाह संसद में बोलें। क्या यह लोकतंत्र है? नीतीश कुमार की पार्टी के सांसद राजीव रंजन सिंह ने कहा कि सांसदों को निलंबित करके सरकार अपना फेलियर छिपाना चाहती है और विपक्ष को डराना चाहती है। उन्होंने कहा कि आपने उनके बर्ताव का तरीका देखा होगा। यदि कल संसद में एंट्री करने वाले दो शख्स मुस्लिम होते या किसी कांग्रेस सांसद ने पास जारी किया होता तो क्या सोचें क्या होता। राज्य सभा सांसद कपिल सिब्बल ने कहा कि सरकार अगर विपक्ष नहीं चाहती है तो उसे पूरे विपक्ष को सस्पेंड कर देना चाहिए। क्योंकि वो नहीं चाहते कि उनसे सवाल पूछे जाएं। हम कह रहे हैं कि गृह मंत्री आए और स्थिति पर जवाब दें।

**केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट को बताया**

### डिजिटल जब्ती और तलाशी में सभी केंद्रीय एजेंसियां सीबीआई मैनुअल का पालन करेंगी



**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ने गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट के समक्ष कहा कि इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की जब्ती पर दिशानिर्देशों को अंतिम रूप दिए जाने तक केंद्रीय एजेंसियां डिजिटल साक्ष्य पर सीबीआई मैनुअल का पालन करेंगी। अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस.वी. राजू ने न्यायमूर्ति संजय किशन कौल और न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया की पीठ से कहा कि डिजिटल उपकरणों की खोज और जब्ती के लिए व्यापक दिशानिर्देश अधिसूचित होने तक केंद्र सरकार की सभी एजेंसियां कम से कम 2020 सीबीआई मैनुअल का पालन करेंगी। पीठ कई याचिकाओं पर विचार कर रही थी, जिसमें फाउंडेशन फॉर मीडिया प्रोफेशनल्स द्वारा दायर एक जनहित याचिका (पीआईएल) भी शामिल थी, जिसमें पत्रकारों के इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की पुलिस द्वारा जब्ती पर दिशानिर्देश की मांग की गई थी। सुनवाई के दौरान केंद्र की ओर से पेश एएसजी राजू ने शीर्ष अदालत से सुनवाई स्थगित करने का अनुरोध करते हुए कहा कि दिशानिर्देश तैयार करने में समय लगेगा, क्योंकि इसमें फोरेंसिक प्रयोगशाला और अन्य विशेषज्ञों से परामर्श की जरूरत है। इस पर जस्टिस कौल ने उनसे पूछा कि नतीजा कब आएगा और क्या वह यह बयान देने को तैयार हैं कि इस बीच मौजूदा मैनुअल में से किसी का पालन किया जाएगा। एएसजी राजू ने जवाब दिया कि जांच एजेंसियां सीबीआई मैनुअल और सीआरपीसी (आपराधिक प्रक्रिया संहिता) का पालन करेंगी। मामले की आगे की सुनवाई 6 फरवरी को होगी।

**नेपाली कांग्रेस में टकराव बढ़ा**

## देउबा को संसदीय दल के नेता पद से हटाने की मुहिम तेज

**एजेंसी। काठमांडू**

नेपाल की प्रचंड सरकार की सबसे बड़ी सहयोगी नेपाली कांग्रेस में टकराव बढ़ता ही जा रहा है। नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष शेरबहादुर देउबा को पार्टी संसदीय दल के नेता पद से हटाने की मुहिम तेज हो गई है। इस मुहिम का नेतृत्व पार्टी महासचिव गगन थापा कर रहे हैं। गगन थापा ने पार्टी के विरोधी गुट की बैठक में संसदीय दल के नेता पद से शेरबहादुर देउबा को हटा कर वरिष्ठ नेता शेखर कोइराला को इस पद पर नियुक्त किए जाने का प्रस्ताव रखा है। थापा ने कहा कि देउबा को संसदीय दल के नेता पद से हटा कर सत्तारूढ़ सीपीएन (एमसी) के साथ गठबंधन को तोड़ना चाहिए। उन्होंने देउबा पर सत्ता के लिए कम्युनिस्ट दलों के साथ मिलकर पार्टी को कमजोर करने का आरोप लगाया है। थापा ने आरोप लगाया कि देउबा पूरी पार्टी के लिए काम करने के बजाए कुछ चुनिंदा लोगों के फायदे के लिए काम कर रहे हैं।

## इजरायल ने वेस्ट बैंक पर किया हमला, दो की मौत, 10 घायल



**गाजा।** इजरायल ने वेस्ट बैंक के जेनिन शहर पर ड्रोन हमले किए, जिसमें फिलिस्तीन के करीब दो लोगों की मौत हो गयी और 10 अन्य घायल हो गए। फिलिस्तीन न्यूज एजेंसी वफा ने गुरुवार को जारी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। एजेंसी ने बताया कि मारे गए लोगों में एक नाबालिग भी शामिल है, जबकि घायलों में से तीन लोगों को गंभीर चोटें आई हैं। इजरायली सेना जेनिन शरणार्थी शिविर में बड़े पैमाने पर ऑपरेशन कर रही है, जिसमें इजरायली बलों ने लगभग 400 इमारतों को स्कैन किया, सैकड़ों फिलिस्तीनियों को हिरासत में लिया, साथ ही हथियार और अन्य उपकरण भी जब्त किए।

**पहल** मुद्रा योजना के लाभार्थियों में भी 68 प्रतिशत लाभार्थी महिलाएं, बोले मांडविया

## महिलाओं की सुरक्षा व सम्मान देने पर तेजी से हुआ काम

### दस लाख तक बैंक ऋण ले रोजगार करने वालों में 80 प्रतिशत महिलाएं



**एजेंसी। नई दिल्ली**

केन्द्रीय मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने गुरुवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में नये भारत का निर्माण हो रहा है। इस नए भारत में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए, उन्हें सुरक्षित और समान अवसर देने की दिशा में तेजी से काम हुआ है। देश के विकास में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रधानमंत्री ने सात विषयों पर विशेष रूप से काम किया है। पहला उन्हें सुरक्षा दी गई, उन्हें सबल बनाने के साथ उनकी समृद्धि के लिए काम किया, आधी आबादी के अस्तित्व को स्वीकार करके उन्हें सुविधा उपलब्ध करना, महिलाओं की चिंता करने के साथ उन्हें निर्णायक भूमिका में लाने का काम किया गया है।

गुरुवार को केन्द्र सरकार की महिलाओं के लिए योजनाओं पर संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा कि केन्द्र सरकार ने लिंगानुपात को बनाए रखने के लिए बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान की शुरुआत की जिसके कारण आज लिंगानुपात में सुधार होकर प्रति 1000 पुरुषों के मुकाबले 934 महिला हो गई है। साल 2014 में यह आंकड़ा 918 था। इसके लिए महिलाओं की सुरक्षा के लिए 733 केन्द्रों से 181 हेल्पलाइन शुरू की गई है।

उन्होंने बताया कि महिला के सशक्तिकरण के लिए मिशन शक्ति चलाया गया। महिला सशक्त कैसे हो उसके लिए नारी अदालत की स्थापना की गई, मातृ वंदना योजना से सेहत पर ध्यान दिया गया। आज महिलाएं दस लाख तक बैंक से ऋण ले पा रही हैं और अपना काम शुरू कर रही हैं। सरकार की इस योजना के लाभार्थियों में 80 प्रतिशत महिलाएं हैं। मुद्रा योजना के लाभार्थियों में भी 68 प्रतिशत लाभार्थी महिलाएं हैं। मोदी जी की योजनाओं का लाभ उठा कर महिलाएं सशक्त हो रही है।

**फिल्म जगत**

### मनोज बाजपेयी, कोंकणा सेन शर्मा 'किलर सूप' में क्राइम के साथ कॉमेडी का तड़का



**मुंबई।** मनोज बाजपेयी आगामी स्ट्रीमिंग सीरीज 'किलर सूप' में नजर आएंगे। यह सीरीज एक होम शेफ की कहानी बताती है। सीरीज में कोंकणा सेन शर्मा, नासिर, सयाजी शिंदे मुख्य भूमिकाओं में हैं। 'किलर सूप' में क्राइम के साथ कॉमेडी का भी तड़का है। सीरीज का निर्देशन और सह-लेखन अभिषेक चौबे ने किया है। यह सीरीज एक महत्वाकांक्षी लेकिन होम शेफ की कहानी बताती है, जो अपने पति, प्रभाकर की जगह अपने प्रेमी, उमेश को लाने के लिए एक विचित्र योजना बनाती है। लेकिन जब एक स्थानीय इंस्पेक्टर और नौसिखिया खलनायक मामले में हलचल मचाते हैं, तो चीजें योजना के अनुसार नहीं होती हैं और अराजकता का माहौल पैदा हो जाता है। सीरीज के बारे में बात करते हुए अभिषेक चौबे ने कहा, "किलर सूप के साथ हम दर्शकों को हंसाना चाहते हैं और साथ ही एक क्राइम थ्रिलर देकर आश्चर्यचकित करना चाहते थे जो हास्य और विचित्रता का मिश्रण है। यह मनोज बाजपेयी, कोंकणा सेन शर्मा, नासिर, सयाजी, शिंदे और लाल सहित असाधारण कलाकारों के साथ पूरी तरह से शीर्ष पर भेजा गया एक पॉट-बॉयलर है। इस सीरीज के माध्यम से मैं नेटफ्लिक्स के साथ कुछ असाधारण पेश करना चाहता था और यह उनके साथ एक रचनात्मक रूप से संतुष्टिदायक अनुभव रहा है।" नेटफ्लिक्स इंडिया की सीरीज निदेशक तान्या बामी ने कहा, 2023 में हमारी सीरीज को जो प्यार और पहचान मिली है, वह जबरदस्त और उत्साहवर्धक है। 2024 में हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि दर्शकों को नेटफ्लिक्स पर उनकी सर्वश्रेष्ठ कहानियां मिलती रहें। अभिषेक चौबे का 'किलर सूप' हमारे लिए नए साल की शुरुआत करने का एक शानदार तरीका है।